# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, बुधवार, 26 मार्च, 2025 | वर्ष 16 | अंक 324 | पृष्ठ 12 | मूल्य 1.50 रु.



सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

# राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन

मुख्य अतिथि
**श्री भजनलाल शर्मा**
माननीय मुख्यमंत्री

दिनांक - **26 मार्च, 2025** | समय - **प्रातः 10:30 बजे**

स्थान - **स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर**

30 हजार किसानों को
137 करोड़ रुपए अनुदान की स्वीकृति

किसान उत्पादक संगठन
(एफपीओ) के मेले का शुभारम्भ

## योजनाओं के दिशा निर्देश

- पॉली हाउस, सौर पम्प, कृषि उपकरण, प्याज भण्डारण, मधुमक्खी पालन इत्यादि हेतु 12 योजनाएं
- बैल से खेती प्रोत्साहित करने हेतु योजना
- किसान सम्मान निधि की राशि में 1,000 रुपए की वृद्धि
- मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं की संख्या दोगुनी
- पशुधन स्वास्थ्य हेतु निःशुल्क औषधियों व टीकों की संख्या 138 से बढ़ाकर 200
- मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम

**सशक्त किसान - समृद्ध राजस्थान**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

महिला सम्मेलन के साथ धौलपुर में राजस्थान दिवस समारोह का आगाज

# 80 छात्राओं को स्कूटी और 34 गृहणियों को कुकटॉप की मिली सौगातें



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार किसान, युवा, महिला और गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च 2025) को भव्य रूप से मनाने के लिए राज्यभर में कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की गई है। 31 मार्च तक चलने वाले इस सप्ताहव्यापी महोत्सव की शुरुआत मंगलवार को महिला सम्मेलन के साथ हुई। इस अवसर पर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। धौलपुर में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन नगर परिषद के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने की। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक धीरेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, भाजपा नेता शिवचरण कुशवाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलेभर से बड़ी संख्या में आई महिलाओं ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

सम्मेलन के दौरान महिलाओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत 80 पात्र लाभार्थियों को जिला कलक्टर एवं अतिथियों ने चाबी सौंपकर स्कूटी वितरित की। इससे पूर्व 34 गृहणियों को इंडक्शन कुकटॉप का वितरण किया गया। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थियों को पहली किश्त का वितरण किया गया। राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन से धौलपुर का यह कार्यक्रम वर्चुअली जुड़ा रहा, जहां महिलाओं को कई योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिला समूहों को लगभग 100 करोड़ रुपये की सी.आई.एफ. राशि हस्तांतरित की गई। गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन और मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के अंतर्गत बालिकाओं को डीबीटी की गई। विवेकानंद स्कॉलरशिप योजना के तहत लाभान्वित छात्राओं को स्वीकृति पत्र दिए गए। महिला सम्मेलन के दौरान सरकार द्वारा अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध की मात्रा 15 ग्राम से बढ़ाकर 25 ग्राम करने के निर्देश पत्र जारी गए। सोलर दीदी योजना के दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। इसके साथ ही प्रथम चरण में 1000 ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक योजना लागू करने की घोषणा की गई।

# मिर्गी बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पर्पल-डे मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** 21वीं सदी में होने के बावजूद राजस्थान में सबसे आम न्यूरोलॉजिकल बीमारी मिर्गी के 41 प्रतिशत मरीजों को डिप्रेशन से ग्रस्त हैं। इसका सबसे बड़ा कारण दौरे आने पर होने वाली सामाजिक उपेक्षा है। डिप्रेशन के कारण मरीजों को सही इलाज लेने में भी मुश्किल होती है और उनके जीवन की गुणवत्ता भी बहुत कम हो जाती है। भारत में मिर्गी के 1.20 करोड़ मरीज हैं। मिर्गी के मरीजों में डिप्रेशन सबसे आम इंडियन एपिलेप्सी एसोसिएशन के जयपुर चौप्टर के अध्यक्ष और सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राजेंद्र सुरेका ने बताया कि राजस्थान में हुई एक रिसर्च में सामने आया है कि मिर्गी के मरीजों में डिप्रेशन की शिकायत सबसे आम है। इसका सबसे बड़ा कारण समाज में उन्हें लेकर भ्रांतियां हैं। मरीज को आम इंसान जैसा महसूस नहीं कराया जाता है जिससे वह अपने भविष्य को लेकर बहुत चिंतित हो जाते हैं और डिप्रेशन में चले जाते हैं। इससे उनकी क्वालिटी ऑफ लाइफ में भी काफी गिरावट हो जाती है। इस रिसर्च में 352 मरीजों ने भाग लिया था जिसमें ये परिणाम सामने आए। 28 प्रतिशत मरीज अब भी इलाज के लिए करा रहे झाड़ फूंक अब मिर्गी के झाड़फूंक से ठीक होने की भ्रांति तेजी से बदलाव आ रहा है। 10 साल पहले तक जहां 78 प्रतिशत मरीज मिर्गी के इलाज के लिए डॉक्टर्स के पास न जाकर झाड़ फूंक के लिए जाते थे अब भी 28 प्रतिशत मरीज मिर्गी के इलाज के लिए झाड़ फूंक करा रहे हैं। सही उपचार न लेने के कारण उनकी मिर्गी काफी गंभीर हो जाती थी। 57 प्रतिशत मरीज मानने लगे, मिर्गी बुरी आत्मा की नहीं दिमाग की बीमारी शोध में यह भी सामने आया है कि मिर्गी के वे मरीज जो इसे बुरी आत्मा की बीमारी न मान कर दिमागी बीमारी मानते हैं, उनकी संख्या बढ़ी है। चार सालों में ऐसे मरीज 23 से 57 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। 10 प्रतिशत से भी कम लोग अपनी इस बीमारी को नजरअंदाज कर रहे है। जानिए मिर्गी से जुड़े कुछ सामान्य मिथक और उनके तथ्य मिथक 1. मिर्गी का दौरा पड़ने पर मरीज के मुंह में चम्मच या धातु की वस्तु डालना जरूरी है। सत्यरू ऐसा करना बिल्कुल गलत है। इससे रोगी को सांस लेने में दिक्कत हो सकती है और दांत या जबड़ा भी टूट सकता है। दौरे के समय रोगी को सिर्फ एक तरफ करवट देकर सुरक्षित स्थान पर लेटना चाहिए और सिर के नीचे कोई मुलायम वस्तु रखनी चाहिए। मिथक 2.मिर्गी किसी भूत-प्रेत या टोने-टोटके का असर है। सत्यरू मिर्गी का संबंध मस्तिष्क में असामान्य विद्युत गतिविधि से होता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सेना भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक लिए जाएंगे आवेदन

एक अभ्यर्थी दो अलग-अलग वर्ग में भर सकता है फॉर्म

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** अग्निवीर सेना भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक अभ्यर्थी आर्मी पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। सेना भर्ती अधिकारी ने बताया कि 1 अक्टूबर, 2004 से 1 अप्रेल, 2008 तक की जन्मतिथि वाले इच्छुक उम्मीदवार चयन प्रक्रिया के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए उम्मीदवार की ई-मेल आईडी और आधार से लिंक मोबाइल नम्बर होना अनिवार्य है। भर्ती में खिलाड़ियों, एनसीसी प्रमाण पत्र धारकों, आईटी योग्यताधारी और डिप्लोमा धारकों के लिए बोनस अंक का भी प्रावधान है। इस वर्ष उम्मीदवार अपनी पात्रता के आधार पर किसी भी दो श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। दो विकल्प चाहने वाले उम्मीदवारों को दो श्रेणियों के फॉर्म अलग-अलग भरने होंगे। अपनी पसंद की श्रेणियों से संबंधित दो सामान्य प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होना होगा तथा श्रेणियों की प्राथमिकता उम्मीदवार द्वारा आवेदन के दौरान ही भरी जाएगी। भर्ती पद्धति के तहत प्रथम चरण में नामांकित केंद्रों पर सभी उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा के साथ क्लर्क व एसकेटी पदों के लिए टाइपिंग टेस्ट होगा। द्वितीय चरण में भर्ती रैलियों के दौरान सामान्य प्रवेश परीक्षा योग्य उम्मीदवारों के लिए शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा तृतीय चरण में अनुकूलनशीलता और चिकित्सा परीक्षण होगा। भर्ती संबंधित अधिक जानकारी हेतु www.joinindianarmy.nic.in एवं 0144-2702169 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### एफसीआई द्वारा सभी सरकारी खरीद केन्द्र संचालित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** एफसीआई के मण्डल प्रबन्धन रवींद्र जादम ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम द्वारा किसी भी सरकारी केन्द्र को खत्म नहीं किया गया है एवं पूर्व की भांति निगम द्वारा अलवर, खैरथल-तिजारा, भरतपुर, डीग, धौलपुर एवं करौली जिले में एफसीआई के द्वारा कुल 33 केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। 22 मार्च को एक अखबार में छपी खबर के संबंध में एफसीआई द्वारा किसी भी आढतिया से पृथक एग्रीमेंट नहीं किया जाता है और ना ही कोई लक्ष्य दिया जाता है। एफसीआई भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशानुसार ही खरीद करती है। किसानों को एमएसपी का अधिकाधिक लाभ देने के लिए सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही आढ़तियों की सहायता से खरीद की जाती है। इस संबंध में पूर्व में एक समाचार पत्र में छपी खबर पूर्णतः निराधार है।

### जिला कारागृह में हनुमान चालीस का पाठ का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला कारागृह में मंगलवार को अमृतवाणी कार्यक्रम का शुभारम्भ राम भक्त संकटमोचक बालाजी के चित्र के समक्ष दीप एवं अगरबती प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात् समवेत स्वर में हनुमान चालीस का पाठ किया गया जिसमें जेल के कार्मिकों एवं बन्दियों ने श्रद्धा एवं आस्था पूर्वक भाग दिया। उसके बाद मत सोच मुसाफिर रे राम करे सो होय, क्या लेके आया बन्दा क्या लेके जायेगा, दो दिन की जिन्दगी है दो दिन का मेला आदि चेतावनी भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को सरस और आनन्ददायक बना दिया। इस अवसर पर तालछापर के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित व भामाशाह प्रेरक समाज सेवी चौनरूप दायमा ने हनुमान चालीसा पाठ के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रतिदिन नियमित रूप से सुबह-षाम हनुमान चालीसा का पाठ करने की बन्दियों को सलाह दी। उन्होंने बताया कि हनुमान चालीसा का पाठ करने से व्यक्ति का आत्मविष्वास मजबूत होता है, स्मरण शक्ति बढ़ती है और नकारात्मक ऊर्जा की समाप्ति होती है। उन्होंने मधुरवाणी में पिंजड़े का पंछी रे तेरा दर्द न जाने कोय गीत की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। पूर्व जिशिअ व पुरस्कृत शिक्षक फोरम के जिला अध्यक्ष सूर्य प्रकाष त्रिवेदी ने निरक्षर बन्दियों को नव साक्षर भारत अभियान से जुड़ने की सलाह दी। कारागृह के नवाचार प्रेरक ओमप्रकाष तंवर ने फुरसत में पुस्तकें पढ़ने और नोटबुक में राम-राम लिखने की बन्दियों को सलाह दी। कारागृह उपाधीक्षक नरेन्द्र कुमार स्वामी ने बन्दियों और जेल कार्मिकों को बालाजी की सवामणी का प्रसाद वितरित करने के लिए तालछापर के हनुमान भक्त भामाशाह नरेन्द्रकुमार नाहटा के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने अमृतवाणी कार्यक्रम का समय-समय पर आयोजन करते रहने की इच्छा व्यक्त की ताकि बन्दियों को मानसिक खुराक मिलती रहे। इस अवसर पर तालछापर की सन्तोषदेवी दायमा, सुरेन्द्रकुमार फूलभाटी, कमलकुमार रक्षक तथा जेलर दलीपकुमार सुथार, मुख्य प्रहरी मोहरसिंह, महेन्द्रसिंह, प्रहरी नरेषकुमार कस्वां, प्रदीपकुमार, सांवरमल, हजारीलाल, धर्मपाल, सरोजकुमारी, सरोज सैनी आदि उपस्थित थे।

### प्राचीन हनुमान मंदिर का 86वां वार्षिकोत्सव पर संगीतमय नानी बाई के मायरा का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** स्थानीय प्रतिभा नगर में प्राचीन हनुमान मंदिर का 86 वां वार्षिक उत्सव मनाया जावेगा मंदिर के पुजारी गोपाल पीपलवा ने बताया कि 27 मार्च से 30 मार्च तक मंदिर प्रांगण में धार्मिक आयोजन होंगे 27 मार्च को धोपहर 2:15 बजे मंदिर में संगीतमय नानी बाई के मायरा का वाचन वंदना शर्मा की मधुर वाणी से श्रद्धालु भक्तों को पाठ रसपान करवाएगी पीपलवा ने बताया कि 27 मार्च को सायं 7:15 बजे संगीत मय सुंदरकांड का पाठ होगा। 28 मार्च को सायं 7:15 बजे मनका रामायण का पाठ होगा दिनांक 30 मार्च को सुबह 10:15 बजे मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक होगा। 30 मार्च को रात्रि को 9:15 बजे विशाल भजन संध्या में भजन गायकर मेहुल शर्मा, आशीष शर्मा आशु ,राघव चौधरी, नारायण गॉड वह राकेश दाधीच के द्वारा भजनों की अमृत वर्षा होगी।

### एकता मंच एवं जन कल्याण ट्रस्ट ने ज्ञापन सौंपा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** सामाजिक संगठन चूरू एकता मंच एवं जन कल्याण ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर दीपक चौधरी को ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा की अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्था लगातार हाशिए पर जा रही है, जिसमें सुधार की बहुत आवश्यकता है। एकता मंच के जिलाध्यक्ष सलीम खान ने बताया कि मातृ एवं शिशु इकाई में जहां प्रसव कार्य होते हैं वहां 1 साल पहले गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी होती थी लेकिन पिछले 1 वर्ष से इस व्यवस्था के बंद होने के कारण गर्भवती महिलाएं पुरानी बिल्डिंग में जाकर भीड़भाड़ वाले इलाके में लंबा इंतजार करने के बाद सोनोग्राफी का नंबर आता है जिसके कारण उनको अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा अस्पताल में एक ही रेडियोलॉजिस्ट होने के कारण समय पर सोनोग्राफी कार्य नहीं हो पा रहा है जिसको लेकर अस्पताल अधीक्षक को बार-बार सूचित किया जा चुका है लेकिन अभी तक इसमें कोई सुधार नहीं हुआ है और ना ही अस्पताल में सोनोग्राफी करने के लिए रेडियोलॉजिस्ट के पद बढ़ाए गए हैं। मंच के उपाध्यक्ष कपिल चंदेल ने बताया कि अगर समय रहते इस व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो एकता मंच द्वारा जल्द ही अस्पताल प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# योजनांतर्गत अंतरराज्यीय भ्रमण का स्वागत



**चूरू।** ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत अंतरराज्यीय भ्रमण करने हेतु गंगानगर जिले की 25 सरपंच एवं पंच की टीम ने गोपालपुरा पंचायत का भ्रमण किया। मनोज कुमार ंकव तथा पंकज कुमार ंव के नेतृत्व में आई सरपंचों की टीम ने सर्वप्रथम डूंगर बालाजी के दर्शन किए, सरपंच सविता राठी के सान्निध्य में लव कुश वाटिका, पंचायत भवन, बेगराज राठी उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नया भवन, बरसती नदी पर बने डेम तथा हरीतिमा ढाणी का अवलोकन किया ओम प्रकाश डाबला सरपंच जालोकी ने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, स्वच्छता, पर्यावरण, जल स्वावलंबन तथा रोजगार सभी क्षेत्रों में बहुत ही सर्वोच्च तरीके से गोपालपुरा पंचायत कार्य कर रही है, सरपंच महेंद्र पाल ने कहा कि हमें भी मनरेगा के तहत सुचारू रूप से कार्य करने की यहां से प्रेरणा मिली है। सरपंच गुरमीत झुन्नू ने कहा कि पंचायत अपने अधिकारों के साथ काम कर सकती है, यह हमने जाना है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण, दिए निर्देश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव सचिव द्वारा मंगलवार को हाऊसिंग बोर्ड में स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया एवं वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का जायजा लिया। वृद्धजनों को प्राथमिक उपचार किट एवं मैनू अनुसार समय पर भोजन एवं सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठ नागरिकों के लिए नालसा योजना 2016 वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक विधिक अधिकारों के बारे में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान की जाने वाली मूलभूत सुविधाओं साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन, आवास, चिकित्सीय सुविधाओं इत्यादि का जायजा लिया गया तथा इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम के कमरों, रसोई घर, शौचालय, स्नान गृह इत्यादि का भी अवलोकन किया एवं उपस्थित स्टाफ को वृद्धजनों को गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये एवं वृद्धजनों को समय समय पर मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

# महिलाओं ने गाए गणगौर के भजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** विप्र नारी संघ की ओर से पूनम मिश्रा के नेतृत्व में गणगौर का बनौरा धूमधाम से निकाला गया। इस अवसर पर विप्र नारी संघ की अध्यक्ष नंदा शर्मा ने बताया कि गणगौर का बनौरे में महिलाओं ने गणगौर व ईसर के भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम में नव विवाहिताओं और बालिकाओं ने रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सचिव रेखा शर्मा, निहारिका, पूनम, सुचिता, पूनम, मोनिका, सुमन, नीति, गायत्री, नेहा, रूपा, जया, दुर्गा, सुनीत, संतोष, सरिता, माया व जयश्री आदि शामिल रहे।

# डॉ.सैनी को मिला बेटी सृष्टि रत्न अवॉर्ड



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिले की सरदारशहर तहसील की प्रमुख समाज सेवी डॉ. मोनिका सैनी जिन्होनें पर्यावरण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी इस उपलब्धि पर बेटी सृष्टि रत्न अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। सीकर के रॉयल इन होटल में आयोजित कार्यक्रम में संयोजक आनन्द सिंह भवानीपुरा के द्वारा सुमन शर्मा (पूर्व अध्यक्ष राज्य महिला आयोग राजस्थान) की अध्यक्षता एवं गोवर्धन वर्मा (विधायक धोद) के मुख्य आतिथ्य व महंत महावीर जती महाराज (पीठाधीश्वर शिवमठ धाम गाड़ोदा) के सानिध्य में तथा अति विशिष्ट अतिथि मधु कुमावत (पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा राजस्थान), डॉ किरण देवल (अध्यक्ष किरण क्रांति फाउंडेशन) ईश्वर सिंह राठौड़ (अतिरिक्त जिला कलेक्टर) व माधो सिंह चारण (अध्यक्ष शेखावाटी चारण महासभा, सीकर) ने डॉ.सैनी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलन से हुआ, तत्पश्चात डॉ सम्पत्ति मिश्रा (समाजसेविका शिक्षाविद) ने आए हुए अतिथियों व उपस्थित मातृशक्ति, आयोजन समिति व गणमान्य प्रबुद्धजनों का स्वागत किया तथा मातृशक्ति का आह्वान किया कि वो बेटियों को शिक्षित व सशक्त तथा बेटों को संस्कारित बनाए। बेटी सृष्टि रत्न अवॉर्ड 2025 कार्यक्रम में समाजसेवा, राजनीति, चिकित्सा, कृषि, पर्यावरण, कला पत्रकारिता, व्यवसाय, खेल, के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 61 मातृशक्ति को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गजेन्द्र सिंह चारण, ओमप्रकाश बिजारणियां भाजपा नेता, शिवराज फौजी, सज्जन खडोलिया, अशोक दैया, गुलाब देया, भजनलाल टेलर, रामनिवास स्वामी, विजयपाल चिरानिया, विनोद सामोता सहित शहर के गणमान्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया

## जिला कारागृह में स्थित रसोई घर में रोटी बनाने की नई मशीनों का लिया जायजा



**धौलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अध्यक्ष सतीश चंद द्वारा मंगलवार को जिला कारागृह एवं प्रिजिन लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल लीगल एड क्लीनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लीगल एड क्लीनिक द्वारा संधारित रजिस्टरों का भी अवलोकन किया। लीगल एड क्लीनिक में स्थित शिकायत पेटिका की भी जांच की गई, जिसमें कोई शिकायत नहीं पाई गई एवं रजिस्टरों में नियमानुसार इन्द्राज करने के भी निर्देश एंव निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, सफाई, स्वास्थ्य, स्वच्छता, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरुद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। कारागृह में महिला बंदियों से भी जानकारी ली एवं उनके बच्चों को खिलौने उपलब्ध कराने को भी निर्देशित किया। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा रसोईघर में रोटी बनाने की नई मशीनों का जायजा लिया। कारागृह में स्थित अस्पताल में पहुंचकर दवाईयों के स्टॉक का अवलोकन किया एवं अस्पताल में एस्पाइयरी दवाओं को हटाने के साथ-साथ नई दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# शहर में अव्यवस्थाओं को लेकर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** शहर में हो रही गंदगी, साफ सफाई करवाने व बिजली की व्यवस्था को लेकर शहरवासियों ने अंजनी शर्मा के नेतृत्व में नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। अंजनी शर्मा ने बताया कि पूरे शहर में गंदगी कचरे से भरा पड़ा है। नगर परिषद की ओर से पूरे शहर को गंदगी व कचरे का ढेर बनाकर रख दिया। नाले कचरे व मिट्टी से भरे पड़े है। और ना तो शहर के वार्डों में सफाईकर्मी नहीं आते है। और ना ही घर घर कचरा संग्रहण वाले नहीं आते है। शर्मा ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था सही करें। शहर की लाईटें सही करवाए। शहर में खुले पड़े चौम्बर को सही करें। शहर की मुख्य सड़को पर पड़ रहे गडढों का भरवाए। नालों की सफाई करवाई जाए। इस अवसर पर विमल कौशिक, गुलजार, सलीम, आदिल, नसीम, संदीप, सोयब, इमरान, सुनील, मो. आरिफ, जुनैद खान व आसिफ खान आदि मौजूद रहे।

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, बुधवार, 26 मार्च, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 324 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.




केकेआर-आरआर को वापिसी की उम्मीद

पेज: 10

## न्यूज ब्रीफ

### 32 लाख लोगों को मिलेगी सौगात-ए-मोदी किट

**नई दिल्ली।** भाजपा ने गरीब अल्पसंख्यक परिवारों तक सौगात-ए-मोदी के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेम-संदेश पहुंचाने का नया अभियान शुरू किया है। बीजेपी का दावा है कि त्योहारों पर 32 लाख अल्पसंख्यक परिवारों सौगात-ए-मोदी किट पहुंचाई जाएगी। इस किट में खाने-पीने की चीजों के साथ-साथ कपड़े इत्यादि जैसे सामान होंगे। इसके लिए ईद, बैसाखी, गुड फ्राइडे और ईस्टर पर्व पर गरीब अल्पसंख्यक परिवारों तक सौगात-ए-मोदी के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेम-संदेश भाजपा की ओर से पहुंचाया जा रहा है।

### बिहार बोर्ड: लड़कियों ने मारी बाजी

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कक्षा 12वीं के नतीजे जारी कर दिए हैं। एक बार फिर लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन कर बाजी मार ली है। टॉपर लिस्ट में लड़कियों का दबदबा रहा है, जिससे यह साबित हो गया कि वे शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं। प्रिया जायसवाल ने राज्य में पहला स्थान पाया है।

### दोहरी नागरिकता पर जानकारी तलब

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता के मुद्दे पर जानकारी पेश करने केंद्रीय गृह मंत्रालय को चार हफ्ते का समय दिया है। आरोप है कि राहुल गांधी के पास ब्रिटेन की नागरिकता है। इसी मुद्दे पर एक जनहित याचिका दायर की गई है। मामले में हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 21 अप्रेल को होगी।

### बांग्लादेश आर्मी ने देश में तख्तापलट की अफवाहों को खारिज किया

**ढाका।** बांग्लादेश सेना ने देश में तख्तापलट की खबरों को अफवाह बताते हुए खारिज कर दिया है। मंगलवार को सेना ने एक बयान जारी कर कहा है कि आर्मी ने रूटीन बैठक की थी। इसे कुछ मीडिया संस्थानों ने ऐसे पेश किया कि सेना तख्तापलट करने जा रही है।

## राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला

### बाड़मेर में महिला सम्मेलन

**विकसित राजस्थान के संकल्प की सिद्धि में नारीशक्ति की अहम भूमिका**

**नारी का सम्मान समाज और देश-प्रदेश के विकास की पहली सीढ़ी**

# सीएम शर्मा बोले, राज्य सरकार के लिए महिला सशक्तीकरण सर्वोच्च प्राथमिकता









जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे देश और प्रदेश का इतिहास वीरता और त्याग से भरा हुआ है। कालीबाई भील, रानी पद्मिनी, मीराबाई, पन्नाधाय और अमृता देवी जैसी महान महिलाओं ने अपनी शक्ति, सामर्थ्य और दृढ़ संकल्प का परिचय देकर अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

उन्होंने कहा कि परिवार की नींव को मजबूत करने वाली महिलाएं हमारे समाज की धुरी हैं। हमारी डबल इंजन की सरकार महिलाओं के उत्थान एवं कल्याण के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है और आधी आबादी को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रही है।

शर्मा मंगलवार को बाड़मेर के आदर्श स्टेडियम में राजस्थान दिवस समारोह के तहत आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गौरवशाली सनातन संस्कृति को सम्मान देते हुए इस बार राजस्थान दिवस अंग्रेजी कलैण्डरके स्थान पर भारतीय पंचाग की तिथि नव संवत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (30 मार्च) को मनाया जा रहा है। इसी दिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों को मिलाते हुए राजस्थान की स्थापना की थी। इस वर्ष भी रेवती नक्षत्र इंद्रयोग का संयोग बन रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी को नारायणी का दर्जा प्राप्त है। ▸▸ शेष पृष्ठ 7 पर

### 1 करोड़ 10 लाख परिवारों को 200 करोड़ की राशि का हस्तांतरण

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों को रोकने के लिए हमने सरकार बनते ही सबसे पहले एंटी रोमियो स्क्वॉयड का गठन किया। साथ ही, बालिकाओं को शिक्षा एवं संबल उपलब्ध कराने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना लागू की। अब इसके तहतगरीब परिवार की बालिकाओंके जन्म परएक लाख के स्थान पर डेढ़ लाख रुपये का सेविंग बॉण्ड मिलेगा। आज कार्यक्रम में 30 हजार लाभार्थियों को 7.50 करोड़ रूपये की सहायता प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जरूरतमंद महिलाओं को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा रही है। आज हमने 1 करोड़ 10 लाख परिवारों को 200 करोड़ की राशि का हस्तांतरण किया है।

# एक देश एक चुनाव बिल पर जेपीसी की बैठक

### पूर्व सीजेआई शामिल, मॉनसून सत्र तक बढ़ी रिपोर्ट जमा करने की समय सीमा



**नई दिल्ली।** एक देश एक चुनाव बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक मंगलवार को दिल्ली में हुई। इस बैठक में भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि और दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व सीजेआई जस्टिस डी.एन. पटेल ने भी हिस्सा लिया। वहीं जेपीसी को रिपोर्ट सौंपने के लिए समय भी बढ़ा दिया गया है। मंगलवार को लोकसभा में ध्वनिमत से प्रस्ताव को मॉनसून सत्र तक बढ़ाने को मंजूरी मिली।

पी.पी. चौधरी ने रिपोर्ट जमा करने की समय सीमा बढ़ाने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि सदस्यों को सभी संबंधित पक्षों से सलाह-मशविरा करने के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, सभी

सदस्यों का मानना था कि सभी हितधारकों को प्रभावी ढंग से पर्याप्त अवसर दिया जाना चाहिए और सभी को सुनने के बाद, हमें बहुत पारदर्शी तरीके से रिपोर्ट प्रस्तुत करनी चाहिए, इसलिए समय मांगा जाना चाहिए और संसद ने समय बढ़ा दिया। देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले दो विधेयकों पर विचार करने के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति के अपना प्रतिवदेन सौंपने के लिए कार्यकाल मंगलवार को इस साल मॉनसून सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक के लिए बढ़ा दिया गया।

इस संयुक्त समिति के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद पीपी चौधरी ने समिति का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव लोकसभा में रखा, जिसे सदन ने ध्वनमति से मंजूरी दी।

### लोस. से फाइनेंस बिल पास

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दौरान मंगलवार को लोकसभा से फाइनेंस बिल 35 संशोधनों के साथ पास हो गया। बिल पर 24 मार्च को बहस शुरू हुई थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने लोगों की आशाओं और 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य के लिए काम करने की कोशिश की है। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया। सांसद केंद्र पर पश्चिम बंगाल को मनरेगा के लिए मिलने वाला फंड रोकने का आरोप लगा रहे थे। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कृषि मंत्री शिवराज चौहान को दलाल कहा। बनर्जी ने कहा शिवराज बंगालियों के खिलाफ हैं। वे गरीबों के लिए कुछ नहीं कर रहे। शिवराज अमीरों के दलाल हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश के गरीबों के लिए काम नहीं किया इसलिए सीएम पद से हटा दिए गए। कांग्रेस ने लोकसभा में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया।

# जस्टिस वर्मा के घर 45 मिनट रुकी जांच टीम



**उस स्टोर रूम में भी गई जहां नोटों से भरी बोरियां रखी थी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली के 30, तुगलक क्रिसेंट स्थित आवास पर मंगलवार दोपहर सीजेआई की गठित 3 सदस्यीय टीम (इन हाउस पैनल) जांच के लिए पहुंची। टीम उस स्टोर रूम में गई जहां 500-500 के नोटों से भरीं अधजली बोरियां मिली थीं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम जस्टिस वर्मा के घर 45 मिनट रुकी। जांच टीम में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जी एस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट के जस्टिस अनु शिवरामन शामिल हैं। इससे पहले 24 मार्च को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा को उनके पैरेंट कोर्ट (इलाहाबाद हाईकोर्ट) वापस ट्रांसफर करने की सिफारिश का प्रस्ताव जारी किया था।

कॉलेजियम के प्रस्ताव में कहा गया कि 20 और 24 मार्च 2025 को हुई बैठकों में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेजने की सिफारिश की है। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के इस फैसले पर आपत्ति जताई। बार आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

## कारों के साथ अन्य वाहनों की भी बढ़ेगी सुरक्षा

# कमर्शियल वाहनों के लिए सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन

**नई दिल्ली।** भारत में हर साल लाखों की संख्या में सड़क हादसे होते हैं। जिसमें कई लोगों की मौत हो जाती है और कई घायल हो जाते हैं। हादसों की संख्या कम करने के लिए सरकार लगातार सुधार करने के लिए नियम तय कर रही है। अब निजी वाहनों के अलावा कमर्शियल वाहनों को भी ज्यादा सुरक्षित बनाया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से किस तरह के नोटिफिकेशन को सुरक्षा बढ़ाने के लिए जारी किया गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से एक नोटिफिकेशन जारी किया गया है। जिसमें कमर्शियल वाहनों को सेफ्टी से जुड़े कुछ सुधारों को करना होगा और नए सेफ्टी फीचर्स को देना होगा। नोटिफिकेशन के मुताबिक इन सेफ्टी फीचर्स को एक अप्रैल 2026 से लागू कर दिया जाएगा।



### अनिवार्य होगा ईबीएस टेस्ट

नोटिफिकेशन के मुताबिक एक अप्रैल 2026 से एंडयूरेंस ब्रेकिंग सिस्टम टेस्ट को अनिवार्य किया जाएगा। इनके अलावा जोखिम भरा सामान और तरल पेट्रोलियम गैसएम3 और एन3 ले जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रेलर संयोजन के अलावा एन 2 कैटेगरी के वाहन, नए मॉडलों के मामले में 1 अप्रैल, 2026 को और उसके बाद बनाए गए और सभी मॉडलों के मामले में 1 अक्टूबर, 2026 से एबीएस सिस्टम को भी दिया जाएगा।

### एबीएस को जरूरी किया जाएगा

जानकारी के मुताबिक नोटिफिकेशन में बताया गया है कि एनवी कैटेगरी के वाहनों एक अप्रैल 2026 से एबीएस को जरूरी किया जाएगा और एक अक्टूबर 2026 से सभी नए और मौजूदा वाहनों में इस सेफ्टी फीचर को दिया जाएगा।

### ये सेफ्टी फीचर्स भी होंगे अनिवार्य

नोटिफिकेशन में जानकारी दी गई है कि एक अप्रैल 2026 से एम2 एम3, एन2, एन3 कैटेगरी के वाहनों में और एक अक्टूबर 2026 से हर नए और मौजूदा मॉडल में इन फीचर्स को देना अनिवार्य किया जाएगा। इसके साथ ही लेन डिपार्चर सिस्टम को भी जोड़ा जाएगा। बड़े वाहनों में ड्राइवर ड्रोजिनेस और अटेंशन वॉर्निंग सिस्टम दिया जाएगा।

### डाइमेंशन में शामिल नहीं होंगे

जारी हुए नोटिफिकेशन के मुताबिक रियर व्यू सिस्टम, ब्लाइंड स्पॉट सिस्टम, गार्ड रेल और रब स्ट्रिप को गाड़ी की डाइमेंशन में शामिल नहीं किया जाएगा।

## बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री बोले...

# एक साथ चुनाव होने पर एक बार चंदा देना पड़ेगा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** वन नेशन-वन इलेक्शन अभियान के तहत जयपुर आए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा, देश में एक साथ चुनाव होने से राजनीति में युवाओं को ज्यादा मौके मिलेंगे। अभी कोई लोकसभा चुनाव में जीत जाता है तो अपने बेटे को विधानसभा चुनाव लड़ा देता है। अगर खुद लोकसभा चुनाव हार गया तो फिर से विधानसभा चुनाव लड़ लेता है। एक फायदा व्यापारी वर्ग को भी होगा। उन्हें पांच साल में एक बार ही चंदा देना पड़ेगा। सुनील बंसल मंगलवार को पंचायतीराज संस्थान में एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को लेकर युवा, छात्र और नव मतदाता संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, अगर एक बार चुनाव होगा तो कम से कम इन बातों से तो मुक्ति मिलेगी और नए लोगों को अवसर ज्यादा मिलेंगे।



सुनील बंसल ने कहा कि व्यवस्था में बदलाव का विरोध हमेशा होता है। विरोध करने वाले लोग वही होते हैं, जिन्हें उस व्यवस्था से लाभ हो रहा होता है। कांग्रेस एक परिवारवादी पार्टी है। इन्हें लगता है कि इनके सारे नेता तो इसी तरह के है। इसलिए यह इनके लिए सबसे बड़ा खतरा होगा।

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा वन नेशन-वन इलेक्शन लागू होने के बाद एक फायदा व्यापारी वर्ग को भी होगा। उन्हें पांच साल में एक बार ही चंदा देना पड़ेगा। अभी उन्हें पांच साल में पांच बार चंदा देना पड़ता है। हर चुनाव में सहयोग करना पड़ता है। उनके पास चुनाव लड़ने वाले भी जाते हैं, लोग भी जाते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन के बाद हर बार चंदा देने का झंझट भी खत्म हो जाएगा।

सुनील बंसल ने कहा कि आज देश चुनावी मोड में रहता है। इससे सरकारों की विकास की गति धीमी पड़ जाती है। वहीं बार-बार चुनाव होने पर देश पर आर्थिक भार भी अधिक पड़ रहा है।

# दो दिवसीय राजस्थान आईटी दिवस 2025 का आयोजन 27-28 मार्च को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से राजस्थान आईटी दिवस 2025 का आयोजन 27-28 मार्च को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में किया जाएगा। यह दो दिवसीय आयोजन राज्य में नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत मंच प्रदान करेगा।

**सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित होगा समारोह**

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, स्टार्टअप्स, निवेशकों, कॉर्पोरेट्स, भागीदारों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी प्रतिनिधियों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना है। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित



होने वाले इस आयोजन में 4 हजार से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें गणमान्य अतिथियों के साथ ही उद्योग संगठन, स्टार्टअप सीईओ और संस्थापक, मशहूर हस्तियां और देशभर से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के प्रतिभागी शामिल होंगे।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की शासन सचिव एवं आयुक्त अर्चना सिंह ने बताया कि राजस्थान आईटी दिवस 2025 राज्य के डिजिटल परिवर्तन और तकनीकी विकास की यात्रा में महत्वपूर्ण कदम होगा। यह आयोजन राजस्थान को डिजिटल उद्यमिता और तकनीकी प्रगति के केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। यह न केवल प्रौद्योगिकी विकास को गति देगा, बल्कि युवाओं को नवाचार के लिए भी प्रेरित करेगा।

### पिच बैटल और गेम जैम होंगे मुख्य आकर्षण

राजस्थान आईटी दिवस 2025 तकनीक, रचनात्मकता और व्यावसायिक कुशलता का रोमांचक मिश्रण होगा। इसमें शामिल हैं।

#### पैनल चर्चाएं

उद्योग के दिग्गज और विशेषज्ञ एआई के भविष्य, फिनटेक, सस्टेनेबल टेक इनोवेशन और राजस्थान में उद्यमिता की स्थिति जैसे विषयों पर गहन चर्चा करेंगे। प्रमुख प्रतिभागियों में अनुभव दुबे, संस्थापक, चाय सुट्टा बार, मोहित यादव, सह-संस्थापक, मिनिमलिस्ट, महावीर प्रताप, अध्यक्ष, आरवीसीएफ, भारत सेठी, संस्थापक, रेज कॉफी, गौरव खत्री, संस्थापक और सीईओ, नॉइज, आशीष कुलकर्णी, सह-अध्यक्ष, एवीजीसी, समीर जैन, प्रबंध निदेशक, प्राइमस पार्टनर्स आदि शामिल होंगे।

#### पिच बैटल

इस पहल के तहत 20 स्कूली स्टार्टअप संस्थापक अपने नवाचारी विचार निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। ▸▸ शेष पृष्ठ 7 पर

संस्कार भारती का होली स्नेह-मिलन एवं वार्षिक समारोह आयोजित

# सुर-संगम में जिले के गायक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** संस्कार भारती झुंझुनूं का होली स्नेह मिलन एवं वार्षिक समारोह केशव आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमावत थे। अध्यक्षता मधुसूदन खेतान ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. तनसुख जांगिड, एसीबीओ मलसीसर सुनिता यादव, वरिष्ठ व्याख्याता डाइट डॉ. राजबाला ढाका, प्रधानाचार्य मिनाक्षी तंवर, प्रधानाचार्य प्रीति शेखावत, देवेंद्रसिंह खत्री, शर्मिला खत्री आदि थे। कार्यक्रम संयोजक राजेद्र सिंह भाटी ने बताया कि संस्था के सचिव डॉ. अक्षय गोदारा ने संस्था की विभिन गतिविधियों एवं सांस्कृतिक क्रियाकलापों की जानकारी दी। संयोजक राजेंद्र सिंह भाटी ने गत वर्ष के आय-व्यय के हिसाब की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था को गत वर्ष में सबसे अधिक अनुदान देने वाले भामाशाह मधुसूदन खेतान का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि एवं पूर्व जिला शिक्षाधिकारी राजेंद्र कुमावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कार भारती देशभक्त कलाकारों का कार्यकर्ता आधारित संगठन है। जो समाज में संगीत एवं कलाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ. तनसुख जांगिड़ ने हरयाणवी गीत के माध्यम से वर्तमान सामजिक व्यवस्था में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने पर बल दिया। प्रधानाचार्या प्रीति शेखावत ने बैरंग नहीं मैं, बेढंग नहीं मैं, मुझे हर ढंग में ढलना आता है, हौंसलों से आसमां का छोर छू, मर्यादा की पायल पहनकर, घरके आंगन में भी चलना आता है... कविता के माध्यम से मातृशक्ति को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। डॉ. राजबाला ढाका, एसीबीओ सुनीता यादव, प्रधानाचार्या मिनाक्षी तंवर तथा डॉ. संजय शर्मा ने अपने संबोधन में संस्कार भारती द्वारा वर्ष भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर संगीत संध्या 'सुर-संगम' आयोजित की गई। जिसमें जिले के विभिन्न स्थानों से आये गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। अध्यापक महेंद्र सिंह बिंदल ने उड़ ज्या काले कौवा..., अनिल चंदेलिया सूरजगढ़ ने ए मेरे प्यारे वतन..., संतोष कुमार अलसीसर ने मैं बालक तू माता शेरां वालिए..., रविद्र सिंह शेखावत सूरजगढ़ ने इक दिन बिक जायेगा माटी के मोल..., चंद्रप्रकाश शर्मा मंडावा ने है प्रीत जहां की रीत सदा..., दयाशंकर सैन बगड़ ने जिंदगी प्यार का गीत है..., डॉ. राजबाला ढाका ने अजी रूठकर अब कहां जाइएगा..., प्रधानाचार्या मिनाक्षी तंवर ने चूड़ी चमके मोतीड़ा भलकै..., सोनिया सोनी ने माता पहाड़ों वाली..., एडवोकेट सुरेंद्रसिंह डाबड़ी ने कन्हैया किसको कहेगा तू मैया..., इकबाल खान ने सजन रे झूठ मत बोलो..., अनिल पाल ने भोले ओ भोले..., संगीत शिक्षक रविंद्र सिंह तंवर ने होठों से छूलो तुम... आदि गीतों के माध्यम से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में उत्कृष्ट कार्यों के लिए झुंझुनूं सम्मानित



### सीएमएचओ डॉ. गुर्जर एवं आरसीएचओ डॉ. दयानंद सिंह ने प्राप्त किया सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में जिले के स्वास्थ्य उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान के लिए मंगलवार को जयपुर में जिले को सम्मानित किया गया। मंगलवार सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर एवं नोडल अधिकारी एवं आरसीएचओ डॉ. दयानंद सिंह ने जयपुर में आयोजित समारोह में निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत से यह सम्मान प्राप्त किया। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि यह सम्मान जिला कलेक्टर रामवतार मीणा के मार्गदर्शन में जिले के स्वास्थ्य विभाग की टीम को गत वर्ष से सर्वाधिक सत्र आयोजन के उपलक्ष में प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में हर माह की 9, 18 और 27 तारीख को गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व की सेवाएं प्रदान करने निशुल्क जांच, परामर्श, उपचार, पोषण आदि की सेवाएं उपलब्ध कराने के मिला है। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि जिले की पूरी टीम ने सराहनीय कार्य किया है जिसकी बदौलत जिला आज राज्य स्तर पर सम्मानित हुआ। उन्होंने अभियान से जुड़े सभी बीसीएमओ, सीएचसी पीएचसी प्रभारियों और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। डॉ. गुर्जर ने बताया कि हमें पूरी उम्मीद है कि आगे भी हमारी ओर बेहतर होगी और ज्यादा से ज्यादा गर्भवती महिलाओं को लाभ मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### किसान सम्मेलन आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राजस्थान दिवस के सप्ताहव्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार 26 मार्च को नगर परिषद के ऑडिटोरियम में किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10.30 बजे से किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किसानों से जुड़ेंगे और कृषक हित में कई महत्वपूर्ण सौगातें सौंपेंगे।

### रोजगार सहायता शिविर 28 मार्च को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन राजस्थान दिवस समारोह के क्रम में कौशल नियोजन व उद्यमिता विभाग जयपुर के निर्देशानुसार एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 28 मार्च को किया जायेगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुचामन सिटी के सहायक निदेशक योगेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर 28 मार्च को प्रात: 10 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुचामनसिटी में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि बताया कि इस रोजगार सहायता शिविर में देश-प्रदेश की ऑटोमोबाइल,फाईनेंस, सिक्योरिटी, होटल मैनेजमेंट,हेल्थ केयर एवं पर्यटन से जुड़ी कंपनियों में द्वारा भाग लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 वीं, 12 वीं, स्नातक आई टी आई एवं अन्य विशेष/तकनीकी योग्यताधारी बेरोजगार युवा अपना नि:शुल्क पंजीकरण करवाकर इस शिविर के माध्यम से निजी क्षेत्र की कम्पनियों में जॉब पानें के अवसर का लाभ उठा सकेंगे।


### एक दिवसीय कैम्पस रोजगार सहायता शिविर कल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी नीति के तहत जिला प्रशासन एंव जिला रोजगार कार्यालय द्वारा एक दिवसीय कैम्पस रोजगार सहायता शिविर 27 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत बेरोजगार आशार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन दिया जाएगा एंव आमधनी प्रालि, पीएनजी प्रलि, गौरव इलैक्ट्रीकल, ओगिसो कैमीकल, आरईसीएल, आइकोनिक ग्लास, भारतीय जीवन बीमा निगम, यश्सवी ग्रुप जयपुर प्रथम एजुकेशन फाउण्डेशन पिलानी सहित अन्य स्थानीय कम्पनियों द्वारा आशाथियों की भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि शिविर में राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। शिविर में जिला उघोग केन्द्र व आरएसएलडीसी एवं अन्य विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान कर स्किल्ड प्रशिक्षण के आवेदन पत्र भरवाये जाएंगे। समस्त बेरोजगार आशार्थी अपनी योग्यता सबंधी दस्तावेज तथा पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर 27 मार्च को प्रात: 10 बजे रोजगार सहायता शिविर में भाग ले सकते हैं।

### उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी आज आएंगी खिरोड़ की कैमरी ढाणी, शहीद प्रतिमा अनावरण में शामिल होंगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**खिरोड़।** प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार को खिरोड़ कस्बे के गांव कैमरी ढाणी आएंगी। वे यहां सुबह 11 बजे शहीद हवलदार रामजीलाल कटेवा के 22वें शहादत दिवस पर होने वाले प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगी। कार्यक्रम समिति के मुताबिक नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि खंडेला विधायक सुभाष मील, सीकर के पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, नवलगढ़ नगर पालिका के चेयरमैन सुरेंद्र सैनी, खिरोड़ ग्राम पंचायत के सरपंच महावीरप्रसाद भांबू व पंचायत समिति सदस्य जानकी देवी होंगे। कार्यक्रम आयोजक रिटायर्ड सूबेदार मेजर जुगल किशोर कटेवा व अजय सिंह कटेवा ने बताया कि प्रतिमा अनावरण के बाद सवामणी प्रसाद का आयोजन भी होगा। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### मोहित सैन का केंद्रीय सचिवालय में चयन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**खिरोड़।** चिराना कस्बे के बजरंगलाल सैन के दोहिते मोहित सैन का केंद्रीय सचिवालय सेवा में चयन हुआ है। मोहित के मामा जितेंद्र सैन ने बताया कि मोहित का नई दिल्ली स्थित केंद्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। मोहित बचपन से ही मेद्यावी विद्यार्थी रहा है। मोहित सैन अभी मुंबई में इनकम टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। मोहित सैन का चयन केंद्रीय सचिवालय में अस्सिटेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर होने पर ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### निष्काम भक्ति से मिलते हैं परमात्मा : शास्त्री



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** सिद्धमुख कस्बे में शिव गौरक्षक गौशाला में आयोजित भागवत कथा में कथा के तीसरे दिन कथा वाचक वृंदावन धाम के जितेंद्र कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की व्याख्या की। मीराबाई की भक्ति का उदाहरण देते हुए कहा कि निष्काम भक्ति करने से परमात्मा की प्राप्ति होती है। सत्यनारायण राजपुरोहित, संदीप गोयल,रामकुमार सिहाग,जुगल शर्मा,विनोद गुरईया,पवन देवर्थ,नरेश शर्मा,बाबूलाल सैनी, ओम प्रकाश किरोड़ीवाल,लिलाधर सोनी, अशोक शिंदी आदि ने भागवत का पूजन किया।

### खेलों में राजगढ़ ने अंडर 23 नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मैडल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के गांव बास चनानी के होनहार युवक अजय श्योराण पुत्र सुमेर सिंह श्योराण की टीम हरियाणा ने बास्केटबॉल अंडर 23 वर्ग में राष्ट्रीय खेलों में गोल्ड मैडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है और गोल्ड जीतने में युवक अजय श्योराण की अहम भूमिका रही है। इस बार अंडर 23 वर्गकी बास्केटबाल नेशनल चैंपियनशिप आसाम में दिनांक 17 मार्च से 24 मार्च 2025 तक आयोजित हुई थी। इससे राजगढ़ सादुलपुर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और खेलों में एक और तमगा राजगढ़ को बास्केटबॉल जैसे गेम में मिला। बास्केट बॉल राजस्थान का राज्य खेल भी है और बास चनानी का यह युवक हरियाणा राज्य की अंडर 23 वर्ग की टीम में खेलता है। इस उपलब्धि पर आरएसडी फाइनेंस के सुरजभान पूनिया, द्रोणाचार्य अवार्डी बॉक्सिंग कोच अनूप कुमार सहारन, शिक्षक संघ के मनोज पूनिया, प्राचार्य रामचंद्रसिंह राठौड किरताण, एडवोकेट ओमप्रकाश कालरी, ललित व रिंकू पूनिया, प्रदीप सहारन, सोमवीर सिंह आदि ने खिलाड़ी व परिजनों को बधाइयाँ प्रेषित की हैं।

## आत्महत्या रोकथाम के लिए संगत संस्था ने दिया प्रशिक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बगड़।** संकट को पहचानें, जीवन बचाएं के उद्देश्य को लेकर संगत संस्था की ओर से मंगलवार को एक निजी शिक्षण संस्थान में आत्महत्या रोकथाम के लिए गेटकीपर प्रशिक्षण आयोजन किया गया। संगत संस्था की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और संकटग्रस्त व्यक्तियों की पहचान एवं सहायता करने पर विशेष जोर दिया गया। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व मनोवैज्ञानिक सलोनी महेश्वरी व जिला समन्वयक जुनैद अख्तर ने किया। जिसमें झुंझुनूं जिला समन्वयक पंकज शर्मा, मनोविज्ञान प्रशिक्षक सुमन एनी मेवाड़ा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षण में 20 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें स्पोर्ट्स एकेडमी के स्टूडेंट्स, सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों और समाजसेवियों की सक्रिय भागीदारी रही। प्रतिभागियों ने आत्महत्या के चेतावनी संकेतों को समझने, संकटग्रस्त व्यक्तियों की पहचान करने और मानसिक स्वास्थ्य सहायता को प्रभावी रूप से प्रदान करने की रणनीतियों पर चर्चा की। इस मौके पर डॉ. रविंद्र सिंह शेखावत, अंतरराष्ट्रीय एथलीट कैप्टन जयवीर सिंह शेखावत, अनिल बागोरिया, नरेंद्र पाल बिजारणिया आदि मौजूद थे।

## राजस्थान जैन सभा की कुचामनसिटी शाखा के चुनाव संपन्न



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** जैन समाज कुचामन के सभी धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा राजस्थान जैन सभा जयपुर के यशस्वी अध्यक्ष सुभाष चन्द पांड्या व टीम के सदस्य विनोद कोटखावदा, अमर चन्द दीवान, अशौक जैन नेता का अल्प प्रवास पर कुचामन समाज सदस्यों द्वारा तिलक माला साफा से स्वागत सम्मान किया गया। नागौरी मन्दिर के चिन्मय संत भवन मे आवश्यक मिटिंग में विभिन्न विषयों पर चर्चा के पश्चात राजस्थान जैन सभा कि कुचामन में शाखा खोली गई जिसमें जैन समाज कि समस्या व कुरूतियों को एक बडे संगठन के माध्यम से सशक्त समाधान किया जा सके इस हेतु उपस्थित सभी कि सर्वसम्मति से राजस्थान जैन सभा कुचामन के सोभागमल गंगवाल को अध्यक्ष सुभाष पहाड़िया को सचिव बनाया गया व नववर्ष, महावीर जन्म कल्याण महोत्सव हनुमान जयंती अम्बेडकर जयंती पर 6 अप्रैल को जैन स्कूल पलटन गेट पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा जिसके संयोजक अशोक अजमेरा, सचिन गंगवाल को बनाये जाने पर समाजजनो द्वारा तिलक माला से स्वागत करते सुभाष रांवका, विनोद नरेश झांझरी, राजकुमार सेठी देवेन्द्र, रोबिन पहाड़िया, कैलश, राजेश, प्रमोद पाडया, सुभाष विपुल गंगवाल, कपुरचन्द पहाडिया पाचवा, विनोद प्रदीप, सुभाष काला व समाज के गणमान्यजनों द्वारा सभी का तिलक माला साफा से स्वागत सम्मान कर बहुमान किया गया।

## श्री भगवान सैनी को मिला स्व. रामरतन कोचर साहित्य सम्मान



**सादुलपुर।** जिला मुख्यालय स्थित राज्य बीमा एवं प्रा. नि. विभाग में पर्यवेक्षक पद पर कार्यरत श्रीभगवान सैनी को बीकानेर की लोक जागृति संस्थान द्वारा स्व. राम रतन कोचर स्मृति साहित्य सम्मान दिये जाने पर नगर के साहित्यकारों ने खुशी व्यक्त की है। कल महारानी सुदर्शन आर्ट गैलेरी नागरी भण्डार में आयोजित सम्मान समारोह में श्री सैनी के अलावा पांच अन्य साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि श्रीभगवान सैनी की हिंदी व राजस्थानी भाषा की अभी तक दर्जनभर से अधिक साहित्यिक कृतियों का प्रकाशन हो चुका है जिनमें से कई कहानियों के अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद भी हुए है। सैनी को इससे पूर्व राजस्थानी भाषा साहित्य एव संस्कृति अकादमी पुरस्कार सहित कई अन्य संस्थाओं द्वारा सम्मानित / पुरस्कृत किया जा चुका है।

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत दिया व्यापारियों को प्रशिक्षण




**नोहर।** जिला कलेक्टर कानाराम के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नवनीत शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी के अन्तर्गत मंगलवार को पुष्करणा भवन में खाद्य कारोबारियों और व्यापारियों को खाद्य प्रदार्थ सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। सीएमएचओं डॉ.नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में खाद्य सामग्री बनाने और बेचान करने वाले व्यापारियो जिसमें किरयाना रिटेल-थोक , रेस्टोरेंट,ढाबा, मिठाई, बेकरी आदि छोटे बडे सभी खाद्य विक्रेताओं को एफ़एसएसएआई से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा खाद्य सामग्री सुरक्षा सबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रफीक मोहम्मद एवं सुदेश कुमार उपस्थित रहे। एफएसएसएआई से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधि विनय कुमार, सोनू कुमार व डेरिक एरो भी उपस्थित रहे। खाद्य सुरक्षा अधिकारियो ने बताया कि प्रशिक्षण लेने वाले व्यापारिक को फूड सेफ्टी सुपरवाइजर का प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। इस अवसर पर किरयाना व्यापार संघ के अध्यक्ष पवन कंदोई, बाल कृष्ण व्यास ,ओम प्रकाश बबुलानी, महेश चंद्र भूकरकेवाला, भुवनेश कंदोई, दीपक सरावगी, चेतन दातवानी, सौरभ पारीक, भगवान दास सिंधी, गोविंद पारीक, केशव कंदोई सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# जयपुर पुलिस ने शातिर बदमाश को किया अरेस्ट, उत्तर प्रदेश में दबिश देकर पकड़ा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने एक शातिर बदमाश को धोखाधड़ी के केस में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश में दबिश देकर आरोपी को पकड़ा है। वह हर 5-6 महीने अपने छिपने का ठिकाना बदल लेता था। बिंदायका थाना पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में आरोपी संदीप कांसल उर्फ संदीप अग्रवाल उर्फ सन्नी अग्रवाल (36 ) निवासी नांगलोई दिल्ली हाल कानपुर उत्तर प्रदेश को अरेस्ट किया गया है। दिल्ली , गुरुग्राम, हरियाणा बिहार, मध्यप्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश में हर 4-5 महीने में ठिकाने बदल लेता था। एसएचओ बिंदायका विनोद कुमार के सुपरविजन में हेड कॉन्स्टेबल छोटूराम, कॉन्स्टेबल विपिन कुमार, जुगल किशोर, दिनेश कुमार व पूरण मल की टीम बनाकर भेजी गई। पुलिस टीम ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में दबिश देकर आरोपी संदीप को पकड़ा है। शातिर जालसाज संदीप कांसल ने अपने नाम से और रिश्तेदारों के नाम से अलग-अलग फर्म बना रखी है। इसमें व्यापारियों को जाल में फंसाकर उनके जीएसटी के बिल बनाता है। सरकारी टेंडरों में माल लगाने के नाम पर व्यापारियों से माल खरीदकर अन्य जगह बेचान कर रुपए प्राप्त कर लेता है। इसका पेमेंट बिजनेसमैन को नहीं करता था। वारदात के बाद अपना स्थान बदल देता और अपनी फर्म को भी बंद कर नई फर्म बना लेता था। अपने मोबाइल नंबर बदल कर दूसरी जगह जाकर निवास करने लग जाता था।सितम्बर-2023 में रीको एरिया बिंदायका निवासी दिनेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

## जयपुर में ब्लैकमेल कर महिला टीचर से रेप, धमकी देकर 37.50 लाख रुपए ऐंठे

**जयपुर।** जयपुर में ब्लैकमेल कर एक महिला टीचर से रेप का मामला सामने आया है। चाय में नशीला पदार्थ मिला पिलाकर आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर 37.50 लाख रुपए ऐंठ लिए। पीड़िता ने आरोपी परिचित व उसके साथी के खिलाफ अशोक नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ अशोक नगर कृष्ण कुमार कर रहे हैं। पुलिस ने बताया जयपुर साउथ की रहने वाली 33 साल की महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह टीचर के पद पर काम करती है। वर्ष -2019 में एक कैम्प के दौरान उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। मुलाकात के बाद आरोपी ने अपनी परेशानियों को लेकर उससे बातचीत करना शुरू कर दिया। सुसाइड कंडीशन से आरोपी को बाहर निकालने के चलते वह भी उससे बातचीत करने लग गई। आपस में मिलने-जुलने के कारण दोस्ती हो गई। बातचीत के दौरान आरोपी ने शेयर मार्केट में निवेश की स्कीम समझाकर एक साल में दोगुना रुपए होने की बात कही। उसने टीचर होने के कारण शेयर मार्केट की नॉलेज होने से मना कर दिया। दबाव बनाकर आरोपी ने शेयर मार्केट कंपनी में उसका अकाउंट ओपन करवा दिया।

## राजस्व विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** उपखण्ड राजगढ़ में राजस्व विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने तहसीलदार, राजगढ़ धीरज झाझडिया के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में कर्मचारियों ने तीन प्रमुख मांगें रखी गई। ज्ञापन में पहली मांग निदेशालय गठन से मंत्रालयिक कर्मचारियों को बाहर रखने की है। दूसरी मांग में तहसीलदार पद पर पदोन्नति कोटे में किसी प्रकार के बदलाव का विरोध किया गया है।

तीसरी मांग में उपखंड कार्यालय में एक सहायक प्रशासनिक अधिकारी और दो वरिष्ठ सहायक के पद स्वीकृत करने की मांग की गई है। मत्रालयिक कार्मिकों ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें नहीं मानी गई तो 4 अप्रैल को जयपुर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद आंदोलन का अगला चरण भी शुरू किया जाएगा। उनके अनुसार, मांगों की अनदेखी से राजस्व न्यायालय का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।

# चिकित्सा मंत्री ने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की

## आगामी गर्मी में चिकित्सा संस्थानों में पुख्ता प्रबंधन के दिए निर्देश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि आगामी गर्मी को देखते हुए प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में जांच, दवा एवं उपचार के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सभी जिलों में गर्मी के दृष्टिगत समुचित व्यवस्थाएं हों। सब सेंटर से लेकर जिला अस्पताल तक एवं मेडिकल कॉलेजों से जुड़े अस्पतालों में दवाओं और उपचार की व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे।

खींवसर मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय गतिविधियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं। सभी अस्पतालों में वाटर कूलर, एसी, पंखे आदि की पर्याप्त उपलब्धता हो तथा आवश्यकतानुसार इनके मेंटीनेंस का कार्य जल्द करवाया जाए।

**जहां दुर्घटनाएं अधिक, वहां प्राथमिकता से उपलब्ध हों एम्बुलेंस:**- चिकित्सा मंत्री ने कहा कि दुर्घटना में होने वाली मौतें चिंता का विषय है। समय पर उपचार मिलने पर इन मौतों की संख्या को कम किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि परिवहन एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर अधिक दुर्घटना वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां एम्बुलेंस वाहनों की प्राथमिकता से उपलब्धता सुनिश्चित करें, ताकि घायलों को जल्द से जल्द उपचार मिल सके। उन्होंने डार्क जोन में आवश्यकतानुसार एम्बुलेंस उपलब्ध करवाने पर विशेष जोर दिया।

**मां योजना में इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी जल्द लागू करें:**- खींवसर ने कहा कि मा योजना गरीब एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए जीवनदायी योजना है। इस योजना का दायरा सरकार लगातार बढ़ा रही है। विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें कि राजकीय अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों में योजना के तहत आमजन को सुगमता से उपचार मिले। उन्होंने योजना में इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी जल्द से जल्द लागू किए जाने एवं नए पैकेज भी शीघ्र शामिल करने के निर्देश दिए।

**अधिकारी नियमित रूप से करें फील्ड विजिट:**- चिकित्सा मंत्री ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाओं के समय—समय पर निरीक्षण की दृष्टि से अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट करें। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य स्तर के साथ ही संभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी नियमित रूप से फील्ड विजिट के लिए जाएं और चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर रिपोर्ट भिजवाएं, ताकि चिकित्सा सेवाओं को और सुदृढ़ करने के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकें।

**गांव-गांव तक हो कैंसर स्क्रीनिंग:**- खींवसर ने कैंसर से होने वाली मौतों पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि गांव—कस्बों में जागरूकता के अभाव में समय पर स्क्रीनिंग नहीं होने से महिलाओं की ओरल, ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर से मौत हो जाती है। कैंसर से होने वाली मौतों पर प्रभावी रोकथाम के लिए विभाग स्क्रीनिंग का दायरा निरंतर बढ़ाए। मोबाइल कैंसर वैन एवं शिविरों के माध्यम से गांव—गांव तक कैंसर की स्क्रीनिंग की जाए। संभावित रोगियों की जांच कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध करवाया जाए।

**बड़े अस्पतालों में जल्द लागू करें क्यू मैनेजमेंट सिस्टम:**- चिकित्सा मंत्री ने आमजन को अस्पतालों में कतारों से मुक्ति दिलाने के लिए पायटल प्रोजेक्ट के रूप में कांवटिया अस्पताल में शुरू किए गए क्यू मैनेजमेंट सिस्टम की सराहना करते हुए इसे अन्य बड़े अस्पतालों में भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को शुद्ध आहार उपलब्ध करवाने की दृष्टि से खाद्य सुरक्षा विभाग नियमित निरीक्षण करे और आमजन को मिलावट के संबंध में जागरूक भी करे।

**मानव संसाधन का आकलन कर भर्ती के लिए उठाएं जरूरी कदम:**- खींवसर ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में मानव संसाधन की कमी को दूर करने के लिए मिशन मोड में काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसंख्या एवं अन्य मापदण्डों के अनुसार चिकित्सा संस्थानों में मानव संसाधन का आकलन किया जाए और भर्ती के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों में रिक्त पदों को भरने के लिए प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि भर्तियों को लेकर विभाग मिशन मोड में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी गर्मी के दृष्टिगत सभी जिलों को समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासन सचिव अम्बरीष कुमार, मिशन निदेशक एनएचएम भारती दीक्षित, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त इकबाल खान, राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका गोस्वामी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शाहीन अली खान, निदेशक आईईसी टी शुभमंगला, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत सिंह राणावत, निदेशक अराजपत्रित राकेश शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में हुई 9 दिवसीय राजस्थान उत्सव-2025 की शुरूआत

## राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज करेंगे विधिवत रूप से उद्घाटन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बुधवार को नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में राजस्थान की परंपरागत संस्कृति को प्रदर्शित करते 9 दिवसीय 'राजस्थान उत्सव- 2025' का विधिवत रूप से उद्घाटन करेंगे। प्रदेश की अतिरिक्त आवासीय आयुक्त अंजु ओमप्रकाश ने बताया कि राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 25 मार्च से 2 अप्रैल तक चलने वाले इस आयोजन में राजीविका क्राफ्ट मेला और फूड उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

**खेल एवं खानपान प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन:**- अतिरिक्त आवासीय आयुक्त ने बताया कि गत वर्ष आगंतुकों के उत्साह और उनकी पसंद को देखते हुए उत्सव में इस वर्ष भी पेंटिंग प्रतिस्पर्धा, मेहंदी प्रतिस्पर्धा, गोलगप्पा खाने की प्रतिस्पर्धा के साथ ही पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जाएगा जिसमें अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित भी किया जाएगा।

**राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन:**- राजस्थान पर्यटक स्वागत केंद्र के सहायक निदेशक छतरपाल यादव ने बताया कि बुधवार सांय पर्यटन विभाग द्वारा एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश के विभिन्न अंचलों के से लोक कलाकार अपनी कला की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि इस संध्या की शुरुआत गणेश वंदना, मयूर नृत्य और प्रसिद्ध फूलों की होली से होगी जिसकी प्रस्तुति भरतपुर के नवीन शर्मा द्वारा की जाएगी। इसके उपरांत भरतपुर के ही अवधेश कुमार द्वारा चरकुला नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। यादव ने बताया कि डीग के गफरूद्दीन मेवाती द्वारा भपंग वादन और सूरतगढ़ के अर्जुन सिंह जुलिया द्वारा मषक वादन की प्रस्तुति दी जाएगी। पर्यटन अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि दिल्ली के अनीसुदीन एवं उनके दल द्वारा चरी नृत्य का प्रदर्शन किया जाएगा।

# 12 हजार 500 रूपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, चार केन्टर सामान जब्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अमित भारद्वाज पेट्रोल पम्प के पास व उपायुक्त झोटवाडा जोन के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए गौतम मार्ग वैशाली नगर से आम्रपाली सर्किल तक सड़क के दोनों ओर एवं मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के नीचे, विद्युत नगर चौराहा से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 12 हजार 500 रूपये का कैरिंग चार्ज कर 04 केन्टर सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में अमित भारद्वाज पेट्रोल पम्प के पास व उपायुक्त झोटवाडा जोन के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए गौतम मार्ग वैशाली नगर से आम्रपाली सर्किल तक सड़क के दोनों ओर एवं मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के नीचे, विद्युत नगर चौराहा से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 04 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 12 हजार 500 रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## सृजन कला प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन, राजस्थान के कलाकारों की उत्कृष्ट कृतियों का संगम

# किसी भी प्रदेश की कला और संस्कृति वहां की कलाकृतियों में जीवंतः शासन सचिव पर्यटन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान पर्यटन दिवस उत्सव की श्रृंखला में राजस्थान पर्यटन विभाग एवं इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित सामूहिक कला प्रदर्शनी सृजन का मंगलवार को जवाहर कला केंद्र की अलंकार गैलरी में शुभारंभ हुआ। पर्यटन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।उनके साथ गुजरात स्थित रणछोड़दास मंदिर के मुख्य ट्रस्टी राजाराम जी, इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स राजस्थान चैप्टर की अध्यक्ष जयश्री पेडीवाल एवं प्रदेश के ख्यातनाम कलाकारों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।



इस अवसर पर रवि जैन ने प्रदर्शनी में शामिल कलाकृतियों को सराहा और कहा कि किसी भी प्रदेश की कला और संस्कृति वहां की कलाकृतियों में जीवंत होती है। उन्होंने कहा कि 'सृजन' कला प्रदर्शनी में राजस्थान की समृद्ध कला, आध्यात्मिकता और परंपराओं की अनूठी झलक देखने को मिलेगी।

इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, राजस्थान चैप्टर की अध्यक्ष जयश्री पेडीवाल ने इस अवसर पर कहा कि पर्यटन विभाग और इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स का यह संयुक्त प्रयास राजस्थान की कला-संस्कृति को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम आगे भी ऐसे प्रयास करते रहेंगे, जिससे न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा बल्कि पर्यटन और शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता भी आएगी।

प्रदर्शनी 25 से 30 मार्च 2025 तक जवाहर कला केंद्र में आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेश के ख्यातनाम कलाकारों की उत्कृष्ट कृतियां प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी में वरिष्ठ कलाकार गोविंद रामदेव, रामू रामदेव, वीरेन्द्र बन्नू, कैलाश चंद्र शर्मा, के.के. शर्मा, संदीप गोमे, लक्ष्मीनारायण एवं नाथू लाल वर्मा आदि की कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं।

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, आबूरोड, सिरोही(राज0)**

क्रमांक /न.पा.आबूरोड/स्टोर/2024–25/5473 दिनांक : 18.03.2025

**:: ई–निविदा सूचना सं. /2024–25 ::**

नगरपालिका आबूरोड द्वारा स्टोर शाखा द्वारा विद्युत कार्यो हेतु ई – निविदा आमंत्रित की गई जिसकी कुल राशि 56.55 लाख रू. निविदा संबंधी जानकारी व अन्य शर्ते पालिका कार्यालय एव वेबसाइट **www.sppp.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा का यू.बी.एन. नम्बर क्रमशः निम्नानुसार है –

**NIB CODE – DLB2425A6857**
**UBN NO- DLB2425WSOB22326, 27, 28**

अध्यक्ष, नगरपालिका, आबूरोड
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, आबूरोड
राज.संवाद/सी/24/13871

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-पाली ( राज. )**

क्रमांकः-6114-6154 दिनांकः-18.03.2025

***निविदा सूचना संख्या : 22 वर्ष 2024-25***

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए, श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदायें प्राप्त करने हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित वेबसाईट www.dipr.rajasthan.gov.in व https://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा के NIB Code है :- **PWD2425A4734**
निविदा के UBN No. है :- **PWD2425WSOB17083 PWD2425WSOB17084**

**DIPR/C/4067/2025** **अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि., खण्ड-पाली**

# माइन्स विभाग की जयपुर टीम ने बस्सी के हरड़ी हरध्यानपुरा में अवैध खनन में लिप्त 5 मशीनों सहित 14 वाहन जब्त कर पुलिस को सुपुर्द

## मार्च में कार्रवाई कर 25 लाख 79 हजार से अधिक की जुर्माना राशि वसूल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** माइन्स विभाग की जयपुर टीम ने मंगलवार को तड़के अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बस्सी तहसील के हरड़ी हरध्यानपुरा, दयारामपुरा में 3 एक्सक्वेटर मशीन, 1 डंपर, 2 कम्प्रेशर व 8 ट्रेक्टर ट्राली सहित 14 वाहन मशीनरी जब्त कर संबंधित पुलिस थाना में सुपुर्द किया है। खान विभाग जयपुर ने अधीक्षण खनि अभियंता एनएस शक्तावत एवं अधीक्षण खनि अभियंता सतर्कता प्रताप मीणा के निर्देशन में एमई जयपुर श्याम कापड़ी की टीम ने एक मार्च, 25 से अब तक करीब 65 वाहन मशीनरी जब्त करने के साथ ही 25 लाख 79 हजार से अधिक की जुर्माना राशि भी वसूल कर ली है।

खनि अभियंता जयपुर श्याम कापड़ी ने बताया कि खनि कार्यदेशक अरुण कुमार, जैद अली, विश्राम मीणा, सोनू अवस्थी व सुधीर कुमार, राजकुमार मय बॉर्डर होमगार्ड की टीम द्वारा मंगलवार तड़के निजी वाहनों का उपयोग करते हुए इस अभियान को अंजाम दिया। कापड़ी ने बताया कि अवैध खनन कर्ताओं को कार्रवाई की किसी तरह भनक नहीं लग सके इसी को ध्यान में रखते हुए निजी कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा निजी वाहनों का उपयोग किया और इसी का परिणाम रहा कि तड़के अवैध खनन के खिलाफ इतनी बड़ी कार्रवाई संभव हो सकी।

खनि अभियंता श्याम कापडी ने बताया कि अवैध खनन/निर्गमन के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए बस्सी तहसील के हरध्यानपुरा, दयारामपुरा में अवैध खनन करते 3 एक्सक्वेटर मशीन, ब्लास्टिंग के उपयोग के लिए प्रयुक्त होने वाले 2 कंप्रेशर मशीन, एक डंपर और 8 ट्रेक्टर ट्रॉली जब्त कर पुलिस थाना बस्सी को सुपुर्द की गई। उन्होंने बताया कि आज की कार्रवाई के अतिरिक्त एक मार्च 25 से अवैध खनिज गतिविधियों के प्रकरण में 2 अवैध खनन और 30 अवैध निर्गमन गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए 25 लाख 79 हजार 610 रु. की जुर्माना राशि वसूल कर राजकोष में जमा करा दी गई है। कार्यवाही के दौरान एसएमई एनएस शक्तावत, विजिलेंस प्रताप मीणा के मार्गदर्शन में एमई श्याम कापड़ी व विजिलेंस की टीम द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

# केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के पिता के निधन पर देवनानी ने व्यक्त किया शोक, पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के पैतृक ग्राम जमालपुर पहुंचकर उनके पिता स्व. कदम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। देवनानी ने यादव और परिवारजन के प्रति अपनी गहरी संवेदनायें व्यक्त की। देवनानी ने स्व. सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने दिवगंत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को शक्ति प्रदान करने के लिये परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत भी मौजूद थे।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED CITY DIVISION BARMER**

Phone No. 02982-220610 Email: eecity01@gmail.com
**No : EE/PHED/BAM/2024-2025/5608** **Date : 17.03.2025**

**NIT No. 2024-25/112 to 115**
**NIB No. PHE2425A5352**

Online tenders are invited on behalf of the Governor of Rajasthan for the following works from enlisted contractors with PHED Rajasthan and meeting eligibility criteria, Contractors enlisted with other Departments of Government of Rajasthan and enlisted with CPWD/Postal, Telecom, Railway, MES, other state Govt./Central Govt. undertaking/organizations equivalent in Rajasthan meeting eligibility criteria may apply after giving prescribed Earnest Money. The tender documents can be downloaded from the website http://eproc.rajasthan.gov.in. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on website. www.dipronline.org. & sppp.rajasthan.gov.in

| NIT No | UBN No | Name of Work | Estimated Cost (Rs. In Lacs) | Earnest Money (Rs. in Rs.) | Tender Fees | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2024-25/ 112 | **PHE2425 WSRC 11732** | Supply of Various Size PVC Pipe under City Dn. Barmer | **7.00** | 14000.00 | 500.00 | 12 Month |
| 2024-25/ 113 | **PHE2425 WSRC 11733** | Operation of Valves under City Sub Dn. R and D Barmer UWSS Barmer | **58.00** | 116000.00 | 1000.00 | 12 Month |
| 2024-25/ 114 | **PHE2425 WSRC 11735** | Reparing of Starter and LT Pannal at Various Pump Houses Under City Dn. Barmer | **10.00** | 20000.00 | 500.00 | 12 Month |
| 2024-25/ 115 | **PHE2425 WSOB 11736** | Cooling Arrangement for Zero Point Pump House under City Sub Dn. R&D Barmer | **5.00** | 10000.00 | 500.00 | 1 Month |

Last Date & time of online submission of tender document - **07.04.2025** up to 11.00 AM
Last Date & time of physical submission of document etc - **07.04.2025** up to 11.00 AM
Date & time of opening of technical bid - **08.04.2025** - 11.00 AM
Date & time of opening of Financial bid - To be intimated online

**(Bijendra Prasad Meena)**
**Executive Engineer, PHED City Dn., Barmer**
**DIPR/C/4116/2025**

**जागरूक टाइम्स**

**संपर्क करें**

**विज्ञापन देने के लिए**
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716

**प्रति के लिए**
9057203837

**कार्यालय :- 0141-2743001**

**Email :- jtjaipur@gmail.com**

# 'शक्ति दिवस' पर हुई एनीमिया की स्क्रीनिंग, मिला उपचार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जिला जयपुर द्वितीय में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया। साथ ही उन्हें मौसमी बीमारियों के प्रति जागरुक किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि शक्ति दिवस में बच्चों, महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।



उन्होंने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।

**NOTICE**

**Schedule of upcoming Investor Awareness Program(s) (IAP):**

Axis Mutual Fund conducts various IAP with a view to educate and create awareness amongst the investors about the Mutual Funds.

In this regard, please see below details of upcoming of IAP:

| Date of Event | Mode of Participation (Physical / Online) | Time | Address / Link for joining webinar |
|---|---|---|---|
| 27-Mar-2025 | Physical | 11.45 AM | Vidya Institutions 13 Raghunathpuri Pratap Nagar, Jaipur, Rajasthan - 302 021. |

For any queries/ clarifications please contact : Harshit Joshi - 88900 08313.

Date : March 25, 2025

**Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.**

AXIS MUTUAL FUND

One Lodha Place, 22nd & 23rd Floor, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai, Maharashtra, Pin Code - 400 013, India.
**TEL :** (022) 6649 6100, **EMAIL :** customerservice@axismf.com, **WEBSITE :** www.axismf.com.

## सुविचार

लोग अक्सर ये भूल जाते हैं कि आज जो आपके साथ है, वो ही सच्चा सोना है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## प्रदूषण मुक्त दिल्ली

दिल्ली में पहली बार एक लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया है। दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा सरकार का पहला बजट पेश किया। विधानसभा में वर्ष 2025-2026 के लिए एक लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। बजट के दौरान मुख्यमंत्री ने इस बार बजट में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, साफ पानी, स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण जैसे प्रमुख मुद्दों पर ज्यादा जोर दिया है। बीते कई सालों से दिल्ली में हर साल प्रदूषण को लेकर लोग ज्यादा परेशान और सरकार चिंतित रहती है। सरकार ने बजट में दिल्ली के पर्यावरण और प्रदूषण को लेकर सतर्क दिख रही है। मुख्यमंत्री ने 506 करोड़ रुपए की मदद पर्यावरण को सुधारने के लिए आवंटित किए हैं तो वहीं दूसरी तरफ 300 करोड़ रुपए प्रदूषण से निजात के लिए आवंटित किए। बजट में बुनियादी ढांचा, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रदूषण नियंत्रण पर जोर रहा है। एयर क्वालिटी को सुधारने के लिए प्रदूषण मॉनिटरिंग सिस्टम और ग्रीन कवर बढ़ाने पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार दिल्ली में क्लाइमेट चेंज एयर क्वालिटी पर काम करेगी। सीएम गुप्ता ने बजट के दौरान कहा कि इस बार के बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमारा फोकस रहेगा। ये दिन दिल्ली के लिए ऐतिहासिक है। दिल्ली की नई सरकार ऐतिहासिक जनादेश के साथ आई है और उसी के आधार पर काम करेगी। पीएम मोदी ने दिल्लीवालों से साफ यमुना का वादा किया है। वो हम पूरा करेंगी। सीएम ने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार ने बजट के लिए जनता से सुझाव मांगे थे, जिसमें ईमेल और व्हाट्सएप के जरिए 10,000 से ज्यादा सुझाव मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 10 सालों में विकास के हर पैमाने पर दिल्ली पिछड़ी है। चाहे वो यमुना की सफाई हो या स्वास्थ्य सुविधाओं और वायु प्रदूषण का मुद्दा हो, पिछली सरकार ने कोई काम नहीं किया। पिछली सरकार की नीतियों की वजह से जनता त्रस्त रही थी। पिछली सरकार विकास के हर पहलू में फेल रही थी। दिल्ली में यमुना गंदी थी, सड़कें क्षतिग्रस्त थीं, वायु प्रदूषण बहुत अधिक था। जिससे लोगों को कई परेशानियां हुईं। दिल्ली जल बोर्ड, डीटीसी घाटे में थे। गंदा पानी और ओवरफ्लो सीवर से लोग परेशान थे। यहीं दिल्ली की पहचान बन गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट केवल सरकारी लेखा-जोखा नहीं है, यह दस साल से बेहाल दिल्ली का बजट है। यह बजट पिछले साल की तुलना में 31.5 फीसदी ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने दिल्ली को खोखला कर दिया था। जनता को सिर्फ सपने दिखाए गए। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार की कई योजनाओं को रोका गया। विज्ञापन सरकार ने सिर्फ पोस्टर लगाए। दिल्ली का एक बड़ा हिस्सा झुग्गियों में रहता है।

### बदतमीज 'ग्रोक' का जवाब

# अपना स्वदेशी चैटबोट..!!



संजय श्रीवास्तव

बीते दिनों पेरिस में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के शिखर सम्मेलन में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ सह-अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, कृत्रिम मेधा न सिर्फ अर्थव्यवस्था, समाज और रक्षा सुरक्षा को बल्कि राजनीति को भी बदल रही है। निस्संदेह उनका कथन कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सकारात्मक प्रभावों को लेकर था, लेकिन फिलहाल इसका दूसरा और नकारात्मक पहलू तेजी से सामने आ रहा है। पिछले साल गूगल के एआई चैटबॉट जेमिनी ने अपने जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी, सरकार ने तुरंत कार्रवाई की। गूगल को मानना पड़ा कि जेमिनी हर बार सही नहीं हो सकता, उसकी सीमाएं हैं। परोक्षतः उसने माफी मांग ली और सुधार की बात दोहराई। सरकार ने भी शीघ्र ही एआई जेनेरेटेड सामग्री पर नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए।

इमेज

पर इस बार एलन मस्क के चैटबोट ग्रोक के मामले में अभी तक यह बात समाचार पत्रों में सूत्रों के हवाले से ही कही जा रही है कि सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय मानता है कि ग्रोक के सभी विवादित उत्तरों के लिए एलन मस्क का एक्स ही जिम्मेदार है और वह उस पर कानूनी कार्यवाई की ओर बढ़ चला है। उधर मंत्रालय ने सफाई दी कि उसने ग्रोक या उसकी निर्माता कंपनी एक्स को कोई नोटिस नहीं भेजा है, हालांकि एक्स और ग्रोक के साथ इस मसले पर बातचीत चल रही है। भारतीय और वैश्विक स्तर पर बहुत सारे सबूत हैं कि एक्स प्लेटफार्म व्यावसायिक हितों के लिए ऐसे काम करते हैं। बेशक, मौजूदा दौर में ट्रंप के दुलारे और ग्रोक के मालिक एलन मस्क की ताकत सभी मान रहे हैं लेकिन सच तो यह है कि सरकार को ग्रोक के मामले में एक्स पर इतना सख्त रुख अपनाना चाहिए कि इससे ऐसे दूसरे चैटबॉट निर्माताओं को भविष्य के लिए सबक मिले। कुछ लोग इस तर्क के विरुद्ध हो सकते हैं और वे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सच को स्वीकारने की ताकत वगैरह की रट लगा सकते हैं। ऐसी सोच को प्रतिगामी, विज्ञान विरुद्ध तथा तकनीकि विकास के खिलाफ कह सकते हैं। पर बात यहां इस तरह के सैद्धांतिक बहस की नहीं बल्कि बनावटी बुद्धिमत्ता के भविष्यगत व्यावहारिक दुष्परिणामों को लेकर है जो मानव पर मशीनी हमले और उनके प्रभुत्व के प्रतिकार के बतौर देखा जाना चाहिए। सत्य वचन सदैव प्रशंसनीय है, पर अप्रिय सत्य वाचन के लिए मनुष्यों हेतु कुछ संयम नियत हैं इसके बावजूद कठोर सत्य का उद्घाटन न सिर्फ स्वागत योग्य होना चाहिए बल्कि उसे सदैव स्वीकृति देना श्रेयस्कर होगा क्योंकि उसी से सुधार और विकास संभव है, वह चाहे सामाजिक, राजनीतिक क्षेत्र हो या वैज्ञानिक अथवा कोई भी। लेकिन यह तर्क किसी, निरपेक्ष मनुष्य के लिए है, ऐसी मशीनों के लिए नहीं जो किसी दूसरे के द्वारा निर्मित, धारणा विशेष से प्रेरित हो सकती हों, जिससे पक्षपातपूर्ण व्यवहार की आशंका हो। यह आशंका निर्मूल भी नहीं है। भिन्न प्रकार के चौटबॉट से यदि एक ही प्रश्न किए जाते हैं तो उनके उत्तर बहुधा एक जैसे





होते हुए भी भिन्न शैली में और अलग भाव लिए होते हैं। यह उस प्रविधि तथा आंकड़ों पर निर्भर होता है जिसके तहत उन्हें बनाया गया है। इसमें संदेह नहीं कि कल को ये उत्तर और भी अलग निहितार्थों और आशय विशेष से भरे हो सकते हैं। ग्रोक या एक्स के विरुद्ध समुचित कार्यवाई मात्र इसलिए नहीं कि ग्रोक के उत्तर सरकार, भाजपा, उसके मातृ संगठन, जुड़े नेता तथा समर्थकों को असहज कर रहे हैं। इस तरह के चैटबॉट किसी अन्य सरकार या सत्ता के लिए कोई दूसरा व्यवहार करेंगे यह तय नहीं। चैटबॉट यदि लोकतांत्रिक सरकारों की व्यवस्थागत कमियों को तार्किक तौरपर सामने लाते हैं तो उसका सर्वदा स्वागत है लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि वह यह निष्पक्ष तरीके से कर रहा है, वह किसी दुर्भावनापूर्ण मंतव्य या नियत एजेंडे से प्रभावित नहीं। ऐसे में जिस भी सरकार के समय ऐसी तकनीकि प्रवृत्ति उभरी है, उसके द्वारा इसका पर्याप्त विरोध आवश्यक है ताकि सरकार देश समाज और उसके साथ राष्ट्र राजनीति को भी चैटबॉट के जवाबों से बाहर आने वाले इस तरह के दूरगामी दुष्परिणामों, आसन्न संकटों से देश समाज को बचाने का अपना महती दायित्व निभा सके। चैटबॉट के क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों के बोलबाले को चीन और दूसरे देशों की कंपनियों ने चुनौती दी है। पिछले कुछ महीनों से चैटबॉट को लेकर रेस तेज हुई है। सऊदी अरब ने भी अपना चैटबॉट रेयान उतारा है। रेयान तो महज बाजार विश्लेषक है परंतु दूसरे तमाम चैटबॉट जो आने वाले हैं, उनके बारे में सबसे बड़ी चिंता यह है कि इनको बनाने वाले लोग इसमें अपनी पसंद, नापसंद के आंकड़े डाल सकते हैं। इससे इनके जवाब अथवा फैसले एकतरफा हो सकते हैं। चूंकि ग्रोक के बाद यह साबित हो गया है कि ये रटे रटाए जवाब नहीं देते बल्कि सोच समझकर टिप्पणी करते हैं, ये जनमत को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए ज़रूरी है कि इनका इस्तेमाल जिम्मेदारी से भरा और सावधानी से हो। यदि कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित इसी तरह के दूसरे अनियंत्रित श्रेणी के चैटबॉट आने शुरू हुए तो सरकारें हमेशा संकट में बनी रहेंगी, भिन्नताओं से भरे भारतीय समाज में घृणा और विद्वेष फैलाना आम बात हो जायेगी। विगत दिनों भारतीय सेना के लिए विशेष एलएलएम यानी लॉन्ग लैंग्वेज मॉडल, बनाने की बात चली जो एक तरह से चैटबोट सरीखा ही काम आयेगा लेकिन मात्र सेना के लिए। सेना ने कहा कि उसे जीरो बायस, जीरो गार्डरेल के साथ यह एलएलएम चाहिए। मतलब यह कि उसे बिना किसी पाबंदी के बेझिझक और लाग लपेट रहित,साफ सही, राय चाहिए। जिस भी चैटबोट को इंटरनेट के सारे आंकड़ों के साथ डेटा ट्रेन अथवा प्रशिक्षित करने के बाद उसको क्यूरेट करने फिल्टर लगाने, ताकतवर गार्ड रेल लगाने का काम होगा वह उस मॉडल का चैटबोट उतना ही संभलकर और घुमावदार जवाब देगा, जिसमें फिल्टर और गार्ड रेल को जानबूझकर कमजोर रखा गया होगा वह अधिकतर विवादास्पद और बेबाक बयान देने वाला होगा। ग्रोक कमोबेश ऐसा ही है। संभव है कि ग्रोक चैटबॉट के तुर्की ब तुर्की, चुटीले, बेबाक उत्तर वर्तमान में साहसी, सत्य और मज़ेदार लग रहे हों परंतु भविष्य की ओर देखें और इस तकनीकी परिदृश्य की गहराई से विवेचन करें तो इसका आकलन डरा सकता है। ऐसे चैटबोट नियंत्रित नहीं हुए तो वे अराजकता को जन्म देंगे। जो सरकारों के लिए ही नहीं देश समाज और जनता के लिए भी नुकसानदायक साबित होगा। ऐसे में प्रधानमंत्री की इस बात को याद रखना चाहिए कि, एआई निर्मित तकनीकि उपायों की संचालन व्यवस्था और संबंधित मानकों को इस तरह स्थापित करना होगा कि वे हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों को दूर करें और आपसी भरोसे का निर्माण करें।

## पंचांग

बुधवार, 26 मार्च 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - वसंत
- माह - चैत्र
- पक्ष - कृष्ण
- तिथि - द्वादशी 25.44 तक
- वार - बुधवार
- नक्षत्र - धनिष्ठा 26.30 तक
- योग - सिद्धि 12.26 तक
- करण - कौलव 14.50 तक
- सूर्योदय - 06.39 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.49 (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.38 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.54 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मकर 15.15 तक
- अभिजित् मुहूर्त - नहीं
- राहु काल - 12.44 से 14.16
- व्रत, त्यौहार - तिथिवासर 09.15 तक, पंचक 15.15 प्रारंभ, राजयोग 25.44 तक, वज्रमूशलयोग 26.30 तक, वारूणीयोग 26.30 प्रारंभ
- दिशा शूल - उत्तर

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



वास्तु शास्त्र

## खास हथेली वाले लोग, कहलाते बड़े भाग्यशाली

हर व्यक्ति अपना भविष्य जानने के लिए जिज्ञासू रहता है। ऐसे में हस्तरेखा ज्योतिष एक ऐसा विज्ञान है जिसके माध्यम से व्यक्ति का हाथ देखकर उसके बीते हुए कल और भविष्य के बारे में बताया जा सकता है। हर व्यक्ति की हथेली का आकार और रेखाएं अलग-अलग होती हैं. हस्तरेखा शास्त्र के जानकारों के अनुसार, हम व्यक्ति के हाथों की रेखाएं और हथेली के आकार को देखकर उसके भविष्य के बारे में आंकलन लगा सकते हैं। हस्तरेखा ज्योतिष के अनुसार, हर व्यक्ति के जीवन का राज़ उसके हाथों में छुपा होता है। कठोर हथेली वाले लोगों के जीवन में परिश्रम अधिक होता है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार ऐसे लोगों को जीवन में आसानी से सफलता हासिल नहीं होती है। इन्हें सुख-सुविधाओं को पाने के लिए बहुत इंतजार करना पड़ता है, हालांकि ऐसे लोग हमेशा अपनी कर्मठता और ईमानदारी का परिचय देते हैं। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार जिन लोगों की हथेली का आकार छोटा होता है ऐसे जातक दिल के साफ होते हैं और इनका जीवन काफी सुखमय तरीके से व्यतीत होता है। ऐसे लोग रचनात्मक कार्य करने में अधिक रुचि लेते हैं। छोटी हथेली वाले लोग स्वभाव से काफी जिज्ञासु माने जाते हैं। हस्तशास्त्र को अनुसार ऐसे लोगों को भक्ति और भजन करना बेहद पसंद होता है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों की हथेली का आकार बड़ा होता है, वो लोग अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हैं। ऐसे लोग स्वभाव से गंभीर होते हैं और हमेशा अपनी समझदारी का परिचय देते हैं। अपनी कर्मठता के कारण इन्हें जीवन में मनचाही सफलता प्राप्त होती है। साथ ही ऐसे लोगों को धार्मिक व सामाजिक कार्य में बहुत रुचि होती है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों की हथेलियां कोमल होती हैं ऐसे लोग बहुत भाग्यशाली माने जाते हैं। इन लोगों को जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल प्राप्त होती है। कोमल हथेली वालों को जीवन में कभी पैसों की तंगी नहीं रहती। ऐसे लोग रचनात्मक विचारों को होते हैं।

## तारीख विशेष

### महादेवी वर्मा

महादेवी वर्मा हिंदी भाषा की प्रख्यात कवयित्री हैं। महादेवी वर्मा की गिनती हिंदी कविता के छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभ सुमित्रानंदन पंत, जयशंकर प्रसाद और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के साथ की जाती है। आधुनिक हिंदी कविता में महादेवी वर्मा एक महत्त्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरीं। महादेवी वर्मा ने खड़ी बोली हिंदी को कोमलता और मधुरता से संसिक्त कर सहज मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति का द्वार खोला, विरह को दीपशिखा का गौरव दिया, व्यष्टिमूलक मानवतावादी काव्य के चिंतन को प्रतिष्ठापित किया। महादेवी वर्मा के गीतों का नाद-सौंदर्य, पैनी उक्तियों की व्यंजना शैली अन्यत्र दुर्लभ है। महादेवी वर्मा अपने परिवार में कई पीढ़ियों के बाद उत्पन्न हुईं। उनके परिवार में दो सौ सालों से कोई लड़की पैदा नहीं हुई थी, यदि होती तो उसे मार दिया जाता था। दुर्गा पूजा के कारण आपका जन्म हुआ। उनके दादा फ़ारसी और उर्दू तथा पिताजी अंग्रेज़ी जानते थे। माताजी जबलपुर से हिंदी सीख कर आई थीं, महादेवी वर्मा ने पंचतंत्र और संस्कृत का अध्ययन किया। महादेवी वर्मा जी को काव्य प्रतियोगिता में 'चांदी का कटोरा' मिला था। जिसे इन्होंने गांधीजी को दे दिया था। महादेवी वर्मा कवि सम्मेलन में भी जाने लगी थीं, वो सत्याग्रह आंदोलन के दौरान कवि सम्मेलन में अपनी कविताएं सुनातीं और उनको हमेशा प्रथम पुरस्कार मिला करता था। महादेवी वर्मा मराठी मिश्रित हिंदी बोलती थी। महादेवी वर्मा का जन्म होली के दिन 26 मार्च, 1907 को फ़र्रुख़ाबाद, उत्तर प्रदेश में हुआ था। उनके पिता गोविंद प्रसाद वर्मा एक वकील थे और माता श्रीमती हेमरानी देवी थीं। माता-पिता दोनों ही शिक्षा के अनन्य प्रेमी थे। महादेवी वर्मा को 'आधुनिक काल की मीराबाई' कहा जाता है। वे छायावाद रहस्यवाद के प्रमुख कवियों में से एक हैं। हिंदुस्तानी स्त्री की उदारता, करुणा, सात्विकता, आधुनिक बौद्धिकता, गंभीरता और सरलता महादेवी वर्मा के व्यक्तित्व में समाविष्ट थी। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की विलक्षणता से अभिभूत रचनाकारों ने उन्हें 'साहित्य साम्राज्ञी', 'हिंदी के विशाल मंदिर की वीणापाणि', 'शारदा की प्रतिमा' आदि विशेषणों से अभिहित करके उनकी असाधारणता को लक्षित किया।

### सोशल मीडिया में बढ़ रही

# प्रोफाइल लॉक करने की प्रवृत्ति

नरेंद्र शर्मा

फेसबुक में मुझे हर दिन औसतन 3 से 4 लोगों के दोस्ती के प्रस्ताव आते हैं; लेकिन हैरानी की सबसे बड़ी बात मेरे लिए यह है कि इनमें से ज्यादातर की प्रोफाइल लॉक होती है। और उससे भी ज्यादा हैरानी की बात यह है कि इनमें से अधिकांशतः पुरुष होते हैं। फेसबुक में पहले आम तौरपर महिलाएं ही अपनी प्रोफाइल लॉक करके रखती थीं, लेकिन अब बहुत तेजी से यह प्रवृत्ति पुरुषों में भी बढ़ी है। सवाल है कि आखिर इसके पीछे कारण क्या है? एक खुली किताब होने की अवधारणा के चलते जिस सोशल मीडिया का आगाज हुआ था, आखिर अचानक एक दो सालों में ऐसा क्या हुआ है कि जिसे देखो वही अपनी प्रोफाइल लॉक किए दे रहा है? सोशल मीडिया में प्राइवेसी को लेकर इस कदर सजगता बढ़ने की वजह क्या है? महिलाओं के डर को तो फिर भी समझा जा सकता है कि उनमें निजता को लेकर सदियों से एक ख़ास किस्म का सामाजिक डर रहा है; लेकिन पुरुषों में आखिर यह सब डर क्यों समा गया है? क्या यह कोई साइकोलोजिकल सिंड्रोम है या कोई नई पैदा हुई ऐसी भावनात्मक असुरक्षा है जो अब से पहले इस स्तर पर नहीं थी।

फेसबुक पर अगर अपनी प्रोफाइल लॉक करने की इस प्रवृत्ति पर गहराई से सोचें तो यह कोई यूं ही बिना किसी मकसद के घट रही घटना नहीं है बल्कि इसके पीछे कई किस्म के सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी प्रवृत्तियों का नतीजा है। भले इसे साइकोलॉजिकल सिंड्रोम कहना सही न हो, लेकिन इस प्रवृत्ति में भावनात्मक असुरक्षा, प्राइवेसी की बढ़ती चिंता जैसी कई चीजें शामिल तो हैं। पहले ज्यादातर महिलाएं ही अपनी प्रोफाइल लॉक करके रखती थीं, लेकिन अब पुरुष भी इसे अपना रहे हैं, तो इसके पीछे साइबर अपराध, फेक प्रोफाइल और डेटा चोरी से जुड़ी चिंताएं भी हैं। आजकल डीपफेक और फोटो मॉर्फिंग जैसे मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गयी है। अनजान लोगों द्वारा प्रोफाइल तस्वीरों का गलत इस्तेमाल, डिजिटल स्टॉकिंग और साइबरबुलिंग का भी डर है। ये सब ऐसे भावनात्मक असुरक्षा के कारण हैं, जिसकी वजह से कई लोग सोशल मीडिया पर अब अपनी निजी जिंदगी को ज्यादा एक्सपोज़ करने से बच रहे हैं। इनके प्रोफाइल लॉक करने से ये संकेत मिलते हैं कि वे केवल करीबी लोगों के बीच ही सीमित रहना चाहते हैं। वैसे इसकी एक वजह डिजिटल डिटॉक्स और मानसिक शांति भी है। कई लोग अब सोशल मीडिया से एक तरह की 'इमोशनल डिटॉक्स' भी कर रहे हैं। वे ओपन प्रोफाइल रखकर बार-बार लाइक्स, कमेंट्स और स्टोरीज के रिएक्शन पर ध्यान देने की बजाय अपनी डिजिटल मौजूदगी को सीमित कर रहे हैं। कुछ लोगों के मुताबिक़ इसकी एक वजह सोशल मीडिया का बदलता पैटर्न भी है। पहले लोग खुली प्रोफाइल रखते थे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उनकी पोस्ट देखें। लेकिन अब ट्रेंड उलटा हो गया है..'एक्सक्लूसिविटी' बढ़ रही है। लोग अब यह दर्शाना चाहते हैं कि वे हर किसी के लिए उपलब्ध नहीं हैं। इससे एक अलग तरह की 'सोशल स्टेटस सिग्नलिंग' है.. 'मैं केवल अपने करीबी लोगों के लिए हूं।'

मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक़ इस प्रवृत्ति में एक किस्म की 'फियर ऑफ मिसिंग आउट' साइकोलाजी भी छिपी है। जब लोग देखते हैं कि उनके ज्यादातर दोस्त या जानने वाले अपनी प्रोफाइल लॉक कर रहे हैं, तो वे भी ऐसा करने लगते हैं। यह एक तरह की 'डिजिटल हर्ड मेंटलिटी' है। लोगों को लगता है कि अगर वे अपनी प्रोफाइल ओपन रखेंगे तो वे अलग नजर आएंगे या उनकी डिजिटल सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। लेकिन इन सबके इतर इस प्रवृत्ति के पीछे सरकारों की सोशल मीडिया पर बढ़ती निगरानी भी है। यह एक मनोवैज्ञानिक सिंड्रोम से कहीं ज्यादा सामाजिक प्रवृत्ति और डिजिटल सुरक्षा की बढ़ती जागरुकता का संकेत है। हालांकि, इसमें भावनात्मक असुरक्षा और सोशल मीडिया की बदली हुई डायनामिक्स का भी बड़ा योगदान है। यह दर्शाता है कि लोग अब अपनी डिजिटल प्राइवेसी और ऑनलाइन पहचान को लेकर ज्यादा सतर्क हो रहे हैं। निष्कर्ष यह कि कोई मनोवैज्ञानिक सिंड्रोम होने से ज्यादा यह एक सामाजिक प्रवृत्ति और डिजिटल सुरक्षा की बढ़ती जागरुकता का संकेत है। हालांकि, इसमें भावनात्मक असुरक्षा और सोशल मीडिया की बदली हुई डायनामिक्स का भी बड़ा योगदान है। साथ ही यह, यह भी दर्शाता है कि लोग अब अपनी डिजिटल प्राइवेसी और ऑनलाइन पहचान को लेकर कहीं ज्यादा सतर्क हो रहे हैं।

मगर इस सबके साथ इसके पीछे एक कम कहा गया, लेकिन ज्यादा समझा गया फैक्टर भी है। जी, हां विभिन्न सरकारों द्वारा सोशल मीडिया की जिस ढंग से मॉनिटरिंग और ट्रैकिंग हो रही है, कई सरकारें जिस तरह सोशल मीडिया पर 'संदिग्ध' या 'एंटी-नेशनल' कंटेंट पोस्ट करने वालों को ट्रैक कर रही हैं और जिस तरह से कई लोगों को नए ही नहीं बल्कि बहुत पुराने पोस्ट, मीम्स, या कमेंट्स के लिए नोटिस मिल रहे हैं। इस सबके कारण भी लोगों को बहुत डर रहने लगा है कि अगर उनकी प्रोफाइल ओपन रही तो उनके पुराने या नए पोस्ट का गलत मतलब निकाला जा सकता है। यह क्यों महज भावनात्मक डर नहीं है, इसका एक सबूत तो यही है कि पिछले दो-तीन सालों में भारत समेत कई देशों में सोशल मीडिया पोस्ट के कारण लोगों पर केस दर्ज किए गए हैं। कई एक्टिविस्ट, पत्रकार और आम नागरिकों पर आईटी एक्ट, यूएपीए या देशद्रोह के तहत कार्रवाई हुई है। इस कारण आम लोग भी अब बहुत सतर्क हो गए हैं और अपनी प्रोफाइल लॉक करके रखना सही समझते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर 'आईटी सेल्स' और राजनीतिक ट्रोल्स भी काफी ज्यादा एक्टिव रहते हैं, जो सरकार-विरोधी या आलोचनात्मक पोस्ट करने वालों को टारगेट करते हैं। ऐसे में लोग 'डिजिटल लिंचिंग' से बचने के लिए अपनी प्रोफाइल लॉक कर देते हैं ताकि कोई उनके पुराने पोस्ट न खोज सके। कुछ बैंकिंग और वित्तीय कारण भी हैं क्योंकि आधार, बैंक अकाउंट, सरकारी सब्सिडी आदि से जुड़ी जानकारी लीक होने का डर तेजी से बढ़ रहा है।



## गीता सार

**नादत्ते कस्यचित्पापं न चैव सुकृतं विभुः।**
**अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यंति जंतवः॥**
**ज्ञानेन तु तदज्ञानं येषां नाशितमात्मनः।**
**तेषामादित्यवज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम्॥**

**हिंदी अर्थ –**

सर्वव्यापी आत्मा न किसी के पाप कर्म को ग्रहण करता है और न किसी के शुभकर्म को ही, पर ज्ञान के अज्ञान द्वारा ढके होने से सब मनुष्य उस अज्ञान से मोहित हो रहे है। परंतु जिनका वह अज्ञान आत्मा के वास्तविक ज्ञान द्वारा नष्ट कर दिया गया है, उनका वह ज्ञान सूर्य के सदृश उस आत्मा को तुरंत प्रकाशित का देता है।

## बोले तो...



अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितता को दूर करने के लिए ऑनलाइन विज्ञापनों पर लगने वाला समानीकरण शुल्क समाप्त किया जाएगा। एक लाख करोड़ रुपए के राजस्व नुकसान के बावजूद 2025-26 में व्यक्तिगत आयकर संग्रह में 13.14% की वृद्धि का अनुमान यथार्थवादी है।

- निर्मला सीतारमण



कटाक्ष करते समय शिष्टाचार बनाए रखना चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और हमें भी व्यंग्य समझ में आता है, लेकिन इसकी एक सीमा होनी चाहिए। हर व्यक्ति को एक निश्चित स्तर बनाए रखना चाहिए। अन्यथा क्रिया प्रतिक्रिया का कारण बनती है।

- एकनाथ शिंदे



इस बार के बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमारा फोकस रहेगा। दिल्ली की नई सरकार ऐतिहासिक जनादेश के साथ आई है और उसी के आधार पर काम करेगी। पीएम मोदी ने दिल्लीवालों से साफ यमुना का वादा किया है। वो हम पूरा करेंगे।

- रेखा गुप्ता

## कुछ अलग | अजब गजब

# उड़ते हवाई जहाज में पैदा हुए बच्चों की 'नागरिकता' के बारे में जानें रोचक जानकारी

क्या आपने कभी सोचा है कि कोई प्रेग्नेंट महिला हवाई जहाज से सफर करते हुए किसी दूसरे देश जाती है, उसी दौरान बच्चा जन्म ले लेता है, तो उसे किस देश की नागरिकता मिलेगी? आज हम एक ऐसा सामान्य ज्ञान से जुड़ा प्रश्न लेकर आए हैं, जिसका जवाब देना ज्यादातर लोगों के लिए मुश्किल भरा होगा। तो हमारा प्रश्न है कि आप विदेश जा रहे हों और हवाई जहाज के अंदर ही बच्चा पैदा हो जाए तो क्या होगा? किस देश के नागरकि कहलाएंगे? कुछ लोग सोच रहे होंगे कि जहां के माता पिता वहीं की नागरकिता। लेकिन हर देश में ऐसा नहीं है। फिर क्या है सही जवाब? ज्यादातर लोगों को इस बारे में नहीं पता होगा। तो सवाल ये उठता है कि इस मामले में अंतरराष्ट्रीय नियम क्या कहता है? आखिर प्लेन में जन्मे बच्चों की नागरकिता कैसे तय होती है? दरअसल, एक महिला के साथ भी ऐसी ही घटना घटी। महिला सात माह की गर्भवती थी। उसके प्रेग्नेंसी की तारीख थोड़ी नजदीक आ रही थी। एक दिन वह हवाई जहाज से यात्रा कर रही थी। प्रेग्नेंट महिला डेवी ओवेन आइवरी कोस्ट से लंदन जा रही थीं। इस दौरान उनके साथ सिर्फ चार साल की बेटी सफर कर रही थी। पति वहां मौजूद नहीं थे। उड़ान के दौरान अचानक डेवी ओवन के पेट में दर्द होने लगा और उन्होंने एक बच्चे को जन्म दिया। अब वह बच्ची 28 साल की हो चुकी है और



उसका नाम शोना है। वह दुनियाभर में उन लगभग 50 लोगों में से एक है, जिन्हें स्काईबॉर्न यानी आसमान में जन्में लोगों के नाम से जाना जाता है। बता दें कि हवाई जहाज पर बच्चे को जन्म देना बहुत दुर्लभ है, क्योंकि वहां हवा कम होती है, जिससे बच्चे को सांस लेने में कठिनाई होती है। अब सवाल यह है कि 36,000 फीट की ऊंचाई पर पैदा हुए बच्चे को किसकी नागरिकता मिलेगी? विशेषज्ञों के अनुसार, इसके लिए कोई एक नियम नहीं है। लेकिन याद रखें कि जिस देश से विमान उड़ान भर रहा है, वही देश उस विमान की भूमि या क्षेत्र माना जाता है। अधिकांश देश रक्त के आधार पर बच्चों को नागरिकता प्रदान करते हैं यानी बच्चे के माता-पिता जिस देश में होंगे, बच्चे वहां के नागरिक होंगे। लेकिन 1961 में एक एग्रीमेंट हुआ, जो ऐसे बच्चों को नागरिकता प्राप्त करने में मदद करता है, जहां विवाद उत्पन्न होते हैं। यह एग्रीमेंट कहता है कि जिस देश की एयरलाइन उस देश की नागरिकता।

## पाठक पाती

### संविधान बदलने के आरोप पर कठघरे में कांग्रेस

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने कई बार आरोप प्रत्यारोप के बीच भाजपा को घेरा था। भाजपा के नारे को कांग्रेस ने संविधान बदलने के झूठे आरोप में भाजपा को कीमत चुकानी पड़ी थी। दरअसल, इस बार कांग्रेस पर भाजपा ने सीधा हमला बोला है। दोनों सदनों में कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण देने के लिए संविधान बदलने जा रही है। दोनों सदनों में कांग्रेस घिरती दिखाई दी। इस बार भाजपा की बाजी सीधी पड़ती नजर आई, जबकि कांग्रेस के पसीने छूटते दिखाई दिए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी सफाई में कहा कि यह गलत आरोप है। बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को कोई बदल नहीं कर सकता है। रिजिजू ने कहा कांग्रेसी गले में संविधान की तख्तियां लेकर चलते है लेकिन संविधान को मानते नहीं हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर के संविधान को कांग्रेस बदलना चाह रही है।

-कांतिलाल मांडोत सूरत

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### नगर विकास न्यास ठेकेदार संघ ने आगामी निर्माण कार्यों का बहिष्कार किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** नगर विकास न्यास ठेकेदार संघ के शिष्ट मण्डल ने निर्माण कार्य एवं ठेकेदारों के भुगतान सम्बन्धी समस्याओं को लेकर सचिव महोदया नगर विकास न्यास, अलवर से चर्चा करने पर अपनी हटधर्मिता का परिचय देते हुए शिष्ठमण्डल से दुव्यवहार किया। इसके पश्चात न्यास ठेकेदार संघ ने एक मीटिंग आयोजित कर नगर विकास न्यास अलवर 21-03-2025 को आहुत बैठक में न्यास में होने वाले आगामी निर्माण कार्यो की निविदाओं के बहिस्कार का निर्णय लिया। जब तक ठेकेदारों की समस्याओं का निवारण नहीं किया जाता तब तक न्यास के समस्त कार्यों का बहिष्कार लागू रहेगा। साथ ही संघ की चुनाव प्रक्रिया को आगामी एक माह में सम्पन्न कराये का भी निर्णय लिया।

### मरुधरा किसान यूनियन अलवर ने अलवर सहायक जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** पंजाब में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे किसानों के साथ विश्वासघात करने वाली भगवंत मान की सरकार के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए मरुधरा किसान यूनियन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बालियान के निर्देश पर प्रदेश सचिव रघुवीर सैनी के नेतृत्व में अलवर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह व महिला मोर्चा से सत्यवती देवी, दीपक मीणा कठूमर युवा ब्लॉक महासचिव ने अलवर कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन दिया। बालियान ने बताया कि पंजाब और हरियाणा बार्डर पर किसान शांतिपूर्ण तरीके से आन्दोलन कर रहे थे इस आन्दोलन को एक वर्ष से ज्यादा समय हो गया था, पंजाब सरकार ने वार्ता करने के लिए किसान नेताओ को चंडीगढ बुलाकर धोखे से गिरफ्तार करके आन्दोलन को निर्ममता पूर्वक कुचलने का काम किया। बहुत से किसान साथी लापता है और बहुत से किसानों के ट्रैक्टर ट्रोली और अन्य कीमती सामान लापता है। रात के अंधेरे में पंजाब पुलिस ने जो निहत्थे किसानों पर जुल्म किया है वह बहुत ही पीड़ादायक और लोकतंत्र विरोधी है मरुधरा किसान यूनियन राजस्थान ने मांग की है कि जुल्म और अत्याचारी भगवंत मान सरकार के खिलाफ कठोर कार्रवाई करे दोषी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को बर्खास्त करें और निर्दोष किसानों को रिहा करे किसानों की मांगो पर अमल करें।

### पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** एडीएम सिटी भावना शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सीकर जिले में पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। बैठक में एडीएम शर्मा ने सीकर शहर की आवासीय कॉलोनियों में निराश्रित श्वानों के लिए एबीसी (पशु जन्म नियंत्रण) कार्यक्रम तथा एंटी-रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम को स्थानीय निकाय के माध्यम से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की गौशालाओं में पशुओं के प्रति करुणा भाव जागृत करने और पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण के लिए स्लोगन लिखवाने की बात कही। साथ ही, गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए परिंडे लगवाने और सड़क दुर्घटनाओं से गोवंश एवं आमजन को बचाने के लिए निराश्रित पशुओं के गले में रेडियम प्लेट लगवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक अग्रवाल, उपनिदेशक डॉ. अंजन बल सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### शेखावाटी हस्तशिल्प मेले का कल समापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सीकर।** जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक विकास सिहाग ने बताया कि जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा अरबन हाट सीकर में आयोजित 10 दिवसीय हस्तशिल्प मेले का समापन 26 मार्च 2025 बुधवार को सायंकाल 6 बजे चंग—ढप के कार्यक्रम के साथ होगा। हस्तशिल्प मेले में मंगलवार को लोगों ने जमकर खरीददारी की। मेले में जयपुर के हस्तशिल्प, नागौर के मिट्टी के बर्तन, जौधपुर के लेदर उत्पाद, बुटिक, रामगढ शेखावाटी का हस्तशिल्प फर्नीचर मेले में आने वाले आगन्तुकों को आकर्षित कर रहा है। मेले में अब तक 10 लाख से अधिक रूपयें की स्टॉल धारकों द्वारा विक्रय की गई है। अरबन हाट में बने ऑपन एयर थिएटर में शेखावाटी के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा चंग—ढप का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

### विभिन्न खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर सेमीनार का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत एफ. एस. एस. ए. आई. आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा टीम जयपुर द्वितीय द्वारा होटल सिटी हाइट्स में खाद्य पदार्थों मे जले हुए तेल के प्रयोग को रोके जाने और अन्य खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर सेमीनार का आयोजन हुआ। इसमे फूड सेफ्टी अधिकारी, RUCO (रिपर्पज ऑफ यूज्ड कुकिंग ऑयल) के विशेषज्ञों और व्यापारियो के साथ सभी को जागरूक किया गया। सीएमएचओ डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में लगभग 70 फूड व्यापारी शामिल हुए। जयपुर की चहक्क अराइजेस ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की और से प्रेजेंटेशन दिया गया। ये कंपनी इस्तेमाल किए हुए खाना पकाने के पश्चात जले हुए तेल को विभिन्न रेस्तरां एवं व्यावसायिक रसोइयों से एकत्र करती है और उसे बायोडीजल में बदलने के भारत सरकार के RUCO कार्यक्रम के तहत कार्य करती है। जो व्यापारी नमकीन और रेस्टोरेंट व्यवसाय से जुड़े हुए हैं, उनके द्वारा प्रयुक्त होने वाले खाद्य तेल का प्रयोग अगर बार बार तीन बार से अधिक किया जाता है तो यह अनेक तरह की जानलेवा बीमारियों, जैसे हृदय रोग, किडनी रोग, लीवर रोग, कैंसर आदि का कारण बनता है और पर्यावरण के लिए भी बहुत हानिकारक होता है। इसी को लेकर सभी को इस कार्यक्रम के तहत जागरूक किया गया। केएनपी अराईजैज़ के माध्यम से जले हुए तेल को एकत्रित किया जाएगा, जिससे बायोडीजल बनाकर जैव ईंधन में प्रयुक्त जायेगा और कंपनी तेल देने वालों को उसकी एवज में अपनी तरफ से उन्हें उचित मूल्य राशि और सर्टिफिकेट भी देगी। कंपनी अपनी टीम के माध्यम से इस तेल को एकत्रित करेगी। ये जागरूकता कार्यक्रम लगभग अभी और चलाया जाएगा। वे खाद्य व्यवसायी जो पहले से पुराना तैल रिसाइक्लिंग के लिए दे रहे, सेमीनार में उन्हें प्रमाण पत्र दिए गए। (जो एफ. एस. एस. एक्ट के तहत रखना अनिवार्य है) सेमिनार में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार थारवान, राजेश कुमार नागर और नंदकिशोर कुमावत द्वारा संबोधित किया गया।

### देवनानी ने उपराष्ट्रपति को भेंट की नवाचारों की पुस्तक

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को एक दिवसीय दिल्ली यात्रा के दौरान संसद में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार मुलाकात की। राजस्थान विधानसभा में एक वर्ष में किये गये नवाचारों पर आधारित पुस्तक 'राजस्थान विधान सभा में माननीय अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के नवाचारों का एक वर्ष' की प्रति देवनानी ने उपराष्ट्रपति धनखड को भेंट की।

# कालीबाई भील योजना में मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरित, बेटियों के खिले चेहरे



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अलवर।** राजस्थान स्थापना दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रमों की शृंखला में मंगलवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। बाडमेर के आदर्श स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन से वर्चुअली जुड़कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विभिन्न योजनाओं में लाभार्थी महिलाओं एवं बालिकाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रदेश में 1.10 करोड़ परिवारों को 200 करोड रूपए की एलपीजी सब्सिडी, 30 हजार बालिकाओं को लाडो प्रोत्साहन योजना में 7.5 करोड रूपए, 31 हजार 790 बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजनाओं में 13.16 करोड रूपए एवं 18 हजार 300 महिला समूहों को 100 करोड़ रूपए की राशि का हस्तांतरण किया। वहीं प्रदेश की 5 हजार मेद्यावी छात्राओं को कालीबाई भील योजना में स्कूटी वितरित व 5 हजार महिलाओं को इंडक्शन कुक टॉप का वितरण किया। इसके साथ ही स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना के तहत स्वीकृतियां जारी की। वन मंत्री संजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के साथ प्रदेश का चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा महिलाओं को ओर अधिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से मां वाउचर योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, सोलर दीदी योजना, बर्तन बैंक योजना जैसी अनेक योजनाएं संचालित कर सकारात्मक भाव से निरन्तर प्रदेश की महिलाओं को आगे बढाने का काम किया जा रहा है।

# भारतीय नववर्ष को लेकर बैठक संपन्न, विष्णु महेरे बने संयोजक



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर में भारतीय संस्कृति उत्थान समिति बाड़ी की बैठक स्थानीय पटवारी मंदिर में संपन्न हुई। जिसमें भारतीय नववर्ष मनाने पर चर्चा की गई। बैठक में सभी आगंतुकों एवं सर्व समाज के गणमान्यों की उपस्थिति में समिति के सदस्यों द्वारा विष्णु महेरे को सर्वसम्मति से शोभायात्रा कार्यक्रम का संयोजक नियुक्त किया गया एवं दिनेश गुर्जर को सहसंयोजक नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के नवनियुक्त संयोजक विष्णु महेरे ने बताया कि भारतीय नववर्ष भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 30 मार्च 2025 रविवार को मनाई जावेगी एवं प्रातः 8:30 बजे से विशाल शोभायात्रा का आयोजन होगा,जो स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला बाड़ी से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस अग्रवाल धर्मशाला पर पहुंच शोभायात्रा का समापन होगा,इसके लिए सभी समिति के पदाधिकारी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही शिवशंकर बिंदल ने बताया किपिछले वर्ष भी शोभायात्रा काफी भव्य तरीके से निकाली गई थी और आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ बाजार में सभी समाजों द्वारा एवं सामाजिक समरसता के साथ स्वागत हुआ। इस मौके पर डॉ. शिवदयाल मंगल ने कहा कि हमें भारतीय नव वर्ष पर घरों पर झंडी लगाना,एक दूसरे को बधाई देना, रंगोली बनाना, दरवाजे पर बंदनवार लगाना चाहिए। जिससे हमारी भारतीय संस्कृति नई पीढ़ी में जागृत हो सके। अनिल कुमार गोयल ने कहा कि समिति प्रति वर्ष महापुरुषों एवं सभी समाजों की शोभायात्रा का स्वागत सम्मान करती आई है।

# राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का विधानसभा में आयोजन

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा में बुधवार, 26 मार्च को राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद आयोजित होगी। देश के विकास में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा देशभर में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार को प्रातः 9:30 बजे सदन में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करेगें। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तत्वाधान में राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा द्वारा आयोजित इस युवा संसद में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और राष्ट्र मंडल संसदीय संघ के सचिव संदीप शर्मा भी मौजूद रहेगें। देवनानी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद का आयोजन राजस्थान विधान सभा के सदन में किया जा रहा है। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम से जिला स्तर पर चयनित प्रदेश के युवाओं को अपने विचार रखने का मंच मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा नेतृत्व, जनभागीदारी और नीतिगत विषयों पर चर्चा कर अपनी प्रतिभा को राज्यस्तर पर बता सकेगे। इसके तहत युवा विधान सभा की संसदीय प्रक्रियाओं को भी समझ सकेंगे। देवनानी ने कहा कि विकसित भारत युवा संसद युवाओं को विकसित भारत के मार्ग को प्रशस्त करने में एक सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। देवनानी ने बताया कि केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान के सभी जिलों से चयनित 18 से 25 वर्ष के 140 युवा भाग लेंगे।

# ऐतिहासिक श्रीबारहभाई मेले का विधि-विधान से समापन, मेले की ध्वजा उतारी, सहयोगियों का सम्मान





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर के 167 वर्ष पुराने ऐतिहासिक श्रीबारहभाई मेले के सभी कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न होने पर शहर के पुराना बाजार स्थित मेला कार्यालय पर मेले की ध्वजा को विधि विधान से उतारा गया। इस दौरान एक कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सभी सहयोग करने वाले मीडियाकर्मियों का सम्मान किया गया। अध्यक्ष रामवीर पोसवाल के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी शिरकत की। मेला अध्यक्ष रामवीर पोसवाल ने बताया कि 167 वर्ष पुराना केवल बाड़ी ही नहीं धौलपुर जिले का ऐतिहासिक मेला है,जो सन् 1859 से लगातार आयोजित हो रहा है। नगरवासियों के आर्थिक सहयोग से इसका आयोजन किया जाता है। मेला भगवान राम के अयोध्या आगमन की तर्ज पर निकलता है। जिसमें सभी नगरवासी और मेला कमेटी के पदाधिकारी करीब एक महीने तक मेहनत करते हैं। इस बार यह आयोजन 20, 21 और 22 मार्च को सम्पन्न हुआ है। अब मेले की ध्वजा जो होली की दौज पर मेला कार्यालय पर स्थापित की गई थी। उसे विधि विधान से उतारा गया है और मेला संपन्न हुआ है। मेला आयोजन के इस समापन कार्यक्रम में अध्यक्ष रामवीर पोसवाल के साथ महामंत्री पवन चंसौरिया,पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक डॉ. वीरेंद्र यादव,मेला संयोजक राजकुमार भारद्वाज, पार्षद अमर सिंह पोसवाल, सतीश प्रजापति सहित शहर के तमाम लोग मौजूद रहे।

# पहली बार उपभोक्ता आयोग गांव की चौपाल पर करेगा सुनवाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने न्याय सब के लिए और त्वरित न्याय सिद्धांत को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए नवाचार करते हुए गांव की चौपाल में उपभोक्ता आयोग की न्याय टेबल पर आपसी समझाइश से मुकदमों का निस्तारण करवाने का निर्णय किया है। जानकारी के अनुसार 26 मार्च बुधवार को पिलानी के नजदीक कुलहरियों का बास में रात्रि चौपाल लगेगी ।जिसमें उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील के द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुना जायेगा और मौके पर लोक अदालत की पवित्र भावना में आपसी समझाइश से जिला आयोग में लम्बित प्रकरणों के साथ-साथ पीड़ित उपभोक्ताओं की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों का भी निस्तारण करवाया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक एवं बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्राम सेवा सहकारी सोसाइटी ढंढार के अध्यक्ष रामस्वरूप लाम्बा ने बताया कि कुलहरियों का बास में उपभोक्ता आयोग की ओर से रात्रि चौपाल आयोजित होगी। जिसमें विद्युत, पेयजल, फसल बीमा, इंश्योरेंस, बैंक इत्यादि मामलों की उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील न्याय टेबल पर सुनवाई करेंगे और लोक अदालत की भावना से आपसी समझाइश से प्रकरणों का निस्तारण करवाने के साथ ही ग्रामीण परिवेश के उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत मिले हुए अधिकारों की जानकारी भी देंगे। उन्होंने आमजन से अपील की है कि कुलहरियों का बास में आयोजित हो रही रात्रि चौपाल में विद्युत विभाग से सम्बन्धित उपभोक्ता आयोग के लम्बित मुकदमों, वीसीआर एवं पीडीसी प्रकरणों और विद्युत कनेक्शनों के पीड़ितों को आयोग अध्यक्ष के द्वारा त्वरित न्याय मिलेगा। इसलिए उपभोक्ताओं को न्याय टेबल पर अपने मुकदमों का निस्तारण करवाने में आगे आकर पहल करनी चाहिए।

## पृष्ठ 1 का शेष....सीएम शर्मा बोले....

नारी का सम्मान समाज और देश-प्रदेश के विकास की पहली सीढ़ी है, इसीलिए राजस्थान दिवस समारोह का पहला कार्यक्रम हमने मातृशक्ति को समर्पित किया है।

**प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण के लिए किए अभूतपूर्व निर्णय**-मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र एवं राज्य की सरकारों ने महिला कल्याण के लिए अभूतपूर्व निर्णय किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षणका प्रावधान कर उनका सशक्तीकरण किया है। साथ ही, तीन तलाक के खिलाफसख्त कानून बनाकर मुस्लिम बहनों का जीवन भी तबाह होने से बचाया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान संचालित कर, बैंक खाते खुलवाकर, उज्ज्वला सिलेंडर देकर तथा जल जीवन मिशन के जरिए गांव-गांव में नल से जल पहुंचाकर प्रधानमंत्री ने महिलाओं को बड़ी राहत दी है।

**बालिकाओं को 5 हजार स्कूटियों का वितरण**-मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा साथिन बहनों के मानदेय में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी भी की है। वहीं अब लखपति दीदी की श्रेणी में आने वाली स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को ढाई प्रतिशत के बजाय डेढ़ प्रतिशत ब्याज दर पर एक लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज देवनारायणछात्रा स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि योजना तथा कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत 5 हजार स्कूटी एवं प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया है। योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित बालिकाओं को उन्होंने बधाई दी ।श्री शर्मा ने कहा कि कहा कि किशनगढ़ में फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल के माध्यम से प्रदेश की बेटियों को पायलट बनाया जा रहा है। भीलवाड़ा के हमीरगढ़ में फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल जल्द शुरू होने जा रहा है। प्रतापगढ़, झालावाड़ और झुंझुनूं में भी फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूलों की स्थापना के लिए एमओयू हो चुके हैं।

**वंचित, महिला, बुजुर्गऔर दिव्यांगों के कल्याण को समर्पित हमारा बजट**-शर्मा ने कहा कि बजट 2025-26 में हमने वंचित वर्गों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगों के लिए संचालित आवासीय संस्थानों का मैस भत्ता बढ़ाकर 3 हजार 250 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। सभी संभागीय मुख्यालयों पर 50 बेड के सरस्वती हाफवे होम्स के माध्यम से बालिका गृहों में निवास करने वाली बालिकाओं के 18 वर्ष की होने के बाद भी उन्हें हैंड होल्डिंग की जरूरत होने पर सुविधा भी दी जाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि नारी उत्थान के लिए प्रदेश में 10 जिला मुख्यालयों पर बालिका देखभाल संस्थान की स्थापना, नवगठित नगरीय निकायों सहित अन्य क्षेत्रों में महिलाओं हेतु 500 पिंक टॉयलेट का निर्माण, हर ब्लॉक पर रानी लक्ष्मी बाई केंद्र की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। सोलर दीदी के रूप में नया कैडर बनाकर आगामी वर्ष पहले चरण में स्वयं सहायता समूह की 25 हजार महिलाओं को सोलर दीदी के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही, राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को अंतिम 5 महीनों में अतिरिक्त पोषण के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण न्यूट्री किट योजना प्रारंभ की जा रही है।

**पारदर्शिता के साथ हो रहा भर्ती परीक्षाओं का आयोजन**-शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवा एवं महिलाओं को सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने की दृष्टि से निरंतर भर्तियां आयोजित कर रही हैं। इस बजट में भी हमने सवा लाख भर्तियों की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भर्तियां का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता के साथ कर रही है और हमारे एक साल के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। जबकि पूर्ववर्ती सरकार के समय में एक के बाद एक पेपरलीक हुए और युवाओं के सपनों के साथ विश्वासघात हुआ। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि महिलाओं के उत्थान के बिना देश और प्रदेश की प्रगति संभव नहीं है, इसलिए उन्होंने माता बहनों को केंद्र में रखते हुए विकास योजनाएं बनाई है। प्रदेश में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है ।बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजा जा रहा है ।राज्य बजट में भी महिलाओं को विभिन्न सौगाते दी गई है। इस दौरान पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत,उद्योग राज्यमंत्री के.के. बिश्नोई, विधायक श्रीचंद कृपलानी, आदूराम मेघवाल, हमीर सिंह, प्रियंका चौधरी, अरूण चौधरी, छोटूसिंह भाटी, प्रतापपुरी, रविन्द्र सिंह भाटी, प्रभारी सचिव सुबीर कुमार, महिला एवं बाल विकास विभाग शासन सचिव डॉ. महेंद्र सोनीसहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

**मुख्यमंत्री ने आधी आबादी को दी बड़ी सौगातें**-मुख्यमंत्री शर्मा ने महिला सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं की चयनित लाभार्थियों से संवाद किया औरयोजनान्तर्गत देय सहायता से लाभान्वित किया। मुख्यमंत्री ने अति कुपोषित बच्चों के लिए टेक होम राशन में दूध 15 ग्राम से 25 ग्राम देने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए ।महिला समूहों को लगभग 100 करोड़ रुपये की आजीविका संवर्धन निधि का हस्तान्तरणऔर 5 हजार महिलाओं को इंडेक्शन कुक टॉप का वितरण किया गया। साथ ही, उन्होंने स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस के अंतर्गत 164 छात्राओं को चयन पत्र का वितरण किया ।उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली के बीकानेर हाउस में राजीविका मेला शुरू किया गया है। शर्मा ने गार्गी पुरस्कार, बालिका प्रोत्साहन एवं मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना के अन्तर्गत 31 हजार 790 बालिकाओं को 13.16 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए राजकीय महाविद्यालयों के पुस्तकालयों में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसी क्रम में हमनेआज विभिन्न जिलों के 36 महिला महाविद्यालयों में ये सुविधा प्रारंभ की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बर्तन बैंक योजना और सोलर दीदी के दिशा-निर्देश भी जारी किए।

## दो दिवसीय आईटी ...

विजेताओं को फंडिंग और मेंटरशिप के अवसर मिलेंगे।

**स्टार्टअप बाजार:** 25 उत्पाद-आधारित कंपनियां अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगी।

**स्टार्टअप एक्सपो: 50 होनहार टेक स्टार्टअप्स और 25 शैक्षणिक संस्थानों के नवाचारों का प्रदर्शन होगा।**

**क्षमता निर्माण कार्यशालाएं:** 500 से अधिक प्रतिभागियों के लिए एवीजीसी-एक्सआर, कोडिंग, रोबोटिक्स, एआई और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**गेम जैम:** 50 तकनीकी उत्साही और गेमर्स को वीआर गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स का प्रतिस्पर्धी अनुभव प्रदान किया जाएगा।

**एवीजीसी-एक्सआर प्रतिभा प्रदर्शन:** राजस्थान के फिल्म निर्माताओं और डिजिटल सिनेमा के नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान किया जाएगा।

**आईटी मंत्री देंगे ई-गवर्नेंस पुरस्कार**

आयोजन का समापन समारोह 28 मार्च को दोपहर 3 बजे से आयोजित किया जाएगा। आईटी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड उपस्थिति में समापन समारोह में विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही ई-गवर्नेंस पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर ओबीएमएस पोर्टल और मोबाइल ऐप का लॉन्चिंग, रोजगार विभाग की नई वेबसाइट का उद्घाटन, स्टार्टअप्स को फंडिंग चेक वितरण और अटल उद्यमिता कार्यक्रम (एईपी) का शुभारंभ भी किया जाएगा।

# एटीएम लूट का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

▶▶ देश में 24 से ज्यादा वारदातों को दिया था अंजाम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने देशभर में दर्जनों एटीएम तोड़ चुके शातिर लुटेरे को फिर से पकड़ लिया है और उसे असम पुलिस के हवाले कर दिया है। देश के कई राज्यों की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मामले को लेकर जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि फलौदी के मलार में रहने वाले हासमुद्दीन को गिरफ्तार करने में साइक्लोन टीम की बड़ी भूमिका रही है। हासमुद्दीन एटीएम काटकर रुपए लूटने का मास्टरमाइंड है। उसने कुख्यात मेवात गैंग के साथ मिलकर देशभर में एटीएम लूट की वारदातों को अंजाम दिया है।



### जेल से बाहर आकर करने लगा लूट

जेल से बाहर आने के बाद आरोपी ने फिर से अपने पुराने धंधे में हाथ आजमाया और एटीएम हैक करने वाली मेवात गैंग से संपर्क किया। मेवात गैंग से संपर्क करने के बाद वह बांग्लादेश की सीमा से लगते पूर्वी राज्यों में वारदात करने चला गया। असम में दो अलग-अलग एटीएम से करीब 70 लाख रुपए लूटने के बाद वह वापस लौट आया। लूट की सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद असम पुलिस ने सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर से आरोपी की फोटो पहचानी। जिसके बाद वह वह आरोपी की तलाश में असम की टीम राजस्थान पहुंची। यहां आने के बाद साइबर जांच में दक्ष साइक्लोन टीम के साथ संयुक्त अभियान चलाया।

### ऐसे पकड़ा गया मास्टरमाइंड हासमुद्दीन

टीम के एक सदस्य ने खुद को मेवात गैंग का सदस्य बताते हुए हासमुद्दीन से मुलाकात की और उसे तुरंत बाहर जाने को कहा और उसके बेटे को भी साथ ले गया। बेटे को साथ लेकर वे फलौदी के रण क्षेत्र में नमक की खदान पहुंचे और जहां वह गार्ड ड्यूटी पर था, वहां से अपराधी को बरामद कर लिया।

### आठ महीने बाद जेल से हुआ था रिहा

आईजी विकास कुमार ने आगे बताया कि पिछले साल महाराष्ट्र समेत कई राज्यों की पुलिस ने जोधपुर रेंज कार्यालय से संपर्क किया था। उन्हें एटीएम लूट में मारवाड़ गैंग का हाथ होने का शक था। टीम ने पिछले साल हासमुद्दीन को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने 12 से ज्यादा एटीएम लूटने की बात कबूल की थी। हासमुद्दीन को कई राज्यों की पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर ले चुकी थी।

## जोधपुर : आर्मी जवान ने सर्विस रिवॉल्वर से की आत्महत्या

**जोधपुर।** जोधपुर में एक आर्मी जवान द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बादीपुर बेलगांडा के रहने वाले जवान राकेश कुमार मंडल ने अपनी सर्विस



रिवॉल्वर से सीने में गोली मार ली, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर करवड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया और बाद में परिजनों को सौंप दिया गया। राकेश कुमार मंडल नागतालाब आर्मी एरिया में पोस्टेड थे और उनकी ड्यूटी सुरक्षा पोस्ट पर थी। करवड़ थाने के सब-इंस्पेक्टर महेंद्र कुमार ने बताया कि राकेश कुमार आर्मी एरिया में ही निवास करते थे। पुलिस के अनुसार, आत्महत्या के पीछे के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सीने में गोली लगने की पुष्टि हुई है। एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने साक्ष्य जुटाए हैं।

### सेना की निगरानी में जांच जारी

■ घटना को लेकर सेना के सूबेदार ने करवड़ थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि सेना के अधिकारी मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं। फिलहाल, जवान के आत्महत्या करने की वजहों को लेकर जांच जारी है। इस दुखद घटना ने सैन्य क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है।

# ऐतिहासिक सोनार दुर्ग में बनेगा नया मार्ग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** दुनिया के चुनिंदा रिहायशी दुर्गों में शुमार जैसलमेर के सोनार किला में आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग निकाले जाने की कवायद एक बार फिर तेज हो गई है। गत शनिवार को जैसलमेर यात्रा पर आए केंद्रीय पर्यटन और कला-संस्कृति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने यहां सर्किट हाउस में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और नगरपरिषद के अधिकारियों के साथ सोनार दुर्ग के संबंध में बैठक की। इसमें मुख्य रूप से दुर्ग से दूसरा रास्ता निकालने पर विचार विमर्श किया गया। शेखावत ने अधिकारियों से कहा कि इस संबंध में शीघ्रता से कार्रवाई की जाए। बताया जाता है कि आने वाले दिनों में नगरपरिषद की तरफ से वैकल्पिक रास्ते के संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करवाई जाएगी और उसे एएसआई को सौंपा जाएगा। यह कार्य अंतिम तौर पर एएसआइ को ही करवाना है। अब तक एएसआइ सोनार दुर्ग की मौलिकता का हवाला देते हुए वैकल्पिक मार्ग के मसले को दरकिनार करता रहा है, लेकिन अब जैसलमेर क्षेत्र से जुड़े रहने वाले गजेंद्रसिंह शेखावत ही विभागीय केबिनेट मंत्री हैं और उनकी मंशा लाखों सैलानियों की सुगमतापूर्वक आवाजाही सुनिश्चित करना है, तो माना जा रहा है कि इस कार्य में अब अड़चन नहीं आएगी। यह आने वाले समय में ही तय होगा कि दुर्ग का वैकल्पिक मार्ग कहां से निकाला जाए, लेकिन पूर्व में सरकारी स्तर पर करवाए गए सर्वे में रिंग रोड की तरफ से रास्ता निकालना सबसे ज्यादा मुफीद माना गया है। गौरतलब है कि राजस्थान पत्रिका दुर्ग के लिए वैकल्पिक मार्ग की जरूरत को पिछले कई वर्षों से प्रमुखता से उठाता रहा है और अब पत्रिका की यह मुहिम रंग लाती नजर भी आ रही है। भूकंप और तूफान जैसी प्राकृतिक घटनाओं के समय हर बार ऐतिहासिक सोनार किले में वैकल्पिक मार्ग की जरूरत महसूस की जाती है।



# सरकारी हॉस्पीटल की गैलरी में दौड़ाई स्कूटी

**बाड़मेर।** सरकारी हॉस्पिटल की गैलरी में इलेक्ट्रिक स्कूटी दौड़ाई गई। हैरानी की बात यह है कि हॉस्पिटल में 35 सिक्योरिटी गार्ड कार्यरत हैं। इसके बावजूद किसी ने स्कूटी सवार को नहीं रोका। गैलरी से गुजर रही स्कूटी को देखकर मरीज और उनके परिजन भी चौंक गए। यह वीडियो बाड़मेर मेडिकल कॉलेज के गवर्नमेंट हॉस्पीटल का है। वीडियो सामने आने के बाद हॉस्पीटल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई। वीडियो में ओला की इलेक्ट्रिक स्कूटी हॉस्पीटल की पुरानी बिल्डिंग में वार्डों की गैलरी में से गुजरती दिख रही है। केवल स्कूटी का आगे का हिस्सा, स्पीड मीटर और गैलरी में आते-जाते मरीज व उनके परिजन ही नजर आ रहे हैं। पंजाबी सॉन्ग भी सुनाई दे रहा है। 14 सेकेंड के वीडियो को युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रील के रूप में शेयर किया है। पीएमओ बोले- सीसीटीवी फुटेज चेक कर रहे हैं, कार्रवाई करेंगे पीएमओ डा. बीएल मंसूरिया का कहना है- यह वीडियो 16 मार्च को प्रकाश सेन नाम युवक ने इंस्टाग्राम पर खुद की आईडी से अपलोड किया है। वीडियो में किसी का चेहरा नहीं दिख रहा है। हॉस्पीटल के सीसीटीवी कैमरे भी चेक कर रहे हैं। युवक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाएंगे। सुरक्षा में चूक के सवाल पर पीएमओ ने कहा- सुबह के समय पुरानी बिल्डिंग गेट के आगे सिक्योरिटी गार्ड को लगाया जाता है। लेकिन, रात को यह गेट बंद हो जाता है। जिस जगह का वीडियो है, उस जगह एक शिफ्ट होती है। फिर गेट बंद कर दिया जाता है। गार्ड निकलने के बाद का वीडियो है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वीडियो रात को करीब सात-आठ बजे शूट किया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हॉस्पिटल में फिलहाल 35 सिक्योरिटी गार्ड कार्यरत हैं, जो आठ-आट घंटे की शिफ्ट में काम करते हैं। बच्चा चोरी होने का मामला भी सामने आया था।



# जैसलमेर में पाकिस्तानी जासूस पकड़ा

▶▶ सेना के क्षेत्र के वीडियो और फोटो भेजने का शक

**जैसलमेर।** जैसलमेर के मोहनगढ़ नहरी इलाके से सुरक्षा एजेंसियों ने एक पाकिस्तानी जासूस को पकड़ा है। पकड़े गए जासूस पर भारत की खुफिया जानकारियां पाकिस्तान भेजने का शक है। सुरक्षा एजेंसियों ने पुलिस के साथ मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पकड़ा गया जासूस पठान खान (40) निवासी करमो की ढाणी, चांधन जैसलमेर है। जिसे सोमवार देर रात तीन बजे नहरी इलाके की जीरो आरडी से पकड़ा है। सुरक्षा एजेंसियां पठान खान से पाकिस्तान भेजी गई खुफिया जानकारियों को लेकर पड़ताल कर रही है। पठान खान के रिश्तेदार पाकिस्तान में रहते हैं। पठान खान साल 2019 में पाकिस्तान भी जाकर आया था। इसके बाद से वह लगातार पाकिस्तान सूचनाएं भेज रहा था। शक के चलते सुरक्षा एजेंसियां भी उस पर नजर बनाए हुई थी। सूत्रों के अनुसार मोहनगढ़ नहरी इलाके के जीरो आरडी में पठान खान का खेत है। पिछले काफी समय से पठान खान आर्मी क्षेत्र के वीडियो और फोटो पाकिस्तान भेज रहा था। सुरक्षा एजेंसियां उसके मोबाइल की जांच कर रही है।

जैसलमेर में 18 मार्च की शाम को भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र के नाचना थाना इलाके के नूर की चक्की के पास पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में युवक को पकड़ा था। इस युवक के पास से चार अलग-अलग राज्यों के आधार कार्ड बरामद हुए थे। वहीं मोबाइल भी बरामद हुआ था। पकड़ा गया युवक कभी अपना नाम रवि किशन तो कभी शाही प्रताप बता रहा था।



## जैसलमेर : सीजन में पहली बार पारा 40 डिग्री पहुंचा

**जैसलमेर।** जैसलमेर में गर्मी का असर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। सोमवार को इस सीजन में पहली बार पारा 40 डिग्री पर पहुंच गया। वहीं रात का पारा भी 22 डिग्री पार रहा। जिले में सुबह 10 बजे से ही सूर्य देवता का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। दोपहर होते होते तेज धूप लोगों को बेहाल कर देती है। लोग तल्ख धूप व गर्मी से बचने का जुगाड़ करते नजर आते हैं। आमतौर पर होली के बाद से गर्मी असर दिखाने लगती है। लेकिन इस बार होली से पहले ही गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिले। हालांकि मौसम विभाग ने आगामी दो दिन तक उत्तरी हवाएं चलने से गर्मी से राहत मिलने की संभावना जताई है। उसके बाद फिर से गर्मी का असर तेज हो जाएगा। अप्रैल के शुरुआत में ही गर्मी के और भी तेज होने की संभावना है। जैसलमेर जिले में पिछले पांच दिनों से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पांच दिनों में अधिकतम तापमान छह डिग्री बढ़ चुका है। वहीं पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में चार डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। सोमवार को दिन के पारे में 0.2 डिग्री व रात के पारे में एक डिग्री की बढ़ोतरी हुई। अधिकतम तापमान 40 डिग्री व न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व जैसलमेर जिले के लिए मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों के लिए कोई चेतावनी नहीं दी है। हालांकि दो दिन हवाएं चलने के साथ बादल छाए रहने की संभावना है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि 25 व 26 मार्च को जैसलमेर जिले में 20 से 30 कि.मी. प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। इसके साथ ही आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। दो दिन उत्तरी हवाओं के प्रभाव से तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट होने की संभावना है।



# गांवों को नगरपरिषद में शामिल करने का विरोध तेज

**जैसलमेर।** राज्य सरकार ने जैसलमेर शहर का दायरा बढ़ाते हुए इसमें अमरसागर और किशन घाट को शामिल करने का निर्णय लिया है। दोनों गांव के लोग इसके खिलाफ उतर आए हैं। ग्रामीणों ने निर्णय का विरोध किया है और सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन। भारी संख्या में शामिल हुए ग्रामीणों में महिलाएं भी शामिल रही। ग्रामीणों ने रैली निकालकर कलेक्टर ऑफिस के बाहर नारेबाजी की। ग्रामीणों की मांग है कि दोनों गांवों को पंचायती राज में ही रखा जाए। अन्यथा उग्र आंदोलन की राह पकड़नी पड़ेगी। गौरतलब है कि पूर्व में सरकार द्वारा अमरसागर-किशन घाट को पंचायती राज से हटाकर शहर में शामिल नहीं करने का निर्णय लिया, इसके बाद परिसीमन के लिए कमेटियों का गठन किया गया। जिसमें इन दोनों गांवों को शहर में शामिल नहीं करते हुए खाका तैयार किया गया। इसी बीच अब सरकार द्वारा हाल ही में अधिसूचना जारी कर दी गई और इन दोनों गांवों को शहर में शामिल करने पर मुहर लगा दी। जिससे दोनों गांवों के लोग नाराज हैं और इसके विरोध में ज्ञापन दे रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि उन्हें पंचायती राज विभाग से नहीं हटाया जाए।



# जोधपुर में NEET का विद्यार्थी फंदे पर लटका

▶▶ हॉस्टल के कमरे में शव मिला

**जोधपुर।** जोधपुर में 19 साल के NEET स्टूडेंट ने सोमवार दोपहर में विद्यार्थी कर लिया। हॉस्टल में फंदे पर लटका हुआ शव मिला है। कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लिखा है- सॉरी मुझे माफ कर देना चिन्नू। इसकी पड़ताल में पुलिस जुट गई है कि आखिर उसने किससे माफी मांगी है। रोहित भाटी उर्फ चिन्नू (19) चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, सेक्टर-17 स्थित दीक्षा क्लासेस के हॉस्टल में रहता था। वह एक साल पहले ही जोधपुर आया था। वह मूल रूप से ब्यावर के रास का रहने वाला था। हॉस्टल मालिक ने ही सबसे पहले उसे फंदे पर लटका हुआ देखा था और पुलिस को सूचना दी थी। रोहित के पिता मोहनलाल माली और अन्य परिवार वाले जोधपुर पहुंच गए थे। एम्स में पोस्टमॉर्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिवार वालों को सौंप दिया। उधर, रोहित के मोबाइल की सीडीआर निकालने की तैयारी में है। पुलिस का मानना है कि इसके बाद ही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# व्यापार जगत

# एक मई से एटीएम से कैश निकालना पड़ेगा महंगा



▶▶ आरबीआई ने बढ़ाया चार्ज

**मुंबई।** अगर आप एटीएम मशीन से पैसे निकालते हैं तो आपके लिए बड़ी खबर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाले दिनों में एटीएम से कैश निकालना महंगा पड़ सकता है। दरअसल, मंगलवार को डीडी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक मई से एटीएम से कैश निकालना महंगा होने वाला है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इंटरचेंज फीस बढ़ा दी है। यह बढ़ी हुई फीस तब लागू होगी जब ग्राहक अन्य एटीएम से मुफ्त ट्रांजैक्शन लिमिट पार के बाद भी कैश निकालते हैं। बता दें कि अन्य बैंकों के एटीएम से मुफ्त ट्रांजैक्शन की लिमिट मेट्रो शहरों में पांच और गैर-मेट्रो सिटीज में तीन है। इसके बाद के ट्रांजैक्शन पर अतिरिक्त चार्ज लगेगा। एटीएम इंटरचेंज फीस एक ऐसा शुल्क है जो एक बैंक दूसरे बैंक को एटीएम सेवाएं प्रदान करने के लिए देता है। यह शुल्क, आमतौर पर प्रति लेनदेन एक निश्चित राशि होती है, जिसे अक्सर ग्राहकों को उनकी बैंकिंग लागत के हिस्से के रूप में दिया जाता है।

### किस सर्विस के लिए कितना लगेगा चार्ज ?

एक मई से ग्राहकों को मुफ्त सीमा से परे प्रत्येक वित्तीय लेनदेन के लिए दो रुपए अतिरिक्त देने होंगे।
गैर-वित्तीय लेनदेन, जैसे बैलेंस पूछताछ के लिए शुल्क में एक रुपए की बढ़ोतरी होगी।
नतीजतन, एटीएम से कैश निकालने पर प्रति लेनदेन 19 रुपए खर्च होंगे, जो पहले 17 रुपए था।

### यूपीआई बढ़ने से एटीएम की डिमांड कम

आरबीआई ने व्हाइट-लेबल एटीएम ऑपरेटरों के अनुरोधों के बाद इन चार्जेस को रिवाइज करने का फैसला किया, जिन्होंने तर्क दिया कि बढ़ते ऑपरेशनल खर्च उनके कारोबार को प्रभावित कर रहे हैं। शुल्कों में बढ़ोतरी पूरे देश में लागू होगी और इसका असर ग्राहकों, खासकर छोटे बैंकों के ग्राहकों पर पड़ने की उम्मीद है। ये बैंक एटीएम इंफ्रास्ट्रक्चर और संबंधित सेवाओं के लिए बड़े वित्तीय संस्थानों पर निर्भर हैं, जिससे वे बढ़ती लागतों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। यूपीआई पेमेंट बढ़ने से एटीएम की डिमांड कम हुई है। एक समय एटीएम को क्रांतिकारी बैंकिंग सेवा के रूप में देखा जाता था। हालांकि, डिजिटल भुगतान के बढ़ने के कारण यह भारत में संघर्ष कर रहा है। ऑनलाइन वॉलेट और यूपीआई लेनदेन की सुविधा ने एटीएम कैश निकासी की आवश्यकता को काफी कम कर दिया है। सरकारी डेटा से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2014 में भारत में डिजिटल भुगतान का वैल्यू 952 लाख करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023 तक आंकड़ा 3,658 लाख करोड़ रुपए हो गया।

# अमेरिका ने च्युइंग गम में खोजे प्लास्टिक के टुकड़े!

**नई दिल्ली।** आप भी च्युइंग गम चबाने के शौकीन हैं तो यह खबर जरूर पढ़ें। वैज्ञानिकों ने एक चौंकाने वाली बात पता लगाई है। च्युइंग गम चबाने से हमारे मुंह में बहुत छोटे प्लास्टिक के टुकड़े या माइक्रोप्लास्टिक जाते हैं। ये च्युइंग गम से निकले लार के साथ सीधे पेट में जाते हैं।
इससे माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को लेकर चिंता और बढ़ गई है। माइक्रोप्लास्टिक का मतलब है प्लास्टिक के बहुत छोटे कण। सैन डिएगो में पिछले दिनों अमेरिकन केमिकल सोसाइटी की एक मीटिंग हुई थी। इसमें एक रिसर्च पेपर पेश किया गया था। इस रिसर्च में देखा गया कि च्युइंग गम से कैसे लोग माइक्रोप्लास्टिक निगल रहे हैं। अमेरिका में लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने यह रिसर्च की है। उन्होंने अलग-अलग ब्रांड के च्युइंग गम चबाने के बाद लार के सैंपल लिए। UCLA की एक छात्रा, लिसा लोवे ने दस अलग-अलग ब्रांड के सात च्युइंग गम चबाए। फिर वैज्ञानिकों ने उनकी लार का केमिकल एनालिसिस किया। जांच में उन्होंने पाया कि एक ग्राम गम से औसतन 100 माइक्रोप्लास्टिक के टुकड़े निकलते हैं। कुछ गम तो 600 से भी ज्यादा टुकड़े छोड़ रहे थे। एक सामान्य च्युइंग गम का वजन लगभग 1.5 ग्राम होता है। इस हिसाब से जो लोग रोज च्युइंग गम चबाते हैं, वे हर साल 30,000 तक माइक्रोप्लास्टिक के टुकड़े निगल सकते हैं। इस रिसर्च के दौरान माइक्रोप्लास्टिक हमारे शरीर के कई हिस्सों में पाए गए हैं। जैसे कि फेफड़े, खून की शिराओं और दिमाग में। हालांकि, इस रिसर्च के मुख्य वैज्ञानिक, संजय मोहंती ने कहा, "मैं लोगों को डराना नहीं चाहता।" अभी तक ये साबित नहीं हुआ है कि माइक्रोप्लास्टिक से इंसानों को नुकसान होता है। लेकिन इतनी ज्यादा मात्रा में इनका मिलना चिंता की बात है। बाजार में बिकने वाले ज्यादातर च्युइंग गम सिंथेटिक होते हैं। सिंथेटिक मतलब जो प्राकृतिक नहीं होते। इनमें पेट्रोलियम से बने पॉलीमर होते हैं। पॉलीमर एक तरह का केमिकल होता है जिससे गम को चबाने में अच्छा लगता है। लेकिन पैकेट पर प्लास्टिक का नाम नहीं लिखा होता। वहां सिर्फ "गम-बेस" लिखा होता है।



## आप का राशिफल 26 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलायेंगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7

# नरम पड़े तेवर, सोने-चांदी के गिरे भाव

**मुंबई।** शादियों के सीजन से पहले आज भी सोने-चांदी के रेट में गिरावट है। बिना जीएसटी 24 कैरेट गोल्ड मंगलवार को 160 रुपए सस्ता होकर 87559 रुपए पर खुला। दूसरी ओर, चांदी के रेट में 29 रुपए की मामूली गिरावट हुई है। मंगलवार को चांदी 97378 रुपए प्रति किलो की दर से खुली। ये रेट बिना जीएसटी के हैं। अगर तीन पर्सेंट जीएसटी जोड़ लें तो मंगलवार को सोने के भाव 90185 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी के 100299 रुपए प्रति किलो पर पहुंच रहे हैं। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपए का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा पांच बजे के आसपास। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी मंगलवार को 323 रुपए सस्ता होकर 87493 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर एक बजे के करीब 297 रुपए कम होकर 80466 रुपये पर खुला।

### इस साल अब तक सोना 11819 रुपए उछला

इस गिरावट के बावजूद मार्च में अब तक सोना 2503 रुपए और चांदी 3898 रुपए उछल चुकी है। 28 फरवरी को सोने का भाव 85056 रुपए था। जबकि चांदी की कीमत 93480 रुपए। अगर साल 2025 की बात करें तो इस साल अब तक सोना 11819 रुपए और चांदी 11361 रुपए महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 75740 रुपए पर बंद हुआ था। चांदी भी 86017 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी। बता दें 20 मार्च को पहली बार सोना 88761 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा था। जबकि, चांदी 18 मार्च को 100400 रुपए प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पहुंची थी।

# जोमैटो-स्विगी के शेयरों में इस साल 40% तक गिरावट

**नई दिल्ली।** जोमैटो और स्विगी के शेयरों में इस साल भारी गिरावट देखी गई है। स्विगी का शेयर 2025 के अपने उच्चतम स्तर से लगभग 40% नीचे आ चुका है, जबकि जोमैटो 27% गिरा है। यह गिरावट तब आई है जब इन कंपनियों ने इस वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही (Q3) के नतीजे बाजार की उम्मीदों से कम दिखाए। आज भी जोमैटो के शेयर पांच फीसद से अधिक टूटकर 211 रुपए के आसपास आ गए हैं। स्विगी भी दो फीसद से अधिक टूटकर 344 रुपए पर आ गया है। इसी बीच, जोमैटो और स्विगी के क्विक कॉमर्स प्रतिद्वंद्वी जेप्टो भी उन्हें टेंशन दे रहा है। जेप्टो के $250 मिलियन के सेकेंडरी सेल (IPO से पहले कुछ शेयरधारकों द्वारा हिस्सेदारी बेचने) की खबर ने भी इन शेयरों पर दबाव बनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, जेप्टो आईपीओ से पहले भारतीय निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए यह कदम उठा रहा है। जोमैटो के साईओ राकेश रंजन ने 20 जनवरी को शेयरधारकों को लिखे पत्र में कहा, "नवंबर के दूसरे हफ्ते से मांग में व्यापक गिरावट देखी जा रही है।" स्विगी के सीईओ रोहित कपूर ने पींच फरवरी को Q3 नतीजों के बाद कहा, "यह तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) थोड़ी कमजोर रही, लेकिन हम 19.2% की ग्रोथ के साथ बाजार को दिए गए 18-22% के अनुमान के भीतर हैं।" जोमैटो और स्विगी के बीच क्विक कॉमर्स में मार्केट शेयर को लेकर जंग जारी है, जबकि नए खिलाड़ी (जैसे जेप्टो) भी मैदान में आ गए हैं।




### ▶▶ ब्रोकरेज का नजरिया : कुछ को उम्मीद, कुछ को चिंता

जेएम फाइनेंशियल ने स्विगी पर 'Buy' रेटिंग बरकरार रखी है, जिसका टारगेट प्राइस 500 (मौजूदा मूल्य से ~46% ऊपर) है। उनका कहना है कि स्विगी जल्द ही बी2बी सप्लाई बिजनेस (Assure नामक ऐप) लॉन्च कर सकता है, जो जोमैटो के हाइपरप्योर से सीधी टक्कर लेगा। मैक्कुएर क्विक कॉमर्स सेक्टर को लेकर सतर्क है, लेकिन उसे Dine-out (रेस्तरां में खाने) से जुड़े बिजनेस मॉडल ज्यादा पसंद हैं। स्विगी और जोमैटो के शेयरों में गिरावट के बावजूद, कुछ ब्रोकरेज अभी भी इनमें संभावना देख रही हैं। जेप्टो का आईपीओ आने वाला है, जिससे क्विक कॉमर्स सेक्टर में प्रतिस्पर्धा और बढ़ सकती है। मांग में कमी अभी भी एक बड़ी चुनौती है, लेकिन कंपनियों का कहना है कि ग्रोथ उनके अनुमान के भीतर है।

# बालकों के नैतिक विकास एवं आध्यात्मिक भावनाओं को जागृत करने का कार्य करती है विद्या भारती : दवे

## वार्षिकोत्सव ज्ञान- 2025 का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक पैवेलियन में मंगलवार शाम को वार्षिकोत्सव 'ज्ञान 2025' का आयोजन किया गया। विद्या मंदिर के प्रवक्ता कैलाश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में वाण आश्रम के राजूगिरी, योगी किशोर दास, अक्षरधाम सिरोही के अमृत वल्लभदास, संत भजनाराम, विशिष्ट अतिथि डॉ नरेन्द्रसिंह सोलंकी, समाजसेवी दलपत राजपुरोहित, एसबीआई के मुख्य प्रबंधक हरिसिंह गहलोत, लक्ष्मण सुथार,पुरणसिंह राठौड़ एवं मुख्य वक्त। विद्या भारती जोधपुर प्रांत के सचिव महेन्द्र कुमार दवे के आतिथ्य में शुरु हुआ। अतिथियों का परिचय एवं स्वागत कला संकाय प्रभारी कालुराम ने करवाया। विद्या मंदिर का वार्षिक प्रतिवेदन प्रधानाचार्य राजेश कुमार त्रिवेदी ने प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता दवे ने कहा कि विद्या भारती बालकों के नैतिक विकास एवं आध्यात्मिक भावनाओं को जागृत करने का कार्य करती हैं। विद्या भारती द्वारा संचालित विद्या मंदिरों में राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत एवं भारतीय संस्कारों से युक्त शिक्षा देकर राष्ट्र के विकास के लिए चिंतनशील राष्ट्र भक्त बालकों का निर्माण करने का कार्य हो रहा हैं। ताकि इस राष्ट्र से भ्रष्टाचार एवं आतंकवाद जैसी ज्वलंत समस्याऐं समूल नष्ट हो। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओत प्रोत एंकाकी, नृत्य, सामुहिक नृत्य समेत अनेक राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत कार्य' मों की प्रस्तुतियां दी। जिले का रोबोटिक एवं ऑडियो विजुअल से अध्ययन का एकमात्र केन्द्र का अटल टिंकरिंग लेब में आचार्य प्रदीप कुम्हार व हेमंत रावल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने 30 मॉडल तैयार किए।



### कार्यक्रम में यह रहे अतिथि

आदर्श समिति अध्यक्ष कैलाश जोशी, व्यवस्थापक शंकरलाल पटेल, कोषाध्यक्ष छगनलाल माली, सहकोषाध्यक्ष भंवरसिंह, जिला सचिव लकाराम, प्रबंध समिति के व्यवस्थापकी घनश्याम माली, कोषाध्यक्ष इन्दरमल पुरोहित, गौरव काशिवा, हंजारीमल छीपा, प्रभारी हरिसिंह सिंदल, जिला कार्यालय प्रमुख प्रकाश माली, बालिका विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य मधुसूदन त्रिवेदी, रामझरोखा प्रभारी गुडिया प्रजापत, जयगोपाल पुरोहित, राकेश पुरोहित, आचार्य देवाराम, श्रवण कुमार, जितेन्द्र कुमार, विक्रम कुमार, भावेश, प्रदीपसिंह, कालूराम, सुरेश कुमार, विक्रमसिंह, ललित कुमार, कमलेश परिहार, प्रकाश कुमार, विरेन्द्रसिंह, सुरेन्द्रसिंह,



नरेष माली, सुधा गुप्ता, नीलम बारड, कमला, कुनिका सोलंकी, कविता कंसारा सीमा सारस्वत, कमला खत्री एवं मीनाक्षी वाघेला जिले के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं अभिभावक मौजूद रहे। समारोह में अतिथियों ने आचार्य एवं विद्यार्थियों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य कालूराम व आयुष भाटी ने किया। व्यवस्थापक माली ने आभार व्यक्त किया। अंत में सर्वे भवन्तु सुखिन शांती पाठ के साथ समापन हुआ।

## शब-ए-कद्र कल : हजार साल की इबादत के बराबर एक रात

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** पवित्र रमजान महीने के दौरान आने वाली 27वीं रात, जिसे शब-ए-कद्र कहा जाता है, इस बार 27 मार्च गुरुवार को आएगी। इस रात को इस्लाम में हजार महीनों की इबादत के बराबर माना गया है। मुस्लिम समाज के लोग इस रात को खास इबादतों में गुजारते हैं और अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। इस रात को लेकर बाली और आसपास के इलाकों की मस्जिदों व इबादतगाहों को खूबसूरती से सजाया गया है। रोशनी और लाइटिंग से मस्जिदें जगमगा रही हैं। इस मौके पर विशेष नमाज, कुरान की तिलावत और दुआओं का आयोजन किया जाएगा। शु' वार को रमजान का आखिरी जुमा भी रहेगा, जिसे अलविदा जुमा कहा जाता है। इस दिन मस्जिदों में बड़ी संया में नमाजी इकट्ठा होंगे और रमजान के आखिरी जुमे की नमाज अदा करेंगे। रमजान के इस पाक मौके पर बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। खासतौर पर मुस्लिम महिलाएं खरीदारी में व्यस्त हैं। इत्र, चूड़ियां, कपड़े और सेवइयां खरीदने के लिए बाजारों में भीड़ उमड़ रही है। इस्लामी विद्वानों का कहना है कि शब-ए-कद्र की रात में इबादत करने वाले को अल्लाह बड़े अज्र से नवाजता है और उसके पिछले गुनाह माफ कर दिए जाते हैं।

## तहसील कार्यालय में कार्य के प्रति उदासीनता, परेशान इ-मित्र संचालक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** ई-मित्र एसोसिएशन ब्लॉक आबूरोड, शहरी एवं ग्रामीण की ओर से तहसील कार्यालय में कार्य के प्रति उदासीनता के चलते जिला कलक्टर व सीएम को ज्ञापन भेजा गया। साथ ही सीएमओ में भी परिवाद दर्ज करवाया गया। ज्ञापन के अनुसार तहसील कार्यालय में लंबे समय से डिजिटल प्रमाण पत्र लंबित चल रहे है। बिना किसी दस्तावेजो के अभाव में समस्त प्रमाण पत्र ईडबल्यूएस, टीएसपी, जाति प्रमाण, मूल निवास आदि प्रमाण पत्रों को बिना किसी कारण ई-मित्र कियोस्क संचालको को सेंड बेक टू ई.मित्र (रिटर्न) कर दिया जाता है। जो नियमावली के अनुसार दस्तावेज पूर्ण होते हुए भी समस्त प्रमाण पत्र में छोटी-छोटी त्रुटिया निकालकर आमजन ग्रामीण व शहरी नागरिको को परेशांन किया जा रहा है। प्रतिदिन आमजन ई-मित्र के चक्कर काट कर परेशान हो रहे है। पूर्व में जो दस्तावेज उक्त प्रमाण पत्रों में जो प्रस्तुत किए जाते थे। वही दस्तावेज वर्तमान में प्रत्येक प्रमाण पत्र में प्रस्तुत किए जा रहे है। लेकिन, तहसील कार्यालय में कार्यरत एक माह पूर्व ही उदयपुर से स्थांतरण होकर पहुंचे कार्मिक सूचना सहायक तेजस कुमार को जाति, मूल, ईडब्ल्यूएस, टीएसपी प्रमाण पत्र को प्रथम स्तर से अनुमोदन करने में लगाया गया है। जिनके द्वारा कार्य के प्रति पूर्ण उदासीनता व असंतोसजनक कार्यप्रणाली है। उक्त कार्मिक को नियमावली की सम्पूर्ण जानकारी नहीं है। कार्मिक द्वारा जाति,मूल, ईडब्ल्यूएस, टीएसपी प्रमाण पत्र पूर्ण दस्तावेजो में छोटी.मोटी त्रुटिया निकाल कर ऑनलाइन ई.मित्र संचालको को सेंड बेक किया जा रहा है। ज्ञापन में कार्मिक द्वारा नियमावली के अनुसार अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजो को पूर्ण अध्ययन नहीं किया जा रहा हैं। दस्तावेज सलग्न है उन्ही पर टिप्पणी की जाती कि निम्न दस्तावेज की कमी बताकर उन्हें रिटर्न कर दिया जाता है, जो कार्मिक कि अपने कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है। ऐसे में पूर्व में लगे अनुभवी कार्मिक नियुक्त करने की मांग की गई है। जिससे राज्य सरकार कि मंशा अनुसार सात दिवस में आमजन को प्रमाण पत्र प्राप्त हो सके।

## उदयपुर की टीम ने खसरों का किया सीमांकन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** उदयपुर की तीन सदस्यीय टीम ने ईटीएस व डीजीपीएस मशीन से अंबाजी मार्ग पर स्थित एक होटल के पीछे तीन खसरों की पैमाइश एवं सीमांकन किया। इस दौरान क्षेत्र के पटवारी मौजूद रहे।अंबाजी मार्ग पर होटल के पीछे स्थित खसरा 921 रकबा 01.2908 है। खसरा 922 रकबा 0.3541 व 1485/908 करीब 0.9737 है। कुल तीन खसरे का रकबा 1.6186 है। इस भूमि का ईटीएस व डीजीपीएस मशीन से सीमांकन करने के निर्देश दिए गए। उदयपुर के भू-प्रबंधन अधिकारी की ओर से तीन सदस्यीय टीम गठित की गई। जिसके चलते निरीक्षक जयदेव रावत, पटवारी



आयुष जैन, पटवारी अविनाश ईनाणी सीमा ज्ञान के लिए मौके पर पहुंचे। ईटीएस व डीजीपीएस मशीन से सीमांकन कार्य किया। जांच टीम की ओर से जांच रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट के आधार पर सेटलमेंट की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। उदयपुर से पहुंची तीन सदस्य टीम के सहयोग के लिए आबूरोड तहसीलदार की ओर से चार सदस्य टीम नियुक्त की गई। कार्रवाई के लिए नायब तहसीलदार आसाराम भील को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया। वहीं टीम में सातपुर की भू-अभिलेख निरीक्षक श्रीमती प्रियंका, सातपुर पटवारी अंकित सोनी, क्यारियां पटवार हल्का के पटवारी रविंद्र इस दौरान मौजूद रहे। राजस्व कार्मिक रेकर्ड के साथ मौके पर मौजूद रहे।

## झाड़ियों में अज्ञात कारणों से लगी आग, दमकल ने काबू पाया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** शहर के तहसील मार्ग स्थित भूमि की झाडियों में मंगलवार की दोपहर को अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पालिका की दमकल ने कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब तीन बजे तहसील मार्ग पर रायचंद कॉलोनी की गली नंबर छह के सामने भूमि के किनारे पर पडे कचरे में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवाओं की वजह



से देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण झाडियों में फैल गई। समाजसेवी जितेन्द्रसिंह राव ने इसकी सूचना अधिशासी अधिकारी विनीता प्रजापत एवं पुलिस उप अधीक्षक पुष्पेन्द्र वर्मा को दी। कुछ ही देर में अधिशासी अधिकारी व पुलिस मौके पर पहुंचे तथा पालिका की दमकल की मदद से काफी देर के प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पालिका प्रशासन की सजगता की वजह से समय रहते आग पर काबू पाया जा सका अन्यथा बडा हादसा घटित हो सकता था।

## राजस्थान दिवस पर जिलास्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान दिवस सप्ताह के तहत मंगलवार को जिलास्तरीय महिला सम्मेलन राजकीय महाविद्यालय सिरोही के (विज्ञान भवन) में किया गया। कार्य' म में 15 लाभार्थियों को पीएम सुर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत ऊर्जा विभाग द्वारा इंडक्शन कुक टॉप का वितरण किया गया। लाभार्थी सोनाली भाटी और मीरा को प्रशस्ति पत्र तथा बेबी किट का वितरण किया गया। जिला कलेक्टर अल्पा चौधरी, एडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला, उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक अंकिता राजपुरोहित, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक राजेन्द्र पुरोहित, सीडीपीओ सुबोध जोशी, डीओआईटी जेडी गोविन्द चौधरी, डिस्कॉम एसई हेमेन्द्र जिंदल, अमराराम प्रजापत सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधी एवं महिलाएं उपस्थित थी।





### किसान सम्मेलन आज

राजस्थान दिवस पर बुधवार को किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम होगा। जिलास्तरीय यह कार्य' म राजकीय महाविद्यालय (विज्ञान भवन) सिरोही के छात्रा कक्ष में होगा। यह जानकारी एडीएम डॉ. दिनेश राय सापेला ने दी।

## एएनएम को दिया राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान का प्रशिक्षण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** पंचायत समिति देसूरी सभागार में ब्लॉक की एएनएम को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान का एक दिवसीय प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर ललित व्यास, रमेशदास वैष्णव, राजेन्द्रसिंह राजपुरोहित द्वारा दिया गया। अतिरिक्त विकास अधिकारी की मौजूदगी में स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में स्वस्थ पंचायत के लक्ष्यों पर विशेष ध्यान दिया गया। जिसमें तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाना, शत प्रतिशत टीकाकरण, एनीमिया व कुपोषण मुक्त पंचायत की स्थापना को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान समस्त परिवारों को स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया। मातृ एव शिशु मृत्यु दर को कम करने, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, बाल विवाह व बाल मजदूरी को समाप्त करने का प्रशिक्षण दिया गया।



## एक दिवसीय केम्पस प्लेसमेंट शिविर कल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिला रोजगार कार्यालय कम मॉडल कॅरियर सेन्टर की ओर से गुरुवार को एसबीआई आरसेटी केन्द्र लक्ष्मी नगर सिरोही में एक केम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी राजुसिंह चौहान ने दी।

## चोरी के मामले में नाबालिग संरक्षण में

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** शहर पुलिस ने मंदिर में चोरी के मामले में नाबालिग को संरक्षण में लिया। जिसे सिरोही में बाल संरक्षण समिति को सौप दिया। पुलिस के अनुसार ऋषिकेश रोड स्थित जालाराम मंदिर में चोरी के मामले में एक नाबालिग को संरक्षण में लिया गया। गौरतलब है कि गत 20 फरवरी को देर रात में चोरों ने मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिा था। मंदिर का दानपात्र तोड़कर 12 हजार रुपए चोरी कर लिए थे। इस मामलें में पूर्व में दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

### किसान रजिस्ट्री में सिरोही राज्य में दूसरे पायदान पर

## 81.92 प्रतिशत किसानों का विशिष्ट फार्मर आइडी के लिए पंजीकरण पूरा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिले में एग्रीस्टैक योजना के तहत किसान रजिस्ट्री शिविरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते जिला राज्य में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। राज्य स्तर से प्राप्त 24 मार्च की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार जिले में 65965 पीएम किसान लाभार्थियों के 54 हजार 69 (81.92 प्रतिशत) का पंजीयन किया जा चुका है। जिसके फलस्वरूप सिरोही जिला राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान पर है। जिला कलेक्टर (भू.अ.) अल्पा चौधरी ने बताया कि उपखंड अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वर्तमान में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का कार्यक्रम अपने अंतिम दौर में है तथा मार्च माह के अंतिम सप्ताह में शत प्रतिशत काश्तकारों का पंजीयन किए जाने के लिए डोर-टू डोर संपर्क करना आवश्यक है। अतः वे ईकेवाईसी के लिए ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत क.सहायकों तथा भूमि सत्यापन के लिए पटवारियों की पंचायतवार संयुक्त टीमें गठित कर फार्मर रजिस्ट्री से वंचित काश्तकारों से डोर-टू-डोर संपर्क कर पंजीयन करने के लिए कार्यक्रम जारी कर अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुरुस्त करवाने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** पूर्व पार्षद नवीन सांखला ने रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंप रेलवे स्टेशन के बाहर क्षतिग्रस्त सड़क को दुरस्त करवाने की मांग की। उन्होंने दस दिन में कार्रवाई नहीं होने पर धरने प्रदर्शन की चेतावनी दी। ज्ञापन के अनुसार शहर मुख्य मार्ग सड़क, गांधीनगर ब्रिज के कोने से रेलवे.स्टेशन तक दो वर्ष से सड़क क्षतिग्रस्त है। धरातलीय स्तर पर वास्तविक कार्य नहीं कर आमजन को बदहाल मार्गो से निकलने पर मजबूर कर दिया है। जिला स्तरीय अधिकारी, न्यायाधीश, तहसील कार्यालय अधिकारी, रेलवे कर्मचारी, रेलवे अधिकारी भी इसी रोड से निकलते हैं। एलएंडटी रूडीप का कार्य चल रहा है। अधिकारियों को पाबंद कर शीघ्र रोड का कार्य करवाकर राहत देने की मांग की हैं।

### विश्व क्षय रोग दिवस मनाया



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** एम्स हॉस्पीटल में विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया। डॉ. वीएन गुप्ता, डॉ. रौनक माथुर, डॉ. आसाराम के सानिध्य में क्षय रोग का उपचार, बचाव, व गांव में जागरुकता के लिए रैली निकाली गई। इसमें ब्लॉक के एसटीएस, एसटीएलएस, बलबीरसिंह, निर्मल बनर्जी, स्वच्छ कार्यालय के मुख्य ब्लॉक समन्वयक श्रीमती रेणु अग्रवाल, मुख्य समन्वयक श्रीमती हेमलता चौहान, समन्यवक बदाराम, रुपाराम आदि मौजूद थे।

### ओएचइ ब्रेक डाऊन से रेल यातायात प्रभावित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** पश्चिम रेलवे के गेरतपुर वटवा रेलखंड के मध्य तकनीकी कारणों (ओएचई ब्रेक डाऊन) से रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार कार्य के चलते उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। गाड़ी संख्या 12478 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा-जामनगर रेलसेवा 23 मार्च को श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से प्रस्थान करेगी। वह परिवर्तित मार्ग रतलाम, चितौडगढ़, बेडच, उदयपुर सिटी, हिम्मतनगर, अहमदाबाद, विरमगाम होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 11090, पूणे भगत की कोठी रेलसेवा जो 23 मार्च को पूणे से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग वडोदरा, रतलाम, चन्देरिया, अजमेर, मारवाड़ जं. होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 15046 ओखा-गोरखपुर रेलसेवा जो 23 मार्च को ओखा से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग अहमदाबाद, असारवा, हिम्मतनगर, उदयपुर सिटी, बेड़च, रतलाम होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 09417 अहमदाबाद. दानापुर रेलसेवा जो 24 मार्च को अहमदाबाद से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग अहमदाबाद, असारवा, हिम्मतनगर, उदयपुर सिटी, बेड़च, रतलाम होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14702 बांद्रा टर्मिनस श्रीगंगानगर रेलसेवा जो 23 मार्च को बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग बड़ोदरा, रतलाम, चंदेरिया, अजमेर, फुलेरा, रींगस होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 16312 तिरुवनंतपुरम-श्रीगंगानगर रेलसेवा जो 22 मार्च को तिरुवनंतपुरम से संचालित होकर परिवर्तित मार्ग बड़ोदरा, रतलाम, चंदेरिया, अजमेर, मारवाड़ जंक्शन होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14808, दादर-जोधपुर रेलसेवा जो 24 मार्च को दादर से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग बड़ोदरा, रतलाम, चंदेरिया, अजमेर, मारवाड़ जंक्शन, लूणी होकर संचालित होगी।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सरगरा समाज की धर्मशाला मेंसरगरा समाज भीतरोट पटटा के नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कन्हैयालाल खरे, सचिव गोपाल, सह सचिव धर्मशाला प्रबंधक अचलाराम का आबूरोड पटा के पंचों ने स्वागत किया। अध्यक्ष ने सभी को एक सूत्र में बांधकर आगे कार्य करने पर विचार व्यक्त किए। चुन्नीलाल चौहान, नारायणलाल परिहार, प्रेमचंद चौहान, किशनलाल चौहान, हीरालाल परमार, शंकरलाल परिहार, हरिओम, महेंद्र मारू, जगदीश, भगवतमल, पंकज भूरा आदि समाज बंधु उपस्थित थे।

### अघोषित बिजली की कटौती से आमजन परेशान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** गर्मी का मौसम आते ही डिस्कॉम की ओर से अघोषित बिजली कटौती करने के कारण दिनभर जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को सवेरे दस बजे से लेकर शाम को करीब छह बजे तक बिजली कटौती की गई। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली बंद होने से तहसील, उप कोष कार्यालय, पालिका एवं अस्पताल समेत अन्य कार्यालयों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस मामले में डिस्कॉम के एईएन अमृत जाटव से जानकारी ली तो उन्होनें बताया कि रेलवे ठेकदार की ओर से 33 केवी की लाइन तोड़ी थी। इसलिए लाइन बंद रही। जबकि संबधित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाई के बारे मे जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि इस पर कार्रवई जेईएन लोकेश सालवी करेंगे। रेलवे अधिकारी सुनील कुचवाहा ने बताया कि डिस्कॉम ने रेलवे परिधि मे केबल डाली है और लाइन डालने के नियमों को भी दरकिनार कियास है। जिसके कारण केबल कट गई है।



# केकेआर-आरआर को वापसी की उम्मीद

## दोनों टीमों को पहले मैच में मिली थी हार

**गुवाहाटी।** कोलतातानाइटराइडर्स को आईपीएल 2025 के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सात विकेट से हराया था तो राजस्थान रॉयल्स को सनराइजर्स हैदराबाद ने 44 रन से मात दी थी। अब जब बुधवार को दोनों टीम आमने-सामने होंगी तो गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम (एसीए स्टेडियम) का माहौल और गरम हो जाएगा। दोनों टीम इस मैच में जीत हासिल करना चाहेंगी।

### खुशनुमा होगा मौसम

गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स का दूसरा होमग्राउंड है। देश के पूर्वोत्तर के सबसे बड़े शहर के मौसम पूर्वानुमान पर नजर डाले तो 26 फरवरी का दिन गर्म रहने की उम्मीद है। जो पारा दोपहर में 34 डिग्री पर चढ़ा रहेगा वो मैच खत्म होते-होते 23 डिग्री पर आ गिरेगा। बारिश की कोई संभावना नहीं है। पिच की बात करें तो एसीए स्टेडियम में अबतक आईपीएल के चार मैच हुए हैं। जिसमें पहले बैटिंग करने वाली टीम ने दो बार तो दूसरी बैटिंग वाली टीम ने एक मुकाबला जीता है। एक मैच बेनतीजा रहा है। पहली पारी का एवरेज टोटल 180 रन है। ईडन गार्डंस की पिच पर फिल साल्ट और विराट कोहली ने चक्रवर्ती के खिलाफ आसानी से रन बटोरे। नाइटराइडर्स की टीम को उम्मीद होगी कि यह स्पिनर गुवाहाटी में वापसी करने में सफल रहेगा। निगाहें तो एनरिक नोर्किया की फिटनेस पर भी टिकी रहेंगी जो पीठ की जकड़न से उबर रहे हैं।



### आरआर के सामने कई चैलेंज

- राजस्थान की टीम को अगर वापसी करनी है तो उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सनराइजर्स के खिलाफ पिछले मैच में उसके लीड पेसर जोफ्रा आर्चर ने चार ओवर में 76 रन लुटाए जबकि फजल हक फारूकी और महेश तीक्षणा भी बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा पाए थे। इन सभी के पास गुवाहाटी में वापसी करने का मौका रहेगा। राजस्थान के कार्यवाहक कप्तान रियान पराग अपने होम ग्राउंड पर पिछले मैच वाली गलतियां नहीं दोहराना चाहेंगे।



### कोलकाता नाइटराइडर्स का स्क्वॉड

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनीत सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नोर्किया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नरेन, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया.

### राजस्थान रॉयल्स का स्क्वॉड

रियान पराग (अस्थायी कप्तान), संजू सैमसन, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल राठौड़, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, नीतीश राणा, युद्धवीर सिंह, जोफ्रा आर्चर, महेश तीक्षणा, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, क्वेना मफाका, अशोक शर्मा, संदीप शर्मा.

# ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे ईशान

## सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में लखनऊ सुपर जायंट्स के दो खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के ईशान किशन ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन दूसरे और मिचेल मार्श तीसरे स्थान पर हैं। ईशान ने 1 मैच में 106 रन बनाए हैं। ईशान ने सिर्फ 47 गेंदों में 106 रनों की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 225.53 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। इस दौरान ईशान ने 11 चौके और 6 छक्के लगाए थे। जिसकी वजह से उनकी टीम ने 286 रनों का स्कोर खड़ा किया था। उनकी इस पारी ने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हैदराबाद ने यह मैच आसानी से 44 रनों से जीता था। इस सीजन में अब तक सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के पूरन हैं। उन्होंने 1 मैच खेलकर 75 रन बनाए हैं। पूरन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सोमवार को 250 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस पारी के दौरान पूरन ने 6 चौके और 7 छक्के लगाए। तीसरे नंबर लखनऊ के ही ओपनर बल्लेबाज मार्श हैं। मार्श ने भी दिल्ली के खिलाफ 200 की स्ट्राइक रेट से 36 गेंदों में 72 रन बनाए। मार्श ने इस दौरान 6 चौके और इतने ही छक्के लगाए। जिस वजह से उनकी टीम ने दिल्ली के खिलाफ 209 रनों का लक्ष्य रखा। इसके बावजूद उनकी टीम यह मैच जीतने में नाकामयाब रही।



# आशुतोष ने धो डाला



दूसरों के कपड़े धोने वाले खिलाड़ी ने लखनऊ को रौंदा

**नई दिल्ली।** आशुतोश शर्मा ने लखनऊ के खिलाफ 5 छक्के और 5 चौकों के दम पर नाबाद 66 रनों की पारी खेली। इस खिलाड़ी ने विपराज निगम के साथ महज 19 गेंदों में अर्धशतकीय साझेदारी भी की और इस तरह दिल्ली ने लखनऊ के मुंह से मैच छीना। दिल्ली कैपिटल्स की टीम लखनऊ के खिलाफ संघर्ष कर रही थी। उसने महज 6.4 ओवर में 5 विकेट खो दिए थे। मैगर्क, समीर रिज्वी, अक्षर पटेल, डुप्लेसी सब आउट हो गए थे, इसके बाद आशुतोष शर्मा क्रीज पर आए और उन्होंने भी मुसीबत का सामना किया। आशुतोष ने पहली 20 गेंदों पर 20 ही रन बनाए, लेकिन अगली 11 गेंदों पर उन्होंने 46 रन बना डाले। आशुतोष शर्मा ने अपनी हिटिंग 16वें ओवर से शुरू की। इस खिलाड़ी ने प्रिंस यादव के ओवर में 3 चौके और एक छक्का लगाकर अपने इरादे साफ कर दिए। 18वें ओवर में आशुतोष ने रवि बिश्नोई के ओवर में भी 2 छक्के और एक चौका लगाकर मैच को रोमांचक बना दिया। 19वें ओवर में प्रिंस यादव के ओवर में फिर आशुतोष वर्मा ने एक छक्का और एक चौका लगाया। अब दिल्ली को आखिरी ओवर में 6 रन की दरकार थी। मोहित शर्मा पहली गेंद पर आउट होने से बचे और दूसरी गेंद पर उन्होंने एक रन ले लिया।

# अर्जुन को लेकर योगराज सिंह का बड़ा दावा

## 6 महीने में बना देंगे महान बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** युवी के पिता योगराज सिंह ने सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर को लेकर बड़ा बयान दिया है। योगराज सिंह ने दावा किया है कि यदि अर्जुन उनके पास रहकर 6 महीने ट्रेनिंग करते हैं तो वे उन्हें दुनिया का सबसे महान बल्लेबाज बना देगें। योगराज सिंह का यह बयान सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। राजस्थान रॉयल्स और किंग्स पंजाब के पूर्व खिलाड़ी तरुवर कोहली को दिए गए इंटरव्यू में योगराज सिंह ने कहा कि "अर्जुन तेंदुलकर को अपनी बल्लेबाजी पर अधिक ध्यान देना चाहिए"। तरुवर कोहली के यूट्यूब चैनल पर योगराज सिंह ने कहा "अगर अर्जुन अभी मेरे पास आते हैं, तो मैं उन्हें छह महीने में दुनिया का सबसे महान बल्लेबाज बना दूंगा। कोई नहीं जानता कि उनके पास बल्लेबाजी में कितनी क्षमता है। वह 12 दिनों तक मेरे साथ थे, उन्होंने रणजी ट्रॉफी में डेब्यू करते हुए शतक बनाया। क्या किसी को इसका एहसास हुआ?"



# पंत की एक गलती पड़ी भारी



## रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने दर्ज की जीत

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने रोमांचक मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा दिया। दिल्ली ने यह मैच महज एक विकेट से जीता। लखनऊ ने 210 रनों का लक्ष्य दिया था। इसके बावजूद टीम हार गई। दिलचस्प बात यह रही कि मैच आखिरी ओवर तक पहुंचा। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत से आखिरी ओवर में एक गलती हो गई, जो कि पूरी टीम पर भारी पड़ गई। पंत से एक स्टम्पिंग नहीं हो पायी। वे गेंद को पकड़ नहीं पाए। दरअसल दिल्ली ने 19 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान के साथ 204 रन बना लिए थे। टीम को जीत के लिए छह रनों की जरूरत थी। आशुतोष शर्मा और मोहित शर्मा बैटिंग कर रहे थे। लखनऊ ने शाहबाज अहमद को ओवर सौंपा। दिल्ली की ओर से स्ट्राइक पर मोहित थे। इस ओवर की पहली ही गेंद पर ऋषभ पंत ने स्टम्पिंग का मौका गंवा दिया। हालांकि इसके बाद एलबीडब्ल्यू के लिए रिव्यू लिया, जो कि काम नहीं आ सका। शाहबाज की पहली गेंद पर मोहित शर्मा रन नहीं ले पाए और दिल्ली ने यहां मैच भी गंवा दिया। इस ओवर की दूसरी गेंद पर शाहबाज ने सिंगल लिया और स्ट्राइक आशुतोष शर्मा को दे दी। आशुतोष ने ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का लगाकर दिल्ली को मैच जिता दिया। उन्होंने इस मुकाबले में 31 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 66 रन बनाए। इस दौरान 5 चौके और 5 छक्के लगाए।

# तो क्रिकेटर नहीं, पायलट होता



**नई दिल्ली।** अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और मुश्किल कैच लपकने के कारण विश्व क्रिकेट में अपनी खास पहचान बनाने वाले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स ने दिलचस्प बयान दिया है। 300 पुशअप्स लगाने की ताकत रखने वाले क्रिकेटर का कहना है कि अगर उनके पास दुनिया का सारा पैसा होता तो वह क्रिकेटर के बजाय पायलट बनना पसंद करते।

फिलिप्स को उड़ान भरना पसंद है और जब उन्हें इसके बारे में पूछा गया तो आईपीएल में गुजरात टाइटंस की तरफ से खेल रहे इस ऑलराउंडर ने कहा, 'यह मेरा बहुत बड़ा जुनून है। अगर मैं क्रिकेट नहीं खेल रहा होता और मेरे पास दुनिया का सारा पैसा होता। तो ईमानदारी से कहूं तो शायद मैं एक पायलट बन गया होता। मुझे हवा में तैरना पसंद है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मा यह 28 वर्षीय क्रिकेटर न्यूजीलैंड की तरफ से तीनों प्रारूप में खेलता है। वह दो सीट वाला सेसना 152 विमान उड़ा चुके हैं, लेकिन क्रिकेट में व्यस्त होने के कारण वह अपने इस शौक को पूरा नहीं कर पाते हैं। फिलिप्स को विश्व क्रिकेट में सबसे चपल क्षेत्ररक्षक माना जाता है।

## म नो रं ज न




# प्यार की तलाश में नताशा

एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक और क्रिकेटर हार्दिक पांड्या ने मई 2020 में शादी की थी और जुलाई 2024 में दोनों ने एक-दूसरे से तलाक ले लिया था। तलाक के बाद हार्दिक पांड्या का नाम एक्ट्रेस जैस्मिन वालिया के संग जुड़ा तो वहीं नताशा को लेकर भी अब बड़ी खबर सामने आ रही है कि वे अपने दोस्त एलेक्जेंडर इलिक को डेट कर रही हैं। अब नताशा ने खुद इस बात को कंफर्म किया है कि वे तलाक के बाद दोबारा एक अच्छे प्यार की तलाश कर रही हैं। एक्ट्रेस नताशा ने हाल ही एक इंटरव्यू में कहा कि बीता साल काफी चुनौतीपूर्ण था। जैसा कि मैं आने वाले समय को देखती हूं, मैं बिल्कुल नए एक्सपीरियंस, मौकों और प्यार के लिए तैयार हूं।

# आमिर का बॉलीवुड बिजनेस मॉडल पर सवाल

बॉलीवुड फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर पा रही हैं। बहुत ही कम फिल्में हैं जिन्हें देखने के लिए लोग सिनेमाघर जाते हैं नहीं तो ओटीटी पर रिलीज होने का इंतजार करते हैं और आठ हफ्ते बाद फिल्म को घर पर बैठकर आराम से देख लेते हैं। इसी वजह से बॉलीवुड फिल्में बजट भी पूरा नहीं कर पा रही हैं। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने फिल्मों के फ्लॉप होने पर बात की है। आमिर खान ने फिल्में फ्लॉप होने के पीछे की वजह बताई है। उन्होंने इंडस्ट्री के बिजनेस मॉडल पर सवाल उठाए हैं। आमिर के इस जवाब को लोग सही भी बता रहे हैं। आमिर खान ने कहा- इंडस्ट्री पूरी दुनिया में है और ये सिर्फ हम कर रहे हैं। हम ऑडियन्स को कह रहे हैं कि हमारी फिल्म आ रही है आप आकर देखिए, टिकट ले लो। और अगर टिकट नहीं लिया तो आठ हफ्ते बाद हम आपके घर आकर ये छोड़कर जाएंगे। हम ये कर रहे हैं। मैं इसमें कुछ भी गलत कह रहा हूं तो आप बताइए। मेरी फिल्म आ रही है आप आकर देखिए और अगर आप नहीं आ रहे हैं तो मैं 8 हफ्ते बाद आपके घर ये लेकर आ रहा हूं। वो भी फ्री में, फ्री में भी नहीं बल्कि आप उसके पैसे पहले ही दे चुके हैं।





# हंसल मेहता पर भड़कीं कंगना



एक्ट्रेस और बीजेपी एमपी कंगना रनौत ने एक्स पर एक लंबा पोस्ट किया है और फिल्ममेकर हंसल मेहता पर गुस्सा जाहिर किया है। दरअसल, हंसल मेहता ने एक पोस्ट कर ये सवाल किया था कि क्या कंगना का घर तोड़ा गया था। कंगना ने इसका जवाब दिया और हंसल मेहता को उनके मामलों से दूर रहने के लिए कहा है। कंगना ने लिखा- 'मुझे "हरामखोर" जैसे नामों से बुलाया। मुझे धमकियां दीं। देर रात मेरे वॉचमैन को नोटिस थमाया गया। अगली सुबह, कोर्ट खुलने से पहले ही बुलडोजर लाकर मेरा पूरा घर तोड़ दिया गया। हाई कोर्ट ने इस तोड़फोड़ को गैरकानूनी बताया।' कंगना ने आगे लिखा, 'जिन लोगों ने ये सब किया उन्होंने मेरे दर्द और मेरी पब्लिक बेइज्जती पर हंसी उड़ाई। ये लोग वही हैं जो आज अभिव्यक्ति की आजादी की बात करते हैं, लेकिन जब मेरे साथ ये सब हुआ, तब उनकी आंखें बंद थीं। हंसल जी, ये कोई थर्ड-क्लास सीरीज या आपकी बनाई गई घटिया फिल्में नहीं हैं। जहां आप अपनी झूठी कहानियां और एजेंडा बेच सकते हैं। मुझसे जुड़ी चीजों में अपना झूठ और एजेंडा मत बेचिए। इससे दूर रहिए।'हंसल मेहता ने एक्स पर लिखा था- क्या कंगना का घर तोड़ा गया था। क्या गुंडे उनके घर में घुसे थे? क्या उन्होंने ऐसा उनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को चुनौती देने के लिए किया या कथित FSI उल्लंघन के लिए? मुझे बताएं।

# 'अमिताभ हमेशा मेरे ही रहेंगे'

एक जमाने में अमिताभ बच्चन और रेखा के अफेयर के खूब चर्चे रहे हैं। दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया और उस बीच उनके रिलेशनशिप की खबरें भी खूब आती थीं। दिलचस्प बात है कि उस समय बिग बी की जया से शादी हो चुकी थी। लेकिन साथ में फिल्मों की शूटिंग के दौरान अमिताभ और रेखा एक-दूसरे से प्यार कर बैठे। उस बीच जया बच्चन ने कुछ ऐसा किया, जिसकी वजह से अमिताभ बच्चन और रेखा को अलग होना पड़ा। हाल ही में राइटर और फिल्म हिस्टोरियन हनीफ जावेरी ने बताया कि जया बच्चन ने कैसे अमिताभ बच्चन और रेखा का रिश्ता खत्म कर दिया था।



मेरी सहेली पॉडकास्ट पर हनीफ जावेरी के बताया कि 'दो अंजाने' की शूटिंग के दौरान रेखा और अमिताभ बच्चन के बीच नजदीकियां बढ़ीं थी। उन्होंने कहा, 'वे दोनो बहुत करीब आ गए थे और मुझे नहीं पता कि वे कैसे प्यार में पड़े, लेकिन वे 100 फीसदी प्यार में थे। उसके बाद जब 'कुली' के सेट पर अमिताभ बच्चन का एक्सीडेंट हुआ तो जया बच्चन ने उनका साथ दिया। 24-24 घंटे उनके साथ रहना, उनकी देखभाल करना और डॉक्टरों से मिलना। जब अमिताभ को होश आया और उन्हें ये पता चला तो उनका झुकाव जया की तरफ ज्यादा हो गया। हनीफ जावेरी ने बताया कि जया बच्चन ने किस तरह अमिताभ और रेखा के बीच रिश्ता खत्म करवा दिया था। उनके अनुसार, 'जया बच्चन ने रेखा को अपने घर में लंच पर इनवाइट किया था। उस वक्त अमिताभ घर पर नहीं थे। उन्होंने रेखा को अच्छे से खाना खिलाया और खूब सारी बातें कीं। जब रेखा के जाने का टाइम आया, तो जया बच्चन ने उनसे कहा देखो अमिताभ मेरे हैं, मेरे थे और हमेशा मेरे ही रहेंगे। जया की इन बातों का रेखा पर बहुत बड़ा असर पड़ा था और फिर उन्होंने पीछे हटने का फैसला किया था।इसके बाद अमिताभ बच्चन और रेखा ने साथ में काम करना ही बंद कर दिया था।

# गुलाबी लहंगे में रेखा का कहर



बॉलीवुड की एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा ने एक बार फिर उमराव जान बनकर लोगों का दिल जीत लिया है। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। रेखा को हिंदी सिनेमा की एवरग्रीन एक्ट्रेस कहा जाता है। जो एक्टिंग से दूर होकर भी अपने कातिल लुक के जरिए फैंस के दिलों पर छाई रहती हैं। दरअसल इंडस्ट्री के फेमस सेलिब्रिटी फोटोग्राफर डब्बू रतनानी ने अपने इंस्टाग्राम पर रेखा की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें एक्ट्रेस सालों बाद उमराव के रूप में नजर आई। इन तस्वीरों में रेखा गुलाबी लहंगे में बेहद ही नजाकत के साथ कैमरे के लिए पोज दे रही हैं। उनकी ये लुक फैंस को एक बार फिर गुजरे जमाने में ले गया है। रेखा ने अपना लुक माथा पट्टी, नथनी, गले में हैवी नेकलेस, सेटल मेकअप और बालों में एक लंबी चोटी बनाकर कंपलीट किया। वहीं सिल्क दुपट्टा उनके सिर खूब जचा रहा है। रेखा ने अपना लुक माथा पट्टी, नथनी, गले में हैवी नेकलेस, सेटल मेकअप और बालों में एक लंबी चोटी बनाकर कंपलीट किया। वहीं सिल्क दुपट्टा उनके सिर खूब जचा रहा है।

# एमआइटीएस के 'जेस्ट-2025' का आगाज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** एमआइटीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस जाइन के तत्वावधान में बेहतर शिक्षा के साथ विद्यार्थियों की टेक्निकल और मैनेजमेंट स्किल्स को डवलप करने, प्रतिभा को निखारने और उचित मंच देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय महोत्सव 'जेस्ट-2025' का मंगलवार का शुभारंभ हुआ। आयोजन के तहत कई प्रतियोगिताएं होंगी। प्रथम दिवस वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन एवं द्वितीय दिवस गुल्ली ि केट, फेमलेस कुकिंग, बीजीएमआइ, ट्रेजर हंट, थ्री लेग बलून रेस, बारात डांस एवं तृतीय दिवस म्यूजिकल चेयर, सिंगिंग, डांस, फैशन शो, एवार्ड सेरेमनी और डीजी नाइट का आयोजन किया जाएगा। कार्य' म के माध्यम से उन विद्यार्थियों को भी मंच पर आने का मौका मिलेगा जो रचनात्मक प्रतिभा होने के बावजूद अवसरों की कमी के कारण पीछे रह जाते हैं।



उदघाटन समारोह में एमआइटीएस के निदेशक ने उत्कृष्ट कार्य' म की सफलता के लिए आयोजन टीम और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि इस आयोजन से निसंदेह विद्यार्थियों को लाभ होगा। इस आयोजन में विभिन्न विषयों की विस्तृत श्रृंखला पर आकर्षक सत्र, इंटरेक्टिव चर्चा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रदान की जाएगी जो कि विद्यार्थियों के उत्साह का संचार करेगी। उन्होंने विद्यार्थियो से आह्वानन किया की जीवन के हर पन्ने को हमें अपनी उपलब्धियां से भरना है, जीवन में आगे बढ़ने के लिए कृतज्ञता का भाव, टाइम मैनेजमेंट व सकारात्मक सोच जरूरी है। आयोजन के लिए विद्यार्थियों की आयोजन समिति का गठन और हर एक्टिविटी के फैकल्टी कोर्डिनेटर भी नियुक्त किए गए। अंतिम दिन विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

### सांस्कृतिक महोत्सव की बानगी

विद्यार्थियों की अनुसंधान, अन्वेषण क्षमताओं को विकसित करने और प्रतिभाओं को मंच मुहैया कराने के लिए एमआइटीएस द्वारा टेक्नो सोशल फेस्ट जेस्ट-2025 का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। यह एक टेक्नो-मैनेजमेंट फेस्टिवल है, जिसमें विद्यार्थी अपने हुनर और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जेस्ट-2025 की बड़ी खासियत यह है कि इसका पूरा आयोजन छात्र खुद करेंगे। एमआइटीएस की यह एक अभिनव पहल है जो कला, विज्ञान और वाणिज्य के युवा विद्यार्थियों और महत्वाकांक्षी इंजीनियरों को अपने इंजीनियरिंग कौशल, रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। आयोजन के पीछे एक ऐसी परिकल्पना है जहां विद्यार्थियों के तर्कसंगत स्वभाव, वैज्ञानिकता, ज्ञान-विज्ञान, हस्त कौशल, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन शैली को विकसित किया जा सका है। जेस्ट में इस बार इंजीनियरिंग के साथ मैनेजमेंट स्किल्स भी शोकेस करने का मौका मिलेगा, जिसमे स्टूडेंट्स अपनी हुनर और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजन विशेष रूप से कला, विज्ञान वाणिज्य, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में बहु-विषयक वातावरण में सीखने को बढ़ावा देगा और जो विद्यार्थियों को जीवन मूल्य से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी।

# मुख स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

जागरूक टाइम्स संवाददता

**पाली।** जिले में विश्व मुख स्वास्थ्य सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल ने बताया कि चिकित्सा विभाग की ओर से 20 से 26 मार्च 2025 तक जिले भर में कई कार्य' म आयोजित किए जा रहे है। इसी ' म में पाली के बांगड़ अस्पताल में दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. रामनिवास कुमावत, डॉ. आनंदसिंह राठौड़, डॉ. अनिरूद्ध शर्मा, डॉ.टाईनी जैन द्वारा आमजन को मुख स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के तहत लोगों की स् ीनिंग की गई और मुंह की जांच की गई। एएनएम जिला प्रशिक्षण केंद्र में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बांगड़ चिकित्सालय में कार्यरत दंत रोग विशेषज्ञ एवं राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्य' म की जिला नोडल अधिकारी डॉ. टाईनी जैन ने कहा कि राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्य' म एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्य' म के अंतर्गत एएनएम को मुख स्वास्थ्य एवं तंबाकू नियंत्रण पर विशेष सतर्कता बरतने एवं सामान्य जन को इस विषय पर प्रशिक्षित करते हुए आमजन को जागरूक करने की आवश्यकता है। ताकि ओरल कैंसर जैसी भयावह बीमारी से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि एएनएम के माध्यम से बच्चों व गर्भवती महिलाओं के मुख संबंधित रोग की जानकारी देकर जागरूक किया जा सकें। इस मौके पर मुख कैंसर की जांच एवं जागरूकता संबंधित प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से समुदाय में मुख स्वास्थ्य की जागरूकता बढ़ाना, मुख कैंसर की रोकथाम और तंबाकू उन्मूलन को प्रोत्साहित करना है, जिससे स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दिया जा सकें। डेंटल हाइजिनिष्ट गुलशन मेहता द्वारा एएनएम प्रशिक्षणार्थियों को मुख स्वास्थ्य की महत्ता के बारे में, ओरल हाइजिन, टूथब्रूश, ओरल कैंसर लक्षण, गर्भवती महिलाओं को ओरल हाईजिन के बारे में,तंबाकू से नुकसान व दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई।





## खेतलाजी ट्रस्ट पदाधिकारियों का किया स्वागत अभिनंदन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** सारंगवास खेतलाजी ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों का मंगलवार को अम्बेडकर परिसंघ की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया। परिसंघ अध्यक्ष टेकाराम ने कहा कि खेतलाजी धाम की नई कार्यकारिणी को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। ऐसे में धाम का चहुंमुखी विकास हो एवं आने वाले भक्तों को बेहत्तर सुविधाएं मिले, इसको लेकर कार्य युद्धस्तर पर किया जाए। ट्रस्ट अध्यक्ष भगाराम चौधरी ने कहा कि कार्यकारिणी का मुख्य लक्ष्य मेले को सफल बनाना है। इसे लेकर चारों गांव के ग्रामीणों को साथ लेकर मेले की तैयारियां की जा रही है। इससे पूर्व देसूरी अम्बेडकर परिसंघ के पदाधिकारी सारंगवास खेतलाजी धाम पहुंचे। ट्रस्ट के अध्यक्ष भगाराम चौधरी, सचिव महेश चारण, कोषाध्यक्ष मूलाराम मेघवाल सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान परिसंघ के टेकाराम अध्यक्ष, सुरेश भाटी सचिव, ललितेश मेघवाल संयोजक, तुलसीराम बोस, छगन दहिया, ढलाराम मेघवाल, जसाराम मेघवाल, मदन सोलंकी सहित गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे।



**नारलाई।** सारंगवास सोनाणा खेतलाजी तीर्थधाम के वार्षिक मेले एवं मन्दिर व्यवस्था को लेकर नवगठित कार्यकारिणी अध्यक्ष भगाराम चौधरी आना, कोषाध्यक्ष मूलाराम मेघवाल, सचिव महेशसिंह चारण, सह कोषाध्यक्ष दिनेशकुमार लोहार शोभावास का नारलाई ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष मगनाराम चौधरी सहित ग्रामीणों ने साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी रमेशकुमार चौधरी, गणेश चौधरी, ढलाराम सरगरा, प्रेमदास, टेकाराम मेघवाल, किशोरकुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## मानदेय नहीं मिलने से मनरेगा से जुड़े श्रमिक व कार्मिक परेशान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** पंचायत समिति देसूरी के अंतर्गत आने वाली 24 ग्राम पंचायतों में मनरेगा मेटों, श्रमिकों के साथ मनरेगा संविदाकर्मियों को पिछले चार महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं होने से सभी को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। मानदेय नहीं मिलने के कारण श्रमिकों की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में कठिनाई हो रही है। परिवारों की आर्थिक स्थिति गंभीर होती जा रही है। मनरेगा मेटों ने बताया कि मनरेगा श्रमिकों और मेटों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि वे शीघ्रता से आवश्यक कदम उठाकर श्रमिकों को उनका बकाया मानदेय प्रदान करें, ताकि उनकी आर्थिक कठिनाइयां कम हो सकें।

# राजस्थान स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार से 31 मार्च तक विविध आयोजन होगें। इस सिलसिले में जिला कलक्टर एलएन मंत्री के सान्निध्य में जिला परिषद में कार्य' म हुआ। अतिरिक्त जिला कलक्टर अश्विनीसिंह पंवार, सीइओ मुकेश चौधरी, नोडल महिला एवं बाल विकास विभाग के राजेश शर्मा, सहायक नोडल महिला अधिकारिता भागीरथ चौधरी, जिला स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी व महिलाएं मौजूद रही। किसान सम्मेलन आज इसी प्रकार बुधवार को होने वाले किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्य' म में किसानों को विभिन्न योजनाओ में लाभान्वित किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्य' म 12 से 2 बजे तक जिला परिषद में आयोजित किया जाएगा। इसके नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक कृषि होंगे। इनमें कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, पशुपालन आदि विभागों की सहभागिता होगी।

# उपभोक्ताओं को दी जागरूक रहने की सलाह

**उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह कार्य' म के तहत मंगलवार को पेंशन भवन सभागार कलेक्ट्रेट परिसर में उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक हुई। इस दौरान 'टिकाउ जीवन शैली की ओर एक उचित बदलाव' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) ने उपभोक्ताओं को जागरूक रहने संबंधी जानकारी दी। एडवोकेट गजेंद्रसिंह राजपुरोहित ने सौर उर्जा सयंत्र स्थापित करने, उपभोक्ता कानून, उपभोक्ता अधिकार, भ्रमक विज्ञापन, ऑनलाइन शॉपिंग करने तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत कानूनी प्र ि या की जानकारी उपलब्ध कराई। नूतन पहल महिला समिति के अध्यक्ष श्रीमती नूतन बाला कपिला ने उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति उपभोक्ता आयोग में मामला दर्ज कराने संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई। जागरूक उपभोक्ता तथा पाली जिला जनचेतना समिति के अध्यक्ष डॉ. केएम शर्मा ने दैनिक जीवन शैली में पर्यावरण हितेषी कार्यों पर बल दिया। अध्यक्ष सिविल सोसायटी पाली डॉ. राजकमल पारीक ने जलवायु परिवर्तन के दुरूपयोग पर प्रकाश डाला। कार्य' म में उपभोक्ता विषयक क्लब प्रभारी/स्वयं सेवी संस्था पाली जिले के गणमान्य अधिवक्ता तथा जिले के राशन डीलर्स, व्यापार संघ के अध्यक्ष इत्यादि भी उपस्थित रहे। जिला रसद अधिकारी मनजीतसिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं को ऑनलाइन खरीददारी करते समय जागरूक रहने तथा सामग्री की वास्तविक गुणवत्ता अनुसार खरीद करने संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई गई। प्रवर्तन अधिकारी कमलकुमार पंवार ने आभार जताया। बैठक में जिला रसद कार्यालय के जितेन्द्रसिंह आशिया, भरतकुमार, संगीता शर्मा, हेमंत सेन, धर्मपालसिंह, मोहम्मद मकसूद, पुखराज, इब्राहीमखान, रामसिंह, श्रवणकुमार सहित अन्य कार्मिक मौजूद थे।



## शिविर में जांची 80 लोगों की आंखें

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** भैरव आइ हॉस्पिटल बिसलपुर द्वारा ग्राम पंचायत धणी में निःशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 80 लोगों की निःशुल्क जांच की गई एवं 24 लोगों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। इन्हें बिसलपुर आंखों के हॉस्पिटल लेकर निःशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाया जाएगा। कैंप के सफल आयोजन में सरपंच अमृतीदेवी, मोहनलाल, संस्था के कैंप संयोजक राकेश वैष्णव, सुआलाल, निशांतकुमार का योगदान रहा।

## वीर मामाधणी मंदिर पर भजन संध्या आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** ढालोप गांव के नदी किनारे गिराली मार्ग स्थित उज्जैनी वीर मामाजी मंदिर प्रांगण में विशाल भजन संध्या बुधवार को आयोजित की जाएगी। आयोजक दिनेशकुमार, जितेन्द्रकुमार सिन्दरा पदमपुरा ने बताया कि कार्य' म में कलाकार शंकर टांक डायलाना एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएगी।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पूंजी : सिसोदिया

**नगर कांग्रेस की बैठक आयोजित**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली/फालना।** खुडाला फालना नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक बाली विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रभारी देवीसिंह सिसोदिया, पूर्व पीसीसी सदस्य सोमेन्द्र गुर्जर, आहोर प्रभारी ठा अभिमन्युसिंह मेड़तिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष सुनिता गुर्जर, बाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यशपालसिंह शिवतलाव, नगर अध्यक्ष अशोक सैन के सानिध्य में नीलकण्ठ महादेव मंदिर इन्दिरा कॉलोनी में आयोजित की गई। प्रभारी सिसोदिया ने कहा कि यह संघर्ष का युग है। कांग्रेस का कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पूंजी हैं। गुर्जर ने कहा कि बूथ कमेटी को मजबूत करेंगें तभी आने वाले नगरपालिका एवं पंचायतराज चुनाव में कांग्रेस जीत का जश्न मनाएगी। ठा मेड़तिया ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आम कांग्रेस कार्यकर्ता को वरिष्ठजन से जोड़ना है। हमें उनके सुख-दुःख में सदैव साथ रहना होगा। कांग्रेसजन सभी गिले शिकवे भूला कर एकजूटता का संदेश देकर पार्टी को मजबूत करें। शिवतलाव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 36 कौम की सच्ची हितेषी हैं। कांग्रेस कार्यकर्ता अपने आप को कभी कमजोर नहीं समझें। हम सभी संगठित होकर बाली से कांग्रेस को हर कदम पर आगे रखेंगे।



**यह भी रहे मौजूद**

इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, सुरेश राजपुरोहित बारवा, पार्षद भरत चौधरी, श्रीपालसिंह नाथावत, प्रवीणसिंह श्रीसेला, महावीर पुनमिया, दलपतगिरी गोस्वामी, हैप्पी मेवाड़ा, जुगल दाधिच, दीपक गुर्जर, एडवोकेट वि' मादित्य राजपुरोहित, इरफान खान, महेन्द्रसिंह राजपुरोहित बीजापुर, दिलीपसिंह भाटी, मोटाराम चौधरी, सुधांशु गुर्जर, ममता चौहान, मिश्रीलाल मीणा, सुरेश माली, सदर साबिर मौहम्मद छीपा, ईश्वर कंडारा, उत्तमसिंह देवड़ा, हीरालाल मेघवाल, दुदाराम मेघवाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। इस मौके पर खुडाला फालना नगर अध्यक्ष के नामों के लेकर चर्चा की गई। नगर अध्यक्ष अशोक सैन ने सभी का आभार जताया।

**राठौड़ अध्यक्ष मनोनीत**

# भारत विकास परिषद शाखा सुमेरपुर-शिवगंज की कार्यकारिणी घोषित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** भारत विकास परिषद शाखा सुमेरपुर-शिवगंज की आम बैठक, होली स्नेह मिलन एवं वार्षिक चुनाव मानसरोवर होटल सभागार में अध्यक्ष गोविंद कुमार सुथार की ध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महासचिव संदीप बाल्दी, प्रांतीय महासचिव महेन्द्र गहलोत, प्रांतीय पर्यवेक्षक व चुनाव अधिकारी रामकिशोर राठौड़ एवं जिला समन्वय जगदीशचन्द्र मेवाड़ा के सानिध्य में मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रगीत वंदे राठौड़ से कार्य म की शुरुआत की गई। आमसभा की बैठक में सभी मंचासीन अतिथियों का तिलक, मौली, मोतियों की माला एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। शाखा अध्यक्ष सुथार ने स्वागत उदबोधन एवं वर्ष भर के सेवा कार्यो की जानकारी दी। सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल ने वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष सीए गोपाल अग्रवाल ने लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।



### कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव

चुनाव प्र ि या प्रांतीय पर्यवेक्षक रामकिशोर राठौड़ की देखरेख व दिशा-निर्देश में चुनाव प्र ि या शुरुआत की गई। वर्ष 2025-26 के लिए सर्वसम्मति से निर्विरोध दायित्व अधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर पर्वतसिंह राठौड़, सचिव डॉ. देवेंद्रकुमार शर्मा एवं कोषाध्यक्ष चेतन अरोड़ा को मनोनीत किया। रामकिशोर राठौड़ ने पांच प्रमुख बिंदुओं जिसमें कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्य पालन पर जोर देकर अपने जीवन को सरोकार करने का आह्वान किया। प्रांतीय महासचिव महेंद्र गहलोत ने अपने संक्षिप्त अधिवेशन में शाखा स्थापना रजत जयंती वर्ष 2025 में नए कार्य म कर लगातार संपर्क से जुड़े रहने का आह्वान किया। क्षेत्रीय महासचिव संदीप बाल्दी ने शाखा द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और सेवा कार्यों की गुणवत्ता पर जोर दिया। शाखा अध्यक्ष गोविंद कुमार सुथार ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी। राष्ट्रगान के साथ कार्य म का समापन हुआ।

### गुलाल से किया सराबोर

तत्पश्चात होली स्नेह मिलन गुलाल से तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा से किया गया। सदस्यों ने गीत, चुटकुले, हास्य-व्यंग्य का आनंद लिया। मातृ शक्ति ने नृत्य कर सभी को भाव विभोर किया। एक दूसरे पर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्य म में पूर्व अध्यक्ष सोनाराम कुमावत, भंवरलाल जैन, महिला संयोजक मीनाक्षी गहलोत, प्रांतीय महिला संयोजक, प्रमिला गहलोत, नरेंद्र परिहार, गजेंद्रसिंह राणावत, नारायणलाल गहलोत, सुरेश माथुर, गिरजानंद तोषनीवाल, हरीश राठी, गिरीश राठी, विनोद सिंघल, मोहन भाटी, गणेश भाटी, मीठालाल रांका किशोर परमार, मुकेश जैन, पंकज गहलोत, जितेश बांठिया, नेमीचंद बांठीया, रमेश चौहान, महेंद्र गोयल, राजेंद्र त्रिपाठी, अर्पित अग्रवाल, चरणजीतसिंह दुआ, विष्णु अग्रवाल, श्रवण गहलोत, कमलेश मेड़तिया, मदन परमार, राजेंद्रसिंह राणावत, प्रकाश लोहार, दिनेश सुथार, सुरेंद्र सुराणा, दिनेश बोराणा, बाबूलाल जालोरा, नेमाराम मुलेवा, मनीष बांठिया, हिम्मत भाटी, भरत जैन, लक्ष्मण गहलोत, भैरूलाल मौजूद रहे।

# वरिष्ठजन जितड़ा गांव पहुंच ठाकुरजी के करेंगे दर्शन

**वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक आयोजित**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** वरिष्ठ नागरिक समिति की साप्ताहिक बैठक करणसिंह चाली स्थित सभागार में जिलाध्यक्ष डॉ रामलाल मोहबारशा की अध्यक्षता में हुई। महामंत्री नरपतसिंह कुंपावत के अनुसार संगठन की 32 शाखाओं में होने वाले ि याकलापों पर चर्चा की गई। होली स्नेह मिलन समारोह की अखबारों में छपी खबरों की जानकारी दी गई, जिसका सभी ने स्वागत किया। जिला कमेटी के उपाध्यक्ष कृष्णचंद्र जोशी की दोहिती श्रद्धा ओझा द्वारा जय नारायण विश्वविद्यालय जोधपुर से एमकॉम फाइनल में स्वर्ण पदक प्राप्त करने और राजस्थान के राज्यपाल द्वारा सम्मानित किए जाने की सदन को जानकारी दी गई। जिस पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक में एक अप्रेल को वरिष्ठजनों का भ्रमण कार्यक्रम तय कर पाली जिले के जितड़ा गांव पहुंच ठाकुरजी मंदिर में दर्शन आदि का निर्णय किया गया।



वक्ताओं ने बताया कि पौराणिक कथाओं और जनमानस के अनुसार होली के दूसरे दिन ठाकुरजी द्वारिका से जितडा गांव आगर दिनभर विराजते है। ऐसी भी कहावत है कि ठाकुरजी के विराजने पर जितडा गांव के तालाब का पानी 8, 9 इंच स्वतः बढ़ जाता है। ऐसे में इस स्थान व मंदिर का काफी महत्व माना गया है। भ्रमण की सफलता को लेकर महामंत्री कुंपावत, सचिव दिनेश दवे और सदस्य मदनलाल व्यास की कमेटी बनाई गई, जो आने-जाने एवं जलपान आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। बैठक में समिति सदस्य गौतमचंद यति को राज्य सरकार द्वारा लोकतंत्र रक्षक की उपाधि देने तथा 20 हजार मासिक पेंशन देने पर सभी ने खुशी जाहिर की। जिलाध्यक्ष ने यति का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सुमेरसिंह चावड़ा को समिति का आजीवन सदस्य बनाया गया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवरत्नमल गुप्ता, हिम्मतराम फुलवारी, शिवप्रसाद परिहार, रामजीवन तापड़िया, ओटाराम सोलंकी, सुवालाल पेड़ीवाल, कांतिलाल मुथा, विष्णुकुमार गोयल, सज्जनसिंह बोराणा, सुरेशकुमार जालोरा, राजेंद्रकुमार माथुर, गणपतसिंह दहिया, गुलाबदास, जगाराम चौधरी, रामस्वरूप माली, पीसी शाह, चैनसिंह खींची, जगदीशप्रसाद दुबे, माणकचंद तंवर, सुनीलकुमार टॉक, रामलाल गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## महिला सदस्यों ने किया सांस्कृतिक संवाद

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था द्वारा गुरुहरी महंत स्वामी महाराज की निर्देशानुसार महिला मंडल फालना-बाली के तत्वावधान में महिला सदस्यों ने सांस्कृतिक संवाद, नृत्य, प्रसंग कथन, स्नेह मिलन, वीडियो दर्शन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। दीप प्रज्ज्वलन कर ईश्वर स्तुति की गई। इसके बाद में नन्हीं बालिकाओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डॉ. स्वाति टांक, महिला सुरक्षा सहयोगी समिति सचिव अचला शर्मा का तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया गया। शर्मा ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डिम्पल सोनी ने अपने विचारों में स्वामी नारायण भगवान के सान्निध्य में सत्संग का महत्व बताया। कार्य म का संचालन रंजन बेन ने किया। इस मौके पर शारदा बेन, रंजनबेन, टीनाबेन, डिंपल सोनी आदि भी मौजूद थे।

जौहर स्मृति संस्थान श्रद्धांजलि कार्यक्रम

चित्तौड़गढ़ के कण-कण में वीरता की गाथाएं

# राणा सांगा का जीवन स्वतंत्रता, साहस और बलिदान का प्रतीकः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चित्तौड़गढ़/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वीर-वीरांगनाओं का बलिदान हमें सिखाता है कि स्वतंत्रता और सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ की धरती शक्ति, भक्ति, त्याग और तपस्या की तपोभूमि है। यहां कण-कण में वीरता की गाथाएं, पत्थर-पत्थर में इतिहास और कंकर-कंकर में बलिदान की प्रचंड आग धधक रही है।

शर्मा मंगलवार को चित्तौड़गढ़ में जौहर स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम यहां केवल श्रद्धांजलि देने नहीं आए हैं, बल्कि शौर्य और त्याग की भावना को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ दुर्ग राष्ट्रीय अस्मिता और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। यह वह पवित्र भूमि है जहां क्षत्रिय वीर मर मिटने का अपना सौभाग्य मानते थे। मेवाड़ के राज्य चिन्ह में भी आदिवासी प्रतिनिधि का चित्र सामाजिक समरसता को दर्शाता है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जौहर साका स्मारिका का विमोचन तथाप्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इससे पहले उन्होंने किले पर स्थित कालिका माता मंदिर में दर्शन भी किए। समारोह में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम दक, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, विधायक श्रीचंद कृपलानी, सुरेंद्र सिंह राठौड़, चंद्रभान सिंह आक्या, अर्जुन जीनगर, श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज, जौहर स्मृति संस्थान अध्यक्ष रावत नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।




### राणा सांगा थे वीर योद्धा, मातृभूमि की रक्षा के लिए दी प्राणों की आहुति

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया मेवाड़ के वीरों से प्रेरणा लेती है लेकिन इस देश में कुछ ऐसे अराजक तत्व हैं जो अपने वीरों पर अंगुली उठाते हैं। वे भूल जाते हैं कि सूर्य को कलंकित नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि राणा सांगा एक ऐसे योद्धा थे जिन्होंने अपनी मातृभूमि और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। राणा सांगा का जीवन स्वतंत्रता, साहस और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने न केवल मेवाड़ की रक्षा की, बल्कि समस्त भारतवर्ष की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अराजक तत्वों द्वारा दिए गए बयान न केवल राणा सांगा का अपमान है, बल्कि उन सभी योद्धाओं का अपमान है, जिन्होंने सनातन धर्म और इस धरती की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे लोगों को अपनी मानसिकता के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए।

### ऐतिहासिक वैभव को संरक्षित करने का काम कर रही राज्य सरकार

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के ऐतिहासिक वैभव को संरक्षित करने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ संग्रहालय के उन्नयन के साथ महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट को भी धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीतामाता अभयारण्य, ऋषभदेव, गौतमेश्वर मंदिर, मातृ कुण्डिया सहित विभिन्न पर्यटक स्थलों को शामिल करते हुए 100 करोड़ रुपये व्यय कर ट्राइबल टूरिस्ट सर्किट विकसित किया जा रहा है। साथ ही,चित्तौड़गढ़ में संचालित लाईट एंड साउण्ड शो का उन्नयन, छतरंग मोरी-चित्तौड़गढ़ में रोपवे सुविधा देना, 7100 करोड़ रूपये की लागत से चित्तौड़गढ़ एवं भीलवाड़ा के बांधों को भरने सम्बन्धी कार्य किए जा रहे हैं।



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सिरोही के अतिरिक पुलिस अधीक्षक रामेश्वरलाल जी ने मंगलवार को मुंबई प्रवास के दौरान जागरूक टाइम्स कार्यालय में सदिच्छा भेंट दी। जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया। उनकी पत्नी एवं पुत्री भी साथ थीं।

## भांकरोटा फ्लाईओवर आम जनता के लिए खुला

### जयपुर-किशनगढ़ हाईवे पर जाम से मिलेगी राहत, इस रूट के सभी 10 ब्लैक स्पॉट बंद



**जयपुर।** जयपुर-किशनगढ़ हाईवे स्थित भांकरोटा में बने फ्लाईओवर को मंगलवार 25 मार्च से आम जनता के लिए खोल दिया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के साथ जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जयपुर-किशनगढ़ हाईवे पर भांकरोटा में पहले यहां एक ट्रैफिक सिग्नल था। जहां पर वाहन चालकों को 15 से 20 मिनट तक इंतजार करना पड़ता था। कभी-कभी यह समय और भी ज्यादा हो जाता था। इसके बाद इस रूट पर फ्लाईओवर बनाने का फैसला किया गया था। जिसका निर्माण पिछले लंबे वक्त से जारी था।

स्थानीय पार्षद अशोक बोहरा ने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार ने जनता को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की वजह से अब जयपुर की जनता को भांकरोटा के जाम में परेशान नहीं होना पड़ेगा। फ्लाईओवर बनने से न सिर्फ इस रूट पर आने-जाने वालों का समय बचेगा, बल्कि एक्सीडेंट होने की संभावनाएं भी कम होंगी। वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोग और व्यापारियों को भी इसके बनने से काफी फायदा होगा। उल्लेखनीय है कि एनएचएआई की रिपोर्ट के अनुसार, जयपुर-किशनगढ़ हाईवे देश के सबसे व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्गों में शामिल है। 90 किलोमीटर लंबा यह रूट प्रतिदिन 1 लाख से अधिक पैसेंजर कार यूनिट के ट्रैफिक मूवमेंट को झेलता है।

ऐसे में प्रत्येक बड़े जंक्शन पर फ्लाईओवर निर्माण अनिवार्य हो गया है। पिछले चार साल में एनएचएआई द्वारा इस रूट पर 9 फ्लाईओवर बनाए जा चुके थे। इनमें हीरापुरा, नर्सिंगपुरा, दहमीकलां, महलां, गाडोता, मोखमपुरा, सावरदा, पाडासली, बांदर सिंदरी फ्लाई ओवर शामिल हैं। वहीं अब भांकरोटा फ्लाईओवर के बन जाने से इस रूट के सभी 10 ब्लैक स्पॉट्स समाप्त हो गए हैं। इससे जयपुर-किशनगढ़ हाईवे की यात्रा सुरक्षित और सुगम हो गई है।

### हरमाड़ा थाना पुलिस ने चार बदमाशों को किया अरेस्ट

**जयपुर।** पुलिस ने पिकअप चोरी के मामले में सरगना सहित चार बदमाशों को अरेस्ट किया है। सरगना डिमांड पर पिकअप चोरी कर बेचता था। शाहपुरा की वर्कशॉप में पिकअप के पार्टस करने के लिए कटिंग हब बना रखा था। हरमाड़ा थाना पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई तीन पिकअप के पार्टस, इंजन-चैसिस और बॉडी बरामद की है। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार बुडानिया ने बताया- चोरी में सरगना सुनील कुमार सैनी (35) पुत्र गोकुल चन्द निवासी सुलताना झुंझुनूं हाल सुदामापुरी कॉलोनी हरमाड़ा, लालराम सैनी (35) पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी पावटा रोड विराट नगर हाल बस स्टैण्ड विराट नगर, ओमप्रकाश कुमावत (45) पुत्र गणेश कुमावत निवासी गांव खोरी शाहपुरा हाल संचालक कुमावत डीजल वर्कशॉप शाहपुरा और संजय जांगिड़ उर्फ संजू जांगिड़ (31) पुत्र राजेश कुमार जांगिड़ निवासी अजीतगढ़ सीकर हाल श्रीराम वाटिका शाहपुरा हाल संचालक श्री विश्वकर्मा मोटर बॉडी वर्कशॉप शाहपुरा को अरेस्ट किया गया है।

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया वीरांगनाओं को सम्मानित

### बोलीं-शहीदों के शौर्य, पराक्रम और त्याग की मिसाल उनके परिवार



**जयपुर।** सप्त शक्ति कमांड की ओर से सोमवार को वीर नारी एवं वीरांगना मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश की रक्षा में सर्वस्व अर्पण करने वाले वीर जवानों की वीरांगनाओं को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी की ओर से सम्मानित कर उनके त्याग एवं बलिदान को नमन किया गया। उन्होंने कहा- मुझे गर्व है कि मैं भी एक सैनिक की बेटी हूं।

समारोह में जयपुर, दौसा और अलवर जिलों से 67 वीर नारियों ने भाग लिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा- शहीदों के शौर्य, पराक्रम और त्याग की मिसाल उनके परिवार भी है, जो पूरा जीवन तपस्या की तरह निभाते हैं। हमारा समाज वीर नारियों और वीरांगनाओं का सदैव ऋणी रहेगा, चाहे स्वतन्त्रता संग्राम की बात हो या फिर रणभूमि में राखी भेजने वाली माताओं और बहनों के रूप में हमेशा राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा भारतीय सेनाएं हमारे देश का गौरव है, सेना के शौर्य पर हमें गर्व है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सेना सशक्त एवं आत्मनिर्भर हुई हैं। प्रधानमंत्री जी स्वयं सैनिकों के साथ बॉर्डर पर दिवाली त्योहार मनाते है। सैनिकों का भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने में मुख्य योगदान है, यहीं कारण है कि हर देशवासी को इस शौर्य पर अटूट विश्वास है। दीया कुमारी ने कहा नारी सम्मान हमारी भारतीय संस्कृति का अंग है। यह हर्ष का विषय है कि आर्मी वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन (आवा) अध्यक्ष मिसेज मनजिंदर सिंह जी के नेतृत्व में सैनिक परिवारों के कल्याण, बच्चों की शिक्षा, उनके विकास, वीर नारी और विरांगनाओं के सम्मान, सशक्तिकरण के लिए लगातार अनेक कार्यक्रम कर रही है जो कि प्रशंसनीय हैं।

### कन्नड़ एक्ट्रेस ने कबूला- हवाला के पैसों से सोना खरीदा

**बंगलूरू।** गोल्ड स्मगलिंग केस में मंगलवार को रान्या राव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान डायरेक्टरेट ऑफ रेवन्यू इंटेलिजेंस की वकील मधु राव ने कोर्ट को बताया कि रान्या ने सोने की खरीद में हवाला का पैसा इस्तेमाल होने की बात कबूली है। वकील ने यह भी बताया कि अधिकारियों ने रान्या राव के खिलाफ न्यायिक जांच शुरू करने के लिए धारा 108 के तहत नोटिस जारी किया है। इससे अन्य वित्तीय अनियमितताओं का पता चल सकेगा।

बेंगलुरु सेशन कोर्ट ने रान्या की जमानत पर फैसला 27 मार्च तक सुरक्षित रख लिया है। अब तक दो बार रान्या की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। पहले निचली अदालत और दूसरी बार आर्थिक अपराधों की विशेष अदालत जमानत याचिका खारिज कर चुकी है। कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव 3 मार्च को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 14.2 किलो सोने के साथ गिरफ्तार हुई थी।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्व. अरविंद सिंह मेवाड़ को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार सुबह उदयपुर पहुंचे। उन्होंने सिटी पैलेस स्थित शंभु निवास पहुंचकर पूर्व राज परिवार के दिवंगत सदस्य स्व. अरविन्दसिंह मेवाड़ को श्रद्धासुमन अर्पित किए। शर्मा ने स्व. अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक श्रीचंद कृपलानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

## दिल्ली में दौड़ेंगी 5000 नई बसें, सीएम ने बजट में किया एलान

**नई दिल्ली।** दिल्ली की महिलाएं अब बसों में सफर के लिए टिकट के झंझट से बच सकेंगी। सरकार महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा का लाभ दिलाने के लिए यात्रा कार्ड जारी करेगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली सरकार मौजूदा पिंक टिकट प्रणाली की जगह महिलाओं के लिए ये मुफ्त बस यात्रा कार्ड जारी करेगी। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को बजट में इसकी घोषणा की है।

### परिवहन के लिए 12,952 करोड़ रुपये निर्धारित

बजट 2025-26 पेश करते हुए गुप्ता ने घोषणा की कि राजधानी में सार्वजनिक परिवहन और शहरी गतिशीलता में सुधार के लिए परिवहन क्षेत्र के लिए 12,952 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुफ़्त बस सेवाओं का उपयोग करने वाली महिलाओं के लिए निर्बाध, भ्रष्टाचार मुक्त अनुभव सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा गुलाबी टिकटों की जगह एक नया डिजिटल यात्रा कार्ड आएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्ड मिलने पर महिलाएं कभी भी सार्वजनिक बसों में स्वतंत्र रूप से यात्रा करने के लिए अधिकृत हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि बेहतर दक्षता के लिए पूरी प्रणाली को डिजिटल किया जाएगा।

### 5,000 से अधिक नई बसें होगी शामिल

गुप्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ, विश्वसनीय और वैश्विक रूप से मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में वर्तमान में 2,152 इलेक्ट्रिक बसें हैं और 2025-26 तक बेड़े में 5,000 से अधिक नई बसें शामिल की जाएंगी। गुप्ता ने घोषणा की कि शहर की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से शहरी परिवहन परियोजनाओं को लागू करने के लिए केंद्र सरकार के समर्थन से 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा, दिल्ली मेट्रो के विस्तार के लिए 2,929 करोड़ रुपये अलग रखे गए हैं।

## तकनीकी नवाचार से मिलेगी नगरीय विकास को गतिः झाबर सिंह खर्रा

### अभियंताओं की क्षमता संवर्धन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने सोमवार को एमएनआईटी में अभियंताओं की क्षमता संवर्धन के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अभियंताओं से संवाद कर उनका मार्गदर्शन किया। खर्रा ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में सीखने की कोई उम्र नहीं होती है, अभ्यास से ही वह अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो जाता है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में नगरीय विकास विभाग आधारभूत संरचनाओं के नये आयाम स्थापित कर रहा है ।

उन्होंने कहा कि इंजीनियर के रूप में आपका कार्य केवल इमारत बनाना ही नहीं है, बल्कि नगरीय विकास की प्रगति और समृद्धि की नींव को मजबूत करना भी है। आज के तेज़ी से बदलते समय में हमें कुछ नया और अलग सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी नवाचारों से राजस्थान के नगरीय विकास को गति मिलेगी। हमे चाहिए की हम नवीन विचारों को अपनाएं और निर्माण के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और विधियों को सीखें। खर्रा ने कहा कि हमे परंपरा और आधुनिकता को जोड़ते हुए उत्कृष्टता की ओर बढ़ना है।

उल्लेखनीय है कि अभियंताओं को इस एक दिवसीय कार्यशाला में तकनीकी विषयों एवं निर्माण कार्यों से संबंधित विभिन्न तकनीकी नवाचारों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यशाला में विभिन्न सत्र होंगे जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। इस उद्घाटन सत्र में विधायक कुलदीप धनकड़, एमएनआईटी के निदेशक एन पी पाधी, आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा, मुख्य अभियंता यूडीएच अशोक, मुख्य अभियंता आवासन मण्डल अमित अग्रवाल, टीएस मीणा सहित अन्य अधिकारी, एमएनआईटी के प्रोफेसर एवं सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## जयपुर पुलिस कमिश्नर को अपशब्द बोलने वाला कॉन्स्टेबल गिरफ्तार

### वीडियो पोस्ट कर 6 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया था

**जयपुर।** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ सहित कई पुलिसकर्मियों को अपशब्द बोलने वाले कॉन्स्टेबल सुरेन्द्र सिंह को विधायकपुरी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कॉन्स्टेबल सुरेन्द्र ने अपने सोशल मीडिया पर 20 मार्च को एक वीडियो पोस्ट कर 6 पुलिस अधिकारियों सहित एक निजी व्यक्ति के खिलाफ गलत टिप्पणी की थी। इस पर हरजी खटीक की ओर से विधायकपुरी थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए आरोपी कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार कर लिया है। एसीपी अशोक नगर बालाराम चौधरी ने बताया- आरोपी कॉन्स्टेबल सुरेन्द्र सिंह ने 20 मार्च को अपने सोशल मीडिया अकाउंट से 6 पुलिस अधिकारियों को अपशब्द कहे थे। हरजी खटीक की ओर से विधायकपुरी थाने में एक एफआईआर दर्ज कराई गई।

#### घटना के बाद सस्पेंड कर दिया गया था

आरोपी पुलिस कॉन्स्टेबल सुरेन्द्र को घटना के बाद सस्पेंड कर दिया गया था। वह लाइन में ड्यूटी दे रहा था। कॉन्स्टेबल को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। आज आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

#### पुलिस कर रही मामले की जांच

आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी इस प्रकार की कई शिकायत सामने आई हैं। इनकी जांच की जा रही है। वहीं, आरोपी कॉन्स्टेबल से पूछताछ की गई तो उसने नशे में होने कारण बताया। पुलिस जांच कर रही है कि आखिर कॉन्स्टेबल ने इतने गंदे शब्दों का इस्तेमाल सोशल मीडिया पर कुछ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ क्यों किये। आखिर वह किस बात को लेकर यह जब बोल रहा था, इस पर जांच की जा रही हैं।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com